हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, शुक्रवार 25 जुलाई, 2025, वर्ष: 34 अंक : 120, मूल्य: 3 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### रांची सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में देशभर में हासिल किया पहला स्थान

रांची(ईएमएस)। रांची के सदर अस्पताल ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।यह उपलब्धि सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार और उनकी टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि यह उपलब्धि प्रशासन, सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और अपर मुख्य सचिव के सहयोग से संभव हो पाई है। डॉ. प्रभात कुमार ने कहा यह उपलब्धि पूरी टीम के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिसमें डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी शामिल हैं।पिछले साल सदर अस्पताल आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में देशभर में दूसरे स्थान पर था, लेकिन इस साल उन्होंने पहला स्थान हासिल किया है।मेडिकल कॉलेज और अन्य सरकारी संस्थानों की श्रेणी में सदर अस्पताल को चौथा स्थान मिला है।सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि वे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

### बीजापुर में 25 नक्सलियों ने किया सरेंडर, 1 करोड़ का इनामी भी शामिल

बीजापुर(ईएमएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल संगठन को एक बार फिर से झटका लगा है। गुरुवार को अलग-अलग इलाके के 25 माओवादी ने सरेंडर किया है। एसजेडसी माओवादी सहित एक करोड़ के इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी ने बस्तर आईजी पी सुंदरराज और बीजापुर एसपी जितेन्द्र कुमार यादव के सामने सरेंडर किया है। उत्तर बस्तर में 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें पांच महिला नक्सली शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में कंपनी कमांडर मंगलू उर्फ रूपेश कोमरा (10 लाख का इनाम) और उत्तर बस्तर डिवीजन के कमांडर-इन-चीफ मैनू नेगी (8 लाख का इनाम) जैसे बड़े नक्सली नेता शामिल हैं। नारायणपुर जिले में आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें चार महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रॉबिन्सन गुड़िया ने बताया कि ये नक्सली मुख्य रूप से हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति में संलिप्त थे।

### पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा की तबीयत में सुधार, स्वास्थ्य मंत्री ने की मुलाकात

रांची(ईएमएस)।पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष और भाजपा नेता कड़िया मुंडा की तबीयत में अब सुधार है।वर्तमान में वे रांची के मेडिका अस्पताल में इलाजरत हैं। गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना और डॉक्टरों से विस्तृत जानकारी ली।डॉ. अंसारी ने बताया कि श्री मुंडा को शरीर में सोडियम और पोटेशियम की असंतुलन की वजह से चक्कर आया था। इसके चलते उन्हें यूरिन करने में परेशानी हुई थी। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। फिलहाल वे अभी डॉक्टर की देखरेख में ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं और उनका इलाज मेडिका के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा और उनकी विशेष टीम कर रही है।

### तेतुलिया लैंड स्कैम : ईडी तीन दिन पुनीत अग्रवाल से करेगी पूछताछ, कोर्ट ने दी अनुमति

रांची(ईएमएस)।बोकारो के व्यवसाई और जेल में बंद लैंड स्कैम के आरोपी पुनीत अग्रवाल से तीन दिन पूछताछ करेगी। पुनीत अग्रवाल से पूछताछ की अनुमति के लिए ईडी ने रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में गुरुवार को आवेदन दिया था, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।पुनीत अग्रवाल से ईडी सोमवार से जेल में ही पूछताछ करेगी। इससे पहले बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि का फर्जी दस्तावेज बनाकर खरीद-बिक्री किए जाने के मामले में सीआईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन से भी एजेंसी पूछताछ कर चुकी है। तेतुलिया लैंड स्कैम की जांच ईडी कर रही है।

### बस खाई में गिरी,8 की मौत

मंडी(ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी में गुरुवार सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से 25 यात्री घायल हुए। एसपी मंडी ने 8 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। घायलों को स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से खाई से निकालकर सरकाघाट अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को एम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बस गुरुवार सुबह करीब 10 बजे जामनी से सरकाघाट की ओर आ रही थी। इस दौरान सरकाघाट-जमनी-दुर्गापुर सड़क पर मसेरन तालगरा के पास अचानक बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई।

### वासेपुर में रंगदारी न देने पर बमबारी, दो आरोपी गिरफ्तार, बारूद और बम भी बरामद

धनबाद। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वासेपुर स्थित कलाली बगान इलाके के रहने वाले मोहम्मद अफजल अंसारी के मकान की पार्किंग में अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की देर रात बम फेंककर भय का माहौल बना दिया।इस मामले में पीड़ित ने बैंक मोड़ थाना में बुधवार को प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि वासेपुर और रहमतगंज के रहने वाले रेयाज उर्फ राजू कलाल, राजू झाड़ी और नाटु कुरैशी ने उनसे 5 लाख की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर आरोपियों ने घर के बाहर बम फेंककर धमकी दी।मामले की गंभीरता को देखते हुए धनबाद एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया।यह जानकारी सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में दो आरोपी राजू झाड़ी और नाटु कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा उनके एक साथी पर दर्ज कराए गए केस से वे नाराज थे। उन्होंने उस केस को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए धमकी स्वरूप बमबारी की।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच सुतली बम, पान मसाले के पांच टीन डब्बे और सफेद प्लास्टिक में पेपर से लिपटा हुआ बारूद जैसा पदार्थ बरामद किया है।

### हिमाचल में लैंडस्लाइड, 345 सड़कें बंद

नई दिल्ली(ईएमएस)। मौसम विभाग ने गुरुवार को आठ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र में रेड, जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, पिछले 24 घंटों में दिल्ली, गोवा, तेलंगाना सहित 6 राज्यों में सबसे ज्यादा बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड से दो नेशनल हाईवे समेत कुल 385 सड़कें बंद हैं। राज्य में 22 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से, अब तक 137 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 लापता हैं। इस दौरान 1382 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति भी नष्ट हो चुकी है।

---

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 21 प्रस्तावों पर मुहर

# हेमंत सोरेन ने शहीद परिवारों को दिया विशेष तोहफा, दी गई नौकरी में छूट

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगी वेतन वृद्धि
'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदलकर "मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक" किया गया

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 21 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। अटल मोहल्ला क्लीनिक की योजना का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक करने की स्वीकृति दी गई। विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि उर्दू सहायक शिक्षकों के 4339 पद से सृजित होंगे। सबसे बड़ी खबर उन परिवारों के लिए है, जिन्होंने उग्रवादी घटनाओं में या देश सेवा करते हुए अपने अर्धसैनिक बल के जवानों को खोया है। कैबिनेट ने ऐसे वीरगति प्राप्त करने वाले जवानों के परिजनों को सरकारी नौकरी की नियुक्ति प्रक्रिया में छूट और एक विशेष अनुग्रह अनुदान देने को मंजूरी दी है. यह फैसला शहीद परिवारों को सहारा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है.

#### एजी का प्रतिवेदन विधानसभा में

राज्य के महाधिवक्ता (एजी) का एक महत्वपूर्ण प्रतिवेदन भी कैबिनेट में स्वीकार कर लिया गया है. अब इसे विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जाएगा. उम्मीद है कि इसमें राज्य से जुड़े कुछ अहम कानूनी और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा होगी.

#### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तोहफा

उन सरकारी कर्मचारियों के लिए भी अच्छी खबर है जो 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होते हैं. उन्हें एक काल्पनिक वेतन वृद्धि देने को मंजूरी दी गई है. यह उन कर्मचारियों



के लिए फायदेमंद होगा जिनकी वेतन वृद्धि केवल कुछ दिनों या महीनों के अंतर से छूट जाती थी.

#### कुछ कड़े फैसले भी

कैबिनेट ने कुछ कड़े फैसले भी लिए हैं. डॉ. रीना कुमारी को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है. हालांकि, इस बारे में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है कि उन्हें क्यों बर्खास्त किया गया है.

#### डालटनगंज में विशेष न्यायालय

डालटनगंज (पलामू) में एक विशेष न्यायालय के गठन को भी हरी झंडी मिल गई है. यह फैसला स्थानीय न्यायिक व्यवस्था को और मजबूत करेगा और मामलों के त्वरित निपटारे में मदद करेगा.

#### पुलिस भर्ती विज्ञापन रद्द

पुलिस और कक्षपाल की नियुक्ति से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विज्ञापन (विज्ञापन संख्या 1720) रद्द कर दिया गया है. यह फैसला क्यों लिया गया, इस बारे में अभी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है. इससे उन उम्मीदवारों में थोड़ी निराशा हो सकती है जो इन पदों के लिए तैयारी कर रहे थे.

#### 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नया नाम

राज्य में चल रहे 'अटल मोहल्ला क्लिनिक' का नाम बदल दिया गया है. अब इन्हें "मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक" के नाम से जाना जाएगा. यह फैसला स्वास्थ्य सेवाओं को मदर टेरेसा के सेवा भाव से जोड़ने का एक प्रयास लगता है.

#### उर्दू शिक्षकों के पदों में बदलाव

प्राथमिक विद्यालयों में सृजित उर्दू शिक्षकों के पद समाप्त कर नए पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है. यह फैसला उर्दू शिक्षा को और प्रभावी बनाने की दिशा में एक सुधार हो सकता है.

#### विधि विज्ञान और आयुष सेवा नियमावली

झारखंड राज्य विधि विज्ञान केंद्र में नियुक्ति नियमावली को मंजूरी मिल गई है, जिससे इस महत्वपूर्ण संस्थान में नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है. इसके अलावा, आयुष स्वास्थ्य सेवा संशोधन नियमावली को भी मंजूरी दी गई है, जिससे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा मिल सकेगा.
कुल मिलाकर, हेमंत सोरेन सरकार की इस कैबिनेट बैठक में कई बड़े और दूरगामी फैसले लिए गए हैं. ये फैसले शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, और सरकारी कर्मचारियों से लेकर शहीद परिवारों तक, राज्य के विभिन्न वर्गों को प्रभावित करेंगे.

---

## पीएम मोदी और कीर स्टार्मर ने किए भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

दाल, चावल, मेवे, मसाले के कारोबारियों के लिए फायदा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर आखिरकार गुरुवार को मोहर लग गई हैं। इसका मतलब है कि अब दोनों देशों के बीच चीजों का लेन-देन और व्यापार पहले से आसान और सस्ता होगा। इस डील के बाद भारतीय बाजार में विदेशी सामान सस्ते होंगे, जबकि भारत से होने वाले निर्यात में बड़ी छलांग लगने की उम्मीद है। दोनों देशों के कारोबारियों और विशेषज्ञों ने समझौते का स्वागत किया है। इससे पहले गुरुवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपने आधिकारिक आवास 'चेकर्स' में




मेजबानी की। दोनों नेताओं ने गंभीर वार्ता से पहले अकेले में बातचीत की। फ्री ट्रेड डील से भारत और ब्रिटेन के बीच आने-जाने वाले सामान और सेवाओं पर लगने वाला टैक्स (शुल्क) बहुत कम होगा। कागजों की भाग-दौड़ और मुश्किल सरकारी प्रोसेस भी बहुत आसान कर दी जाएगी। इससे भारत का एक्सपोर्ट 60 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। दोनों देशों के व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी की उम्मीद है।

#### किन्हें फायदा मिलेगा?

भारत और यूके में फ्री ट्रेड डील से खाने-पीने का सामान, जैसे दाल, चावल, मेवे, मसाले आदि भेजने वाले भारतीय कारोबारी और ब्रिटेन में ऐसी चीजें खरीदने वाले लोगों को फायदा होगा। शराब, बीयर और फूड प्रोडक्ट्स का व्यापार करने वाली कंपनियां पहले भारत से शराब भेजने पर 150 प्रतिशत टैक्स लगता था, अब वह भी कम हो जाएगा। अब बहुत सी चीजें जैसे गाड़ियां, कपड़े, टैक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स दोनों देशों में पहले से सस्ती मिल सकती हैं।

---

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ को लुटियंस जोन में टाइप-8 श्रेणी का सरकारी बंगला आवंटित

8 कमरे, 5 से 6 बेडरूम, लिविंग रूम, डाइनिंग क्या नहीं बंगले में

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस्तीफा देने के बाद पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को लुटियंस जोन में टाइप-8 श्रेणी का सरकारी बंगला आवंटित किया है। यह बंगला आलीशान और बड़े सरकारी आवासों में से एक है, जो उच्च श्रेणी का होता है। सामान्य तौर पर ये बंगले वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों, सुप्रीम कोर्ट के जजों, पूर्व राष्ट्रपतियों और राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों को मिलता है।
टाइप-8 बंगला सरकार द्वारा दिए जाने वाले सबसे हाई क्लास के सरकारी आवासों में से एक है। इनका क्षेत्रफल आमतौर पर 8,000 से 8,500 वर्ग फुट तक है। इसमें 8 कमरे, 5 से 6 बेडरूम, लिविंग रूम, डाइनिंग एरिया, स्टडी रूम, गैराज और बड़े बड़े लॉन होते हैं, जो आगे और पीछे दोनों तरफ होते हैं। इन बंगलों में हाई क्लास सुरक्षा



व्यवस्था होती है, जिसमें 24 घंटे सुरक्षाकर्मियों की टुकड़ी तैनात होती है और सीसीटीवी कंट्रोल रूम होता है। इन बंगलों का डिजाइन भी खास है। अंदर बगीचा और पेड़-पौधों से सजा बड़ा लॉन होता है। ये बंगले इतने बड़े हैं कि इसमें मेहमानों के रुकने और कर्मचारियों के लिए रहने की अलग से व्यवस्था होती है। लुटियंस दिल्ली में बने ये बंगले ब्रिटिशकालीन वास्तुकला के बेहतर नमूने हैं।

---

## अनिल अंबानी के ठिकानों पर ईडी की बड़ी कार्रवाई
### 35 से ज्यादा जगहों पर चल रहा सर्च ऑपरेशन

नई दिल्ली : मनी लॉन्ड्रिंग के एक हाई-प्रोफाइल मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी से जुड़े ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की है. गुरुवार सुबह से दिल्ली और मुंबई में 35 से अधिक परिसरों पर ईडी की छापेमारी चल रही है. सूत्रों के मुताबिक, ये मामला तब सामने आया जब सीबीआई ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की, जिनमें बड़े पैमाने पर आर्थिक गड़बड़ियों के आरोप लगे. इसी के बाद ईडी ने करीब 35 ठिकानों पर रेड डाली है.

#### क्या है आरोप?

जांच में अब तक जो बातें सामने आई हैं, उनके मुताबिक ये एक पूरी प्लानिंग के साथ की गई धोखाधड़ी है, जिसमें बैंकों, निवेशकों और आम लोगों के पैसे को गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया. खास बात ये है कि इसमें बैंकों के बड़े अधिकारियों को रिश्वत देने का भी शक है. खास तौर पर यस बैंक के पूर्व प्रमोटर्स को पैसे देकर बिना किसी गारंटी के भारी-भरकम लोन पास कराए गए.

#### 3000 करोड़ का लोन घोटाला

2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों को करीब 3,000 करोड़ के लोन दिए. ईडी का आरोप है कि इन लोन को पास कराने से पहले यस बैंक के प्रमोटर्स को उनकी निजी कंपनियों में पैसे ट्रांसफर किए गए, यानी 'कुछ दो, कुछ लो' वाली डील हुई.

---

## सीबीएसई का नया नियम, अब हर कक्षा में होंगे सिर्फ 40 बच्चे

नई दिल्ली : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्कूलों की लगातार मांग के बाद एक बार फिर से यह साफ कर दिया है कि खास परिस्थितियों में कक्षा 1 से 12 तक के प्रत्येक सेक्शन में अधिकतम 45 छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति दी जा सकती है, जबकि सामान्य स्थिति में यह संख्या 40 तय है।
सीबीएसई ने साफ किया है कि यह छूट केवल उन्हीं मामलों में दी जाएगी, जहां अतिरिक्त छात्रों को




शामिल करना बिल्कुल जरूरी हो जाए। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि 40 से अधिक छात्रों को केवल असाधारण स्थितियों में ही दाखिला दिया जा सकता है। इसके लिए स्कूलों को निम्नलिखित प्रक्रिया अपनानी होगी:
**कक्षा 9 से 12 तक:** कारण को छात्र के पंजीकरण के समय सीबीएसई पोर्टल पर अपलोड करना होगा और एडमिशन व विदड्रॉल रजिस्टर में भी दर्ज करना होगा।
**कक्षा 1 से 8 तक :** कारण को केवल एडमिशन व विदड्रॉल रजिस्टर में दर्ज करना होगा। सभी मामलों में जानकारी ओएसिस पोर्टल पर भी अपलोड करनी होगी।

---

## चीन और वियतनाम में तबाही मचाने के बाद अब भारत पहुंच रहा तूफान विफा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। वर्तमान में देश में जोरदार मानसून का मौसम है, जो तीखी गर्मी से राहत दिला रहा है लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में इसके चलते ऐसी तबाही मची हुई है कि तस्वीरें देखकर आप दंग रह जाएंगे। खासतौर पर जिन देशों को छूकर विफा तूफान गुजरा है, वहां अलग ही तबाही का मंजर दिखा रहा है। 20 से 23 जुलाई तक तूफान ने अपना विकराल रूप दिखाया है और अब ये बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा है। तूफान विफा ने दक्षिण-पूर्व एशिया में भारी तबाही मचाई, जिसने कई देशों को प्रभावित कर अब ये कमजोर होकर बंगाल की खाड़ी की तरफ आ रहा है। 18 जुलाई को ये तूफा पश्चिमी प्रशांत महासागर में बना। तूफा ने अपनी तीव्र गति और भारी बारिश के लिए जाना जा रहा है। विफा ने 20 जुलाई को लुजोन द्वीप के पास 120 किमी प्रति घंटा की



रफ्तार से प्रवेश किया। तब तक ये कैटेगरी-1 के तूफानों में शामिल था, यहां इस क्रिसिंग नाम दिया गया। तूफान ने भारी बारिश और भूस्खलन से कैगायन वैली और बिकोल क्षेत्रों में तबाही मचाई। तूफान की वजह से 5 लोगों की मौत, 7 लापता और 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए। तूफान से करीब 400 सड़कें और 30 पुल क्षतिग्रस्त हुए। हालांकि साल 2013 के टाइफून हैयान की तुलना में विफा कम शक्तिशाली था, लेकिन इसकी बारिश और भूस्खलन ने स्थानीय समुदायों को गहरा नुकसान पहुंचाया।
इसके बाद 21 जुलाई को विफा ने हॉन्ग कॉन्ग और ग्वांगडोंग में 167 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से लैंडफॉल किया। तब जुहाई और ग्वांगडोंग में 471 पेड़ उखड़े, 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और 26 लोग घायल हो गए। 3 घंटे में 110 मिलीमीटर की बारिश दर्ज की गई। इतना ही नहीं हांगकांग और मकाऊ में सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह से ठप हो गया।
साल 2024 के टाइफून यागी की तुलना में विफा कम तीव्र था, लेकिन इसकी तेज हवाओं ने तटीय क्षेत्रों में भारी नुकसान किया।
इसके बाद 22 जुलाई को हानोई और हंग येन में विफा पहुंचा, तब इसकी रफ्तार थोड़ी कम हो चुकी थी। इस दौरान 102 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से विफा ने लैंडफॉल किया। इस दौरान 500 मिलीमीटर तक बारिश हुई और बाढ़ के चलते सड़कों, स्कूलों और खेतों को नुकसान पहुंचा। 23 जुलाई के बाद विफा अब कमजोर होकर बंगाल की खाड़ी में एक नया मानसूनी सिस्टम बना सकता है।

---

## अत्याधुनिक सुविधाओं वाला भवन बन कर तैयार होगा धनबाद स्टेशन

धनबाद। धनबाद रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास लुक देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मौजूदा स्टेशन भवन के बदले नया अत्याधुनिक सुविधाओं वाला भवन बन कर तैयार होगा। नए स्टेशन भवन का प्रारूप भी तैयार हो गया है जिसकी लागत 495 करोड़ है। सामने और भवन के अंदरुनी हिस्से को ऐसे संवारा जाएगा जिससे मेट्रो शहरों के माल को टक्कर देगा।
उन्नत पार्किंग, प्रवेश और निकास के अलग-अलग द्वार व स्टेशन तक पहुंचने को मार्ग बनेंगे। प्रत्येक प्लेटफार्म के लिए स्वचालित सीढ़ियां और लिफ्ट लगेंगी। दो नए प्लेटफार्म भी तैयार होंगे। अभी आठ से बढ़ कर धनबाद स्टेशन 10 प्लेटफार्म वाला बन जाएगा। स्टेशन पुनर्विकास और मल्टी ट्रैकिंग का काम एक साथ शुरू होगा।




#### धनबाद होकर सोननगर-अंडाल नई डबल लाइन के साथ दो नए प्लेटफार्म

सोननगर से अंडाल तक मल्टी ट्रैकिंग के तहत दो नई रेल लाइन बिछेंगी। नई रेल लाइन परियोजना पहले डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत पूरी होनी थी, जिसे अब मल्टी ट्रैकिंग योजना के तहत पूरी की जाएगी। अतिरिक्त दो रेल लाइन के लिए ही दो नए प्लेटफॉर्म का भी निर्माण होगा। अभी कुल आठ प्लेटफॉर्म हैं। दो नए प्लेटफॉर्म निर्माण होने से 10 प्लेटफॉर्म होंगे। इससे मालगाड़ियों के सुगम परिचालन के साथ नई यात्री ट्रेनें भी चलाई जा सकेंगी।
वर्तमान स्टेशन रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया व पार्किंग के रूप में विकसित होगा।
स्टेशन रोड के सामने रांगाटांड़ रेल कॉलोनी के आवास तोड़ नई सड़क का निर्माण होगा।
रांगाटांड़ के मौजूदा आवासों के बदले कॉलोनी के अंदर नए बहुमंजिला आवास बनेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरायकेला के कांड्रा कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखो रुपए के सामान का हुआ नुकसान

सरायकेला(ईएमएस)।सरायकेला के कांड्रा थाना क्षेत्र में एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। घटना गुरुवार की है और आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। आधुनिक पावर कंपनी की अग्निशमन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।कपड़े की दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने से दुकान में रखे सारे कपड़े जलकर खाक हो गए, जिससे दुकानदार को लाखों का नुकसान हुआ है।सूचना पाकर आधुनिक पावर कंपनी की अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।दुकानदार बिपिन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आग लगने से उनका लाखों का नुकसान हुआ है और उन्हें अपनी दुकान को फिर से शुरू करने में काफी समय लगेगा। दुकानदार ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है और पुलिस जांच कर रही है।

### पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन लुटेरा गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

गोड्डा(ईएमएस)।गोड्डा पुलिस ने अंतर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के कुल पांच सरगना को गिरफतार किया है। ये सभी बिहार व झारखंड के हैं। गिरोह द्वारा अब तक 42 वाहनों की चोरी में अपनी संलिप्तता बतायी गयी हैं। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वाहन चोर गिरोह के पांच सरगना को पुलिस ने पकड़ा है। ये चोर कोडरमा के सतगांवा थाना के रहने वाले अजय कुमार चौधरी,गिरीडीह के संतोष कुमार,मुजफफरपूर बिहार के जितु श्रीवास्तव, व साजन कुमार , लातेहार के चंद्रशेखर कुमार ठाकुर हैं। पुलिस ने निशानदेही पर कुल पांच वाहन सहित वाहन चोरी करने का औजार व कई वाहनें के जाली कागजात को भी बरामद किया हैं।सभी शातिर चोर वाहनों में नया चेसिस नंबर आदि पंच कर दो से तीन लाख रूपये में खपा देता था। पुलिस की गिरफ्तारी चोर द्वरा इस बात की जानकारी दिया गया कि मुजफफपूर के डीटीओ कार्यालय कर्मी का लडका भी चोर को वाहनो के बारे में जानता था,उसके द्वारा नकली वाहन का पेपर खपाकर रकम वसूलता था।कई वर्षों से धंधा चल रहा था। सभी चोरो को अलग अलग जगहों से उठाया गया है तथा न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया हैं। एसपी ने बताया कि चोरो ने बिहार व झारखंड के कई जिलो में चोरी की धटनाओं को अंजाम दिया गया हैं। जिसमें सबसे ज्यादा गोड्डा, चतरा, लातेहार, रांची आदि जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया हैं।

### पीड़ित महिला से प्रशासन ने किया मुलाकात, हुई थी अमानवीय घटना

हजारीबाग(ईएमएस)।हजारीबाग के बरही के जरहिया गांव में महिला उत्पीडन की घटना प्रकाश में आने के बाद जिला प्रशासन की टीम गांव का दौरा कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक टीम पीड़ित परिवार से मुलाकात किया उनका हाल-चाल जाना तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक टीम स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर गांव वालों के साथ जागरूकता अभियान चलाया।बरही बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद की जाएगी। इस प्रकार की घटना कहीं से भी शोभनीय नहीं है।बरही सीओ अमित किस्कू ने कहा की इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले लोगों पर प्रशासन का दंड जरुर चलेगा और किसी को भी बक्सा नहीं जाएगा।दरअसल हजारीबाग के बरही में पिछले दिनों अंधविश्वास की एक और भयावह तस्वीर सामने आई थी।गांव में एक विधवा महिला के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं।महिला को निर्वस्त्र करके पीटा गया, उसके बाल काटे गए, शरीर पर ब्लेड से वार किए गए और तांत्रिक क्रियाएं की गईं थी।

### साहेबगंज में 795 परिवार को पीएम आवास नहीं मिला, हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाईकोर्ट में साहिबगंज जिले के नारायणपुर क्षेत्र के 795 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत अब तक घर नहीं दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।गुरुवार की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में जियाउल हक की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता जितेश कुमार ने पक्ष रखा।उन्होंने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि नारायणपुर इलाका हर साल बाढ़ से प्रभावित होता है। वहां काफी लोग मिट्टी के घरों में रहते हैं, ये घर बाढ़ के पानी से हर साल ढह जाते हैं।वर्षा के मौसम में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो जाते हैं।जिले के डीडीसी ने सभी पात्र लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मुहैया कराने की अनुशंसा की थी और इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश भी दिया गया था।

### लातेहार में राकेश दुबे ने राज्यपाल से दोनों डिग्री कॉलेज खुलवाने की मांग की

लातेहार(ईएमएस)।झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार गुरूवार को पलामू जाने के क्रम में लातेहार परिषदन में अल्प विश्राम के लिए रुके थे।इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने राज्यपाल को पौधा भेंट कर स्वागत किया।मौके पर जिला पुलिस बल के द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दी गयी। स्थानीय परिषदन में ही भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने लातेहार जिला मुख्यालय में बन कर तैयार दोनों डिग्री कॉलेजों को खुलवाने की मांग राज्यपाल संतोष गंगवार से की। इसे लेकर उन्होंने राज्यपाल श्री गंगवार को एक आवेदन सौंपा है।श्री दुबे ने बताया कि लातेहार में मॉडल डिग्री कॉलेज और मॉडल डिग्री महिला कॉलेज का भवन बन कर तैयार है। लेकिन दोनों ही कॉलेजों में अभी तक पठन-पाठन का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।इस कारण यहां के छात्र व छात्राओं को उच्चत शिक्षा के लिए भटकना पड़ रहा है। मौके पर पूर्व जिला परिषद् सदस्य रामदेव सिंह, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांडेय, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव व अनूज तिवारी आदि मौजूद थे।

### आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा: स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प ले चिकित्सक

रांची(ईएमएस)।आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने आह्वान किया है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सक समुदाय को आगे आना होगा। झारखंड को एक स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने में चिकित्सकों को अहम भूमिका निभानी होगी।श्री महतो ने बरियातू स्थित डेंसिटी हेयर ट्रीटमेंट सेंटर में पार्टी से जुड़े चिकित्सकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता काफी कम है। बैठक को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, मुख्य प्रशिक्षक संजय बसु मल्लिक एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया। बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया।श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य में खाट पर मरीजों को ढोया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांकों में झारखंड का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है।श्री महतो ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहाँ प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की कमी आज भी एक गंभीर चुनौती है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में हुई विभागीय योजनाओं की समीक्षा

लातेहार : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को सभी विकास योजनाएं समय पर पूरी करने एवं लाभार्थियों को उनका लाभ देने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने बैठक में अपने स्तर से पंचायत सेवकों के साथ नियमित बैठक करने एवं पंचायत स्तर पर जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवाह निबंधन प्रमाण पत्र के निर्गमन की प्रक्रिया को सशक्त रूप से संचालित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियो को दिया.

उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन को मूलभूत प्रमाण पत्र समयबद्ध एवं सुलभ तरीके से मिलना चाहिए. इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी. समीक्षा के क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रखंड सरयू में आदिम जनजाति छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया. अग्रणी जिला प्रबंधक लातेहार एवं उप डाकपाल, मुख्य डाकघर, लातेहार को आगामी 31 अगस्त तक स्कूली बच्चों का केवाई कराकर बैंक व डाकघर में खाता खोलने का निर्देश दिया गया.




बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि पूर्व के बैठक में जिला के 19 आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं एक स्वास्थ्य केन्द्र में विद्युत कनेक्शन करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को दिया गया था पर वर्तमान में स्वास्थ्य केन्द्र, केचकी, बरवाडीह में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई है. कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति ने बताया कि 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नया विद्युत कनेक्शन कर दिया गया है. बचे हुए 9 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का विद्युत कनेक्शन केन्द्रीय भंडार में मीटर उपलब्ध होते ही एक माह के अंदर करा दिया जाएगा.

बैठक में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक व बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन आदि मौजूद थे.

### कृषि विज्ञान केंद्र जामताड़ा में 17 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई



जामताड़ा। कृषि विज्ञान केंद्र जामताड़ा में 17 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची अंतर्गत संचालित जोनल रिसर्च स्टेशन दुमका के एसोसिएट डायरेक्टर राकेश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र से किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का किस प्रकार से जिले की किसानों को लाभ मिल रहा है इस पर चर्चा की गई। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र में होने वाले रिसर्च तथा किसानों को दी जाने वाली जानकारी की समीक्षा हुई। मौके पर प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई और किस प्रकार से किसानों को इसका लाभ देना है इसके बारे में बताया गया। किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का किस प्रकार से कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालन किया जा रहा है इसकी समीक्षा हुई। मौके पर प्रगतिशील किसानों को वैज्ञानिक तकनीक से खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ राकेश कुमार ने बताया कि इस बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ वैज्ञानिक तथा कृषि विभाग के पदाधिकारी भाग लेते हैं ताकि आपस में चर्चा करने के बाद कई ऐसे मुद्दे निकलकर सामने आते हैं जिससे किसानों की आय को दोगुना किया जा सके या फिर उसे पर काम किया जा सके। प्रगतिशील किसान विमल कांत घोष ने कहा कि आज की बैठक में कई जानकारी दी गई खासकर केंद्र सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया और किस प्रकार से किस वैज्ञानिक तकनीक से खेती करें इसके बारे में जानकारी दी गई। मौके पर विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉक्टर सी एस सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर सुप्रिया सिंह, कृषि पदाधिकारी लव कुमार सहित प्रगतिशील किसान मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

76 वीं औपबंधिक सूची
जिला–गिरिडीह (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी ध्रुवदेव पंडित द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–252/25 2. आवेदक–पतरस मुर्मू , पिता–स्व0 तूडा मुर्मू<br>3. ग्राम–तिलेबोनी , पोस्ट–फुलची , थाना–ताराटांड , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कनपटी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–253/25 2. आवेदक–महाजोन हेम्ब्रोम , पिता–स्व0 बंसो हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–तिलेबोनी , पोस्ट–फुलची , थाना–ताराटांड , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–254/25 2. आवेदक–प्रिसीला हांसदा , पति–शिवाजी मुर्मू<br>3. ग्राम–तिलेबोनी , पोस्ट–फुलची , थाना–ताराटांड , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–255/25 2. आवेदक–मंझली देवी , पति–लोथा टुडू<br>3. ग्राम–तिलैया , पोस्ट–मंझने, थाना–गावां , प्रखण्ड–गावां<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–256/25 2. आवेदक–मो0 अयूब , पिता–अब्दुल अजीज<br>3. ग्राम–जीतकुंडी , पोस्ट–मुरना, थाना–धनवार , प्रखण्ड–धनवार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–257/25 2. आवेदक–शेख इफ्तेखार , पिता–मो0 कलीम<br>3. ग्राम–रकसकुट्टो , पोस्ट–मंडरो, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–258/25 2. आवेदक–मो0 आलम , पिता–मो0 मुसरफ<br>3. ग्राम–गिरनिया , पोस्ट–मंडरो, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–259/25 2. आवेदक–मो0 इनामुल हक , पिता–स्व0 मो0 इस्लाम<br>3. ग्राम–गिरनिया , पोस्ट–मंडरो, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–260/25 2. आवेदक–मो0 बेलाल , पिता–मो0 जमाल<br>3. ग्राम–गिरनिया , पोस्ट–मंडरो, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–261/25 2. आवेदक–मो0 अनवर अली , पिता–शेख अजीज<br>3. ग्राम–गिरनिया , पोस्ट–मंडरो, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–1144/25 2. आवेदक–इस्लाम अंसारी , पिता–हबीब अंसारी<br>3. ग्राम–कांसजोर , पोस्ट–जगदीशपुर , थाना–मधुपुर , प्रखण्ड–मधुपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–262/25 2. आवेदक–सुल्तान मियां , पिता–स्व0 इम्तियाज मियां<br>3. ग्राम–फुलजोरी , पोस्ट–गादी सिरसिया, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–263/25 2. आवेदक–मो0 शमशेर अंसारी , पिता–शरीफ मियां<br>3. ग्राम–गादी सिरसिया , पोस्ट–गादी सिरसिया, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–1145/25 2. आवेदक–मो0 जियाउल हक , पिता–स्व0 शम्सुल हक<br>3. ग्राम–लालगढ़ , पोस्ट–मधुपुर, थाना–मधुपुर , प्रखण्ड–मधुपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–264/25 2. आवेदक–मंझली देवी , पति–पांडु हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–तिलैया , पोस्ट–मंझने, थाना–गावां , प्रखण्ड–गावां<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–265/25 2. आवेदक–मीना देवी , पति–बाबुलाल हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–तिलैया , पोस्ट–मंझने, थाना–गावां , प्रखण्ड–गावां<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कनपटी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–266/25 2. आवेदक–बुधन मरांडी , पिता–स्व0 नैइका मरांडी<br>3. ग्राम–बड़कीटांड , पोस्ट–करहरबारी , थाना–गिरिडीह , प्रखण्ड–गिरिडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–234/25 2. आवेदक–महताब अंसारी , पिता–स्व0 युसूफ मियाँ<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–235/25 2. आवेदक–नूरजहाँ , पति–अफताब अंसारी<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–236/25 2. आवेदक–सितारा खातुन , पति–कमरूद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–सिमराबाज , पोस्ट–कुरूवा , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–237/25 2. आवेदक–साकिल खातुन , पति–अब्दुल हाफिज<br>3. ग्राम–करमाटांड , पोस्ट–करमाटांड , थाना–करमाटांड , प्रखण्ड–करमाटांड<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–299/25 2. आवेदक–मो0 शमीम अंसारी, पिता–बसीर अंसारी<br>3. ग्राम–घाटकूल, पोस्ट–गादी सिरसिया, थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के नीचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अब्दुल वाहिद एवं श्यामसुन्दर हांसदा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–267/25 2. आवेदक–बिनोद दास , पिता–स्व0 झगरू दास<br>3. ग्राम–मुण्डहरी , पोस्ट–चपुआडीह , थाना–बेंगाबाद , प्रखण्ड–बेंगाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–268/25 2. आवेदक–मतीन अंसारी , पिता–स्व0 अब्दुल मजीद<br>3. ग्राम–जेरूवाडीह , पोस्ट–टिकलाटो , थाना–बेंगाबाद , प्रखण्ड–बेंगाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों हाथ में छः छः अंगुली। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–269/25 2. आवेदक–मो0 मन्सुर , पिता–स्व0 कुर्बान शेख<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–चपुआडीह , थाना–बेंगाबाद , प्रखण्ड–बेंगाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–270/25 2. आवेदक– किस्टु प्रसाद यादव , पिता–स्व0 युगल यादव<br>3. ग्राम–सिजुआ , पोस्ट–गादी सिरसिया , थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–271/25 2. आवेदक–मो0 सफीक अंसारी , पिता–मो0 हदीश अंसारी<br>3. ग्राम–बुचा नावाडीह , पोस्ट–चपुआडीह , थाना–बेंगाबाद , प्रखण्ड–बेंगाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–272/25 2. आवेदक–दाऊद मियाँ , पिता–अबलू मियाँ<br>3. ग्राम–रामपुर , पोस्ट–फुलझरिया , थाना–अहिल्यापुर , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–273/25 2. आवेदक–मो0 मुमताज अहमद , पिता–स्व0 मो0 रूस्तम अली<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–चपुआडीह , थाना–बेंगाबाद , प्रखण्ड–बेंगाबाद<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी डुमरचन्द महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–274/25 2. आवेदक–मोईन शाह , पिता–मुस्तफा शाह<br>3. ग्राम–अलगडीहा , पोस्ट–बालक , थाना–बगोदर , प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी डुमरचन्द विदेशी महतो, बानेश्वर महतो एवं सुरेश महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–275/25 2. आवेदक–मुखदेव गिरी , पिता–स्व0 प्रयाग गिरी<br>3. ग्राम–लताकी , पोस्ट– लताकी , थाना– लताकी , प्रखण्ड– जमुआ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां बाह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–276/25 2. आवेदक–किसून गिरी , पिता–लेखराज गिरी<br>3. ग्राम–दमगी , पोस्ट–कुरहोबिंदो , थाना–जमुआ , प्रखण्ड– जमुआ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– दहिना पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–277/25 2. आवेदक–नरेश पंडा , पिता–प्रमेश्वरी पंडा<br>3. ग्राम–मुरखारी , पोस्ट– मुरखारी , थाना–जमुआ , प्रखण्ड– जमुआ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दहिना पैर के अँगुठा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–278/25 2. आवेदक–राजेन्द्र पंडा , पिता–टोडी पंडा<br>3. ग्राम–मुरखारी , पोस्ट– मुरखारी , थाना–जमुआ , प्रखण्ड– जमुआ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिन जांघ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–279/25 2. आवेदक–शिवशंकर गिरी , पिता–बाबूलाल गिरी<br>3. ग्राम–लताकी , पोस्ट–लताकी , थाना–जमुआ , प्रखण्ड– जमुआ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दुलारचन्द महतो एवं डेगनारायण महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–280/25 2. आवेदक–विजय प्रसाद , पिता–स्व0 मेहीलाल साव<br>3. ग्राम–बगोदर , पोस्ट–बगोदर , थाना–बगोदर , प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–281/25 2. आवेदक–दिनेश्वर महतो , पिता–भैरो महतो<br>3. ग्राम–मंझिलाडीह , पोस्ट–बगोदर , थाना–बगोदर , प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महावीर महतो एवं मोती महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–282/25 2. आवेदक–बिशनी देवी , पति–लालो महतो<br>3. ग्राम–धनहारा (डुमरी) , पोस्ट–डुमरी , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–283/25 2. आवेदक–बाबुलाल महतो , पिता–केशो महतो<br>3. ग्राम–बाराडीह , पोस्ट–बलथरिया , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महेश प्रसाद भगत एवं डेगलाल महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–628/25 2. आवेदक–प्रदीप चौधरी , पिता–हरी प्रसाद चौधरी<br>3. ग्राम–मधुपुर , पोस्ट–गलागी, थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– निमियाघाट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–284/25 2. आवेदक–आशीष कुमार , पिता–आरखण्डी प्रसाद<br>3. ग्राम–बहरमसिया , पोस्ट–दूसरी बाजार , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना भौव में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–285/25 2. आवेदक–हरलाल सिंह , पिता–स्व0 जितन सिंह<br>3. ग्राम–खुँटा , पोस्ट–लक्ष्मनटुण्डा , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के केहुनी पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–286/25 2. आवेदक–मो0 अख्तर अंसारी , पिता–बहादुर मियाँ<br>3. ग्राम–कोदवाडीह, पोस्ट–गलेगी, थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जवा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–287/25 2. आवेदक–राजू सिंह , पिता–कुलदीप सिंह<br>3. ग्राम–बालुटूण्डा, पोस्ट–पोरैया , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–288/25 2. आवेदक–शिव कुमार महतो , पिता–टेकाक चंद महतो<br>3. ग्राम–चापरखो , पोस्ट–रोशनटुंडा , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–289/25 2. आवेदक–भुषण महतो , पिता–स्व0 प्रीतम महतो<br>3. ग्राम–जरवाटुण्डा , पोस्ट–पोरैया, थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना साइड पेट में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–290/25 2. आवेदक–श्रवन कुमार बर्णवाल , पिता–रामेश्वर प्रसाद वर्णवाल<br>3. ग्राम–बालुटूण्डा, पोस्ट–पोरैया , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–291/25 2. आवेदक–गोपाल मण्डल , पिता–अखिलेश्वर मण्डल<br>3. ग्राम–बालुटूण्डा, पोस्ट–पोरैया , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–629/25 2. आवेदक–मुकेश कुमार , पिता–बाबुलाल अग्रवाल<br>3. ग्राम–मधुपुर , पोस्ट–गलागी, थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– निमियाघाट<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–292/25 2. आवेदक–प्रदीप राम , पिता–स्व0 चेतलाल राम<br>3. ग्राम–बालुटूण्डा, पोस्ट–पोरैया , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड– डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–630/25 2. आवेदक–बिरंची प्रसाद सिंह , पिता–स्व0 महादेव सिंह<br>3. ग्राम–करमाली कलां, पोस्ट–कुबरी , थाना–धनबाद , प्रखण्ड– धनबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में लहसन का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–293/25 2. आवेदक–बसंती देवी , पति–अमिन साव<br>3. ग्राम–डगारडीह, पोस्ट–करिहारी , थाना–हिरोडीह , प्रखण्ड– जमुआ<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट के बायें कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–631/25 2. आवेदक–सुदामा राम, पिता–स्व0 भुनेश्वर राम<br>3. ग्राम–कुबरी , पोस्ट–कुबरी , थाना–धनबाद , प्रखण्ड– धनबाद<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना के उपर लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–300/25 2. आवेदक–प्रयाग महतो , पिता–स्व0 दिलो महतो<br>3. ग्राम–कुसुमडीह , पोस्ट–कुपिलो , थाना–सरिया , प्रखण्ड–सरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–498/25 2. आवेदक–अजय कुमार जैन , पिता–स्व0 कन्हैयालाल जैन<br>3. ग्राम–वर्द्धमान, किशोर गंज , पोस्ट–जी0पी0ओ0 , थाना–सुखदेवनगर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–301/25 2. आवेदक–शमशेर अंसारी , पिता–स्व0 अब्दुल रजाक<br>3. ग्राम–मधुपुर शंकरडीह , पोस्ट–गलागी , थाना–निमयाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–302/25 2. आवेदक–डालोराम महतो , पिता–स्व0 भुजा महतो<br>3. ग्राम–लक्ष्मण टुण्डा , पोस्ट–गलागी , थाना–निमयाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–303/25 2. आवेदक–दीपक कुमार जैन , पिता–स्व0 पूरन चन्द्र जैन<br>3. ग्राम–इसरी बाजार , पोस्ट–इसरी बाजार , थाना–निमयाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–304/25 2. आवेदक–खीरोधर महतो , पिता–स्व0 बेनी महतो<br>3. ग्राम–असुरबांध , पोस्ट–पोरदाग , थाना–निमयाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बैजनाथ राणा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–305/25 2. आवेदक–राजेन्द्र मुर्मू , पिता–मोंगला मुर्मू<br>3. ग्राम–केन्दुवाटांड , पोस्ट–गादी सिरसिया , थाना–गाण्डेय , प्रखण्ड–गाण्डेय<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधे के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी ओम प्रकाश महतो एवं नागेश्वर वर्मा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–306/25 2. आवेदक–सहदेव महतो , पिता–चिंतामन महतो<br>3. ग्राम–पोचरी , पोस्ट–बगोदर , थाना–बगोदर , प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–307/25 2. आवेदक–श्यामाकांत पंडा , पिता–शिवकुमार पंडा<br>3. ग्राम–सिंगारडीह , पोस्ट–अरगाली , थाना–धनवार , प्रखण्ड–धनवार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–308/25 2. आवेदक–विनय कुमार राम , पिता–सरयु प्रसाद राम<br>3. ग्राम–पतारडीह , पोस्ट–सोनारडीह , थाना–जमुआ , प्रखण्ड–जमुआ<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–309/25 2. आवेदक–अजय कुमार पाण्डेय, पिता–गोविन्द पाण्डेय<br>3. ग्राम–बोरिया , पोस्ट–बोरिया , थाना–देवरी , प्रखण्ड–देवरी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |

PR 358057 Home(25-26)D

# फेडरेशन ऑफ़ धनबाद जिला चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के साथ पुलिस की एक समन्वय बैठक आयोजित




धनबाद : फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के साथ पुलिस की एक समन्वय बैठक, जोराफाटक में संपन्न हुई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार के साथ सिटी एसपी, रित्विक श्रीवास्तव, डीएसपी विधि व्यवस्था, नौशाद आलम, ट्रैफिक डीएसपी, अरविन्द सिंह के अलावा जिले के सभी 60 चैम्बर के प्रतिनिधिगण व अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

बैठक का उद्देश्य व्यापारियो की समस्या व सुरक्षा से सम्बन्धित विषयों पर जानकारी हासिल करते हुए उस दिशा में निदान हेतु ठोस प्रयास करना था । बैठक के दौरान मौजूद व्यापारियों नें सडक जाम, अतिक्रमण, शराब के अवैध कारोबार, टोटो व ऑटो चालकों की लापरवाही, स्कूल की छुट्टी के वक़्त लगने वाला सडक जाम, कोयला लोड ट्रकों की तेज रफ़्तार, आवारा पशुओं की वजह से होने वाले सडक हादसो का खतरा, सड़क किनारे पार्किंग समेत अन्य विषयों व समस्याओं से एसएसपी को अवगत कराया।

बैठक के दौरान धनबाद के व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए एसएसपी ने सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए निर्भीक होकर व्यापार करने की अपील की। एस पी ने कहा कि धनबाद पुलिस यहाँ की जनता की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध और सक्षम है। उन्होंने किसी भी अपराधी से बिना डरे निर्भीक होकर व्यापार करने को कहा। उन्होंने किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, आसामाजिक तत्व की सूचना तुरंत स्थानीय थाना अथवा डायल 112 पर देने की अपील की । साथ ही भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। उन्होंने डायल 112 के साथ सभी आवश्यक व आपातकालीन सेवा से जुड़े नम्बरों को दुकान में डिस्प्ले करने को कहा । ताकि लोगों तक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। एसएसपी ने सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों व आवास पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा। व्यापार के दौरान अर्जित रुपयों को बैंक में जमा कराने के वक़्त थाना से सुरक्षा लेने की सलाह भी दी । ताकि लूट की कोई संभावना न रहे। उन्होने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि उनके यहाँ काम करने वाले सभी कर्मचारी की पहचान का सत्यापन थाना से सुनिश्चित कराना अनिवार्य है।

सड़क जाम की समस्या को दूर करने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर प्रयासरत है । ऐसे में उन्होंने जिले के सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि दुकान के बाहर सडक पर अतिक्रमण न करें। एसएसपी ने कहा कि टोटो और ऑटो चालकों की मनमानी रोकने के लिए पुलिस जल्द ही विशेष अभियान चलाने वाली है, जिसके बाद उनकी लापरवाही ख़त्म कर दी जाएगी।

जिले में निरंतर होते सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एसएसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए पुलिस की टीम चौबीस घंटे कार्य कर रही है, लेकिन हादसे को रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और यातायात नियमों के पालन से ही हादसों को रोका जा सकता है। इस अभियान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति से उन्होंने मदद करने की अपील करते हुए नियमों के पालन करने को कहा। अभिभावकगण से अपील करते हुए एसएसपी ने कहा कि नाबालिग बच्चों को वाहन बिल्कुल भी न दे।

इसके अलावा उन्होंने लहरियाकट बाइक चलाने, मॉडिफाइड बाइक, तेज आवाज़ वाले सायलेंसर के साथ आवारागर्दी करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की। शराब के साथ अन्य किसी भी तरह के नशे के कारोबार व आसामाजिक तत्वों की गतिविधि, अड्डाबाजी की सूचना भी पुलिस से साझा करने की अपील की गई। एसएसपी ने कहा कि सड़क जाम की दो बड़ी वजह है।

पहला वजह दुकानदारों द्वारा सड़क का अतिक्रमण व दूसरा सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग। एसएसपी ने कहा कि सभी बड़े मॉल, शॉपिंग काम्प्लेक्स में पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ साथ सड़क किनारे आवंटित पार्किंग को रद्द करने के लिए जिला प्रसाशन से जल्द ही अपील की जाएगी।

ताकि जाम की समस्या को ख़त्म किया जा सके।

# उप विकास आयुक्त ने ली शिकारीपाड़ा में संचालित योजनाओं की पंचायत वार जानकारी



दुमकाःशिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने विकास योजनाओं से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर पंचायत वार योजनाओं की जानकारी ली एवं संबंधित को त्वरित कार्रवाई करते हुए हर हाल में योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

सचान ने बताया कि आवास निर्माण के तहत जिन आवासों का जोड़ाई का कार्य पूर्ण हो गया है एवं सीमेंट एवं छड़ के अभाव में कार्य तीन माह से बंद पड़ा हुआ है उस लाभुक को प्रखंड स्तर से सहयोग कर निर्माण कार्य को पूर्ण करना है। मनरेगा के तहत वर्षा को देखते हुए कूप निर्माण का कार्य जिनका खुदाई का कार्य पूर्ण हो गया है उसे हर हाल में जुड़ाई का कार्य पूर्ण कर लेना है ताकि वर्षा के कारण कूप धंसे नहीं। दुमका जिला में पदस्थापन के पश्चात यह पहला मौका था जब उप विकास आयुक्त ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर कर्मियों के साथ बैठक की।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम के साथ सहायक अभियंता कन्या अभियंता मनरेगा के बीपीओ प्रधानमंत्री आवास के कोऑर्डिनेटर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ-साथ सभी पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक मौजूद थे। बैठक के बाद उप विकास आयुक्त ने शिवताला पंचायत अंतर्गत केसरगढ़ मौजा में पर्यटन विकास विभाग द्वारा वर्षों पूर्व निर्मित मार्गी सुविधा केंद्र भवन का निरीक्षण किया, जो काफी बद्तर स्थिति में पहुंच गया है उसे देखने वाला आज के समय में कोई नहीं है और योजना अपने उद्देश्यों से भटक गई है। अवलोकन के पश्चात सचान ने कहा कि जल्द ही इस भवन की बंदोबस्ती के लिए विज्ञापन निकाला जाएगा और इसके मरमती पर जो खर्च आएगा उसे बंदोबस्ती लेने वाले को खर्च करना होगा और उसका समायोजन किया जाएगा।

इस मार्गी सुविधा केंद्र के शुरू होने से बाबा धाम एवं बासुकीनाथ में पूजा अर्चना के पश्चात राज्य के पश्चिमी सीमा पर अवस्थित मंदिरों के गांव मलूटी एवं पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ में मां तारा का दर्शन करने जाने वाले भक्त जनों को इससे काफी लाभ मिलेगा इसी उद्देश्य से पर्यटन विकास विभाग द्वारा इस इस भवन का निर्माण किया गया था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.07.2025 को श्रमिक चौक से रांगाटांड़ तक पाईप लाईन से हो रहे लिकेज की मरम्मति की जानी है, जिस कारण दिनांक 26.07.2025 को धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत गोल्फ ग्राउण्ड, वासेपुर, पुराना बजार, गाँधीनगर, धनसार, धोबाटांड़, मटकुरिया, मनईटांड़, बरमसिया, एवं भुदा जलमीनार से जलापूर्ति बाधित रहेगी।

अतः दिनांक 25.07.2025 को रात्रि 9:30 बजे से रांगाटांड़ से पुजा टाकिज जाने–आने वाला रास्ता भी बाधित रहेगा।

उपरोक्त कारण से आम नागरिको को होनेवाली पेयजल एंव आववागमण की असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद

PR 358150 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

# स्कुली बस ने दो एक छात्र और युवक को कुचला, गंभीर अवस्था में इलाज के लिए भेजा अस्पताल

धनबाद : नया बाजार सुभाष चौक के समीप राजकमल स्कुल के बस ने सड़क पार कर रहे दो लोगों को अपने चपेटे में ले लिया । जिससे दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गया । स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया । साथ ही स्कुल प्रबंधन से बेहतर इलाज की मांग की । बताया जाता हैं की दोनों घायल बिहार के रहने वाले हैं और परिक्षा देने के लिए धनबाद आये थे।इसी दौरान नया बाजार के समीप स्कुल बस ने अपने चपेटे में ले लिया ।घटना के बाद बैंक मोड़ पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया ।

# 97805 श्रद्धालुओं ने किया बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण



दुमकाःश्रावणी मेला के 14 वें दिन शाम 7 बजे तक 97805 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया।सामान्य रुट लाइन से 78,900 ,शीघ्र दर्शनम से 5400 एवं जलार्पण काउंटर से 13505 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया।शीघ्र दर्शनम से 16,20,000 रुपये,दान पेटी से 2,52,980 गोलक से 51270 एवं अन्य स्रोत से 8961 रूपये प्राप्त हुए।

# एमजी कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक बने प्रो विभाष चंद्र झा

दुमकाः मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर मे परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर विभाष चंद्र झा को बनाया गय। यंहा बता दे की प्रोफेसर बिभाष चंद्र झा 2019 से 2024 तक पूर्व मे परीक्षा नियंत्रक रह चुके है। पुनः 23 जुलाई को परीक्षा नियंत्रक का प्रभार दिया गया। प्रोफेसर बिभाष चंद्र झा समाज शास्त्र के प्राध्यापक है।एक कुशल एवं कर्मठ व्यक्ति है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नव कुमार पाल ने शुभ कामना व्यक्त की। महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी ने परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर बिभाष चंद्र झा को बधाई दी । इससे पूर्व प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल 2024 से 23 जुलाई तक परीक्षा नियंत्रक रहे। प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल बांग्ला बिभाग के प्राध्यापक हैं। प्रोफेसर आशीष कुमार मंडल कुशल व्यक्ति हैं ।अपने कार्यकाल मे इन्होने अपने कार्यों को कुशल पूर्वक चलाया ।

# मानव विकास में भाषा की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन

दुमकाःशिकारीपाड़ा महाविद्यालय शिकारीपाड़ा के प्रशाल में गुरुवार को मानव विकास में भाषा की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ए एन कॉलेज दुमका के हिंदी विभाग के अनहद लाल आर्य, एमजीएम रानेश्वर के डॉ हिमांशु कुमार सिंह मुख्य अतिथि जय चौधरी एवं रूनु कर्मकार ने भाषा के उत्थान एवं मानव जीवन में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के अनेकों व्याख्याता ने इस विषय पर काफी सुंदर विश्लेषण किया।प्राचार्य सिकंदर प्रसाद सिंह ने कहा कि स्थानीय एवं सर्वव्यापी भाषा के पठन-पाठन से एक अच्छा स्थान प्राप्त किया जा सकता है। मंच का संचालन नीतू कुमारी सिंह एवं रंजू कुमारी द्वारा किया गया। वक्ताओं में व्याख्याता बद्रीनारायण भगत,मनोज कुमार सिंह, शशि शेखर झा, आलोक कुमार, रेफाइल मरांडी, मुरारी सिंह, रोजलीन मुर्मू ,आबिदा खानम, कुमारी सुजाता,मीरा कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद इकराम हुसैन, प्रभात कुमार सिंह ने भाग लिया। सेमिनार में महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# बाबूराम हांसदा को दूसरी बार राजद आदिवासी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

दुमकाःराजद के सक्रिय नेता बाबूराम हांसदा को दूसरी बार झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संथाल परगना सहित पूरे राज्य के राजद कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।खासकर आदिवासी समाज के कार्यकताओं ने दुमका के कार्यकर्ता को इतना बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, झारखंड राजद प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, मंत्री विधायक संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान के प्रति आभार प्रकट किया है। बाबूराम हांसदा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष की दूरदृष्टता हैं कि झारखन्ड आदिवासी बहुल राज्य होने के कारण मुझ जैसे साधारण आदिवासी युवा पर भरोसा करते हुए राजद अजजा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है।आदिवासी समाज को एक नेतृत्व देने का अवसर दिया है।इसके लिए आदिवासी समाज राजद एवं राजद अध्यक्ष के प्रति सदैव ऋणी रहेगा। अवसर पर महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जर्नाधन कुमार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमरूद्दीन अंसारी, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, किसान प्रकोष्ठ के गिरेन्द्र यादव, दुमका राजद जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित, प्रवीर वर्मा, जितेश कुमार दास, राम सुंदर पंडित, ललित यादव,प्रियरंजन मुर्मू सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने बधाई व शुभकामना दी है।

# उपायुक्त ने अनुसूचित जनजातीय आवासीय बालिका उच्च विद्यालय कड़हरबील का निरीक्षण किया



दुमका : उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजातीय आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कड़हरबिल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक अवस्थापनाओं का जायजा लिया एवं छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं और समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय में लैब फंक्शनल नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई तथा साइंस लैब एवं आईसीटी लैब को बच्चों की पढ़ाई में प्रभावी रूप से उपयोग में लाने का निर्देश विद्यालय प्रबंधन को दिया।बारिश के कारण विद्यालय की बाउंड्री वॉल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त पाया गया, जिस पर संबंधित विभागीय पदाधिकारी को शीघ्र आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान भंडार पंजी एवं रोकड़ पंजी अद्यतन नहीं पाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शोकॉज़ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त, विद्यालय में पेयजल हेतु आरओ वाटर फिल्टर खराब पाया गया, जिसे अविलंब सुधार कराने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर में स्थापित सभी सीसीटीवी कैमरे पूर्ण रूप से क्रियाशील (फंक्शनल) हों तथा हॉस्टल के प्रवेश द्वार एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित किए जाएं।बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को निरंतर कैरियर काउंसलिंग आयोजित कराने का निर्देश दिया, जिससे विद्यार्थी समय रहते अपने लक्ष्य की दिशा में सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

## इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस : साकार और अनिका बने अंडर-11 के सरताज

इंदौर (ईएमएस)। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित तृतीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में आज युवा प्रतिभाओं का जलवा देखने को मिला। अभय प्रशाल में खेले गए अंडर-11 आयु वर्ग के फाइनल मुकाबलों में साकार भार्गव और अनिका महेश्वरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की।बालक वर्ग में साकार भार्गव ने अपने प्रतिद्वंद्वी आरव कासट को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। वहीं, बालिका वर्ग के रोमांचक फाइनल में अनिका महेश्वरी ने हनु धनोतिया को 3-1 से हराकर खिताब जीता।

इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबलों में साकार भार्गव ने कियान इंगले को और आरव कासट ने आर्यन ठाकुर को 3-0 से मात दी थी। बालिका वर्ग में अनिका महेश्वरी ने आद्या परासर को 3-2 से और हनु धनोतिया ने ध्रीती मेहता को 3-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी।यह स्पर्धा इंदौर में उभरते हुए टेबल टेनिस खिलाड़ियों को एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रही है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# उपायुक्त ने इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं ट्राइबल म्यूजियम का किया निरीक्षण



दुमका : उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिले में निर्माणाधीन इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं ट्राइबल म्यूजियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सः उपायुक्त ने इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि इसे इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, जिम, मेडिटेशन सेंटर आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि खेल संघों से बातचीत कर सुझाव प्राप्त करें और अगस्त 2025 तक सभी कार्य पूर्ण कराएं। यह परिसर 4.91 करोड़ की लागत से निर्मित किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान स्विमिंग पूल की अव्यवस्थित स्थिति को देखकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्वच्छता एवं मेंटेनेंस की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। ट्राइबल म्यूजियमः उपायुक्त ने ट्राइबल म्यूजियम के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। अब तक करीब 35% कार्य पूर्ण हो चुका है। यह म्यूजियम 18 करोड़ की लागत से बन रहा है और नवंबर 2026 तक कार्य पूर्ण होने की संभावना है।यह म्यूजियम ट्राइबल थीम पर आधारित एक भव्य शोपीस के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें कई सुविधाएं शामिल होंगी।

जैसे ग्रीन रूम, लॉबी एवं वेटिंग एरिया, 215 लोगों की क्षमता वाला ओपन एयर ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, टिकट काउंटर, रेस्टोरेंट, एंटीक शॉप एवं सॉवेनियर शॉप।उपायुक्त ने कार्य एजेंसी को निर्देश दिया कि गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाएं और निर्धारित समयसीमा में सभी निर्माण कार्य पूर्ण करें।झारखंड सरकार द्वारा दुमका में एक भव्य और आधुनिक ट्राइबल म्यूजियम का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो राज्य की समृद्ध आदिवासी विरासत को संरक्षित एवं प्रदर्शित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह संग्रहालय पारंपरिक आदिवासी रूपांकनों और टिकाऊ निर्माण तकनीकों का उपयोग करते हुए विकसित किया जा रहा है, जो राज्य की सांस्कृतिक विविधता, इतिहास और विकास की गाथा को दर्शाएगा।

यह संग्रहालय झारखंड की 30 से अधिक जनजातियों की स्वदेशी संस्कृति, रीति-रिवाजों, कलाकृतियों, पारंपरिक औजारों, परिधानों, वाद्ययंत्रों तथा जीवनशैली को संरक्षित व प्रदर्शित करेगा, जिनमें से कई आज लुप्तप्राय स्थिति में हैं।विशेष रूप से यह संग्रहालय संथाल विद्रोह से लेकर बिरसा मुंडा आंदोलन तक आदिवासी प्रतिरोध आंदोलनों के गौरवशाली इतिहास को उजागर करेगा। इसमें बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू सहित अन्य वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और योगदान का जीवंत दस्तावेजीकरण किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिल सके।यह केंद्र आदिवासी संस्कृति, पुरातत्व एवं प्राकृतिक इतिहास पर अकादमिक शोध के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा और राज्य की जैव विविधता व प्राकृतिक संपदा की झलक भी प्रस्तुत करेगा। इसके माध्यम से न केवल सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजा जाएगा, बल्कि यह क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।झारखंड सरकार का यह प्रयास राज्य की आदिवासी पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

**कार्यालय : चिरकुण्डा नगर परिषद्, चिरकुण्डा (धनबाद)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (अल्पकालीन)**

विभागीय निर्देशानुसार AMRUT 2.0 के तहत AMRUT MITRA कार्यक्रम मे चिरकुण्डा नगर परिषद् अंतर्गत निर्मित FSTP (12KLD) के संबंध में आवश्यक प्रचार–प्रसार कार्य हेतु चिरकुण्डा नगर परिषद् मे निबंधित SHG (स्वयं सहायता समूह) को इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। SHG द्वारा निम्न कार्य किया जाना है:–

1. Involvement of Urban SHG women in Awareness program on Safe Sanitation. Safety and dignity of sanitation worker and reuse of treated water
2. Tree plantation
3. Plant beautification, Maintenance of Plant premises
4. Maintenance of records and register.
5. Household survey
6. IEC & CB related to Feacal Sludge Management
7. Mobilization of People for FSTP & Septage Management

इच्छुक SHG द्वारा दिनांक 11.08.2025 तक चिरकुण्डा नगर परिषद् कार्यालय मे कार्यालय अवधि मे आवेदन जमा किया जा सकता है।

प्रशासक
चिरकुण्डा नगर परिषद्

PR 358122 (Urban Development)25-26*D

**झारखण्ड सरकार**
**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, धनबाद**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

अपर समाहर्त्ता, धनबाद की अध्यक्षता में बी0सी0सी0एल0 परियोजना अन्तर्गत विस्थापित/प्रभावित परिवारों के मौजा–तेतुलमुड़ी, थाना नं0–271 मे अर्जनाधीन भूमि से संबंधित एस0आई0ए0 दल के द्वारा तैयार किये गये सामाजिक समाघात अध्ययन एस0आई0ए0 के प्रारूप पर ग्रामीणों/रैयतों का सुझाव प्राप्त करने एवं विचार विमर्श करने के लिए दिनांक–23.07.2025 समय 11:00 बजे पुर्वाह्न स्थान–सिजुआ स्टेडियम सिजुआ में आयोजित लोक सुनवाई की उपस्थिति की कार्रवाई एवं परिचर्चा की विवरणीः–

**उपस्थिति पंजी के अनुसार**
अपर समाहर्त्ता, धनबाद।
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, धनबाद।
राजस्व कर्मचारी–सह–अंचल निरीक्षक, पुटकी।
अधियाची विभाग–बी0सी0सी0एल0 के पदाधिकारी।
एस0आई0ए0 दल की प्रतिनिधि।
ग्रामीणों/रैयत।

बैंठक के आरंभ में अपर समाहर्त्ता, धनबाद द्वारा लोक सुनवाई के प्रायोजन एवं उद्देश्य के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी तत्पश्चात जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, धनबाद एवं एस0आई0ए0 दल के प्रतिनिधि को अर्जनाधीन भूमि के लिये तैयार किये गये एस0आई0ए0 रिपोर्ट के प्रारूप को उपस्थित ग्रामीणों/रैयतों के समक्ष रखने का निदेश दिया गया। एस0आई0ए0 दल के प्रतिनिधि के द्वारा एस0आई0ए0 रिपोर्ट के प्रारूप को ग्रामीणों/रैयतों के बीच पढ़कर सुनाया गया तदोपरान्त ग्रामीणों/रैयतों से उन्हे अपना मंतव्य देने के लिये आमंत्रित किया गया।

ग्रामीणों/रैयतों के द्वारा दिये गये मंतव्य की विवरणी निम्नलिखित प्रकार से हैः–

| क्रमांक | नाम | ग्राम | ग्रामीणों/रैयतों का मंतव्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | सुरेश महतो | तेतुलमुड़ी | लगान रसीद ऑनलाईन करने, पेयजल सुविधा एवं भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत मुआवजा भुगतान की मांग की गयी है। | इस संबंध में अपर समाहर्त्ता, धनबाद के द्वारा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत मौजूद प्रावधानों के अनुरूप पालन किये जाने एवं संबंधित अंचल अधिकारी को निदेश देने का आवश्वासन दिया गया। |
| 02 | विष्णु महतो | तेतुलमुड़ी | पुनर्वास स्थल का चयन और विस्थापित रैयतों को नगरीकला मौजा में बसाने मंदिर, कुआँ, ग्रामथान की व्यवस्था, रैयती एवं बन्दोबस्त भूमि का भुगतान एवं लगान तथा ऑनलाईन पंजी का दर्ज करने की मांग की गयी। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा भू–अर्जन के प्रावधान के अनुसार जिला स्तर बैठक के समक्ष रखने का भरोसा दिया गया। |
| 03 | मनोज कुमार महतो | तेतुलमुड़ी | मूलभूत संरचना की व्यवस्था, भू–अर्जन की समय सीमा,तत्काल जीवन–यापन की व्यवस्था,लगान रशीद,वंशवली एवं सम्पूर्ण तेतुलमुड़ी मौजा का अर्जन की मांग की गयी। | बी0सी0सी0एल0 प्रबंधन के द्वारा पुर्नवास की नियमों के आधार पर तय किये गये मानकों के अनुरूप कार्य करने की बात बतायी गयी। साथ ही उक्त मांग को जिला स्तरीय कमिटी के समक्ष रखने की बात की गयी। |
| 04 | अनिल कुमार महतो | तेतुलमुड़ी | बी0सी0सी0एल भूमि अर्जन के एवज में क्या सुविधा देगी,जमीन का सीमांकन एवं खनन करने वाली जगह का सीमांकन करने की मांग की गई | बी0सी0सी0एल0 प्रबंधन स्तर से बैठक की कार्रवाई की जायेगी। |
| 05 | नन्दुलाल सेन गुप्ता वार्ड पार्षद | तेतुलमुड़ी | गैर रैयतों का समस्या का समाधान करने एवं ,बिचौलिया का खत्म करने का अनुरोध किया गया। | बैठक कर निष्पादन किया जायेगा। |

ग्रामीणों/रैयतों द्वारा रखी गयी मांगों के उपरान्त अपर समाहर्ता धनबाद एवं जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, धनबाद द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं रैयतों को संबोधित किया गया एवं भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदिर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। उनके द्वारा आशा व्यक्त किा गया कि उक्त अधिनियम में भू–अर्जन से उत्पन्न हाने वाली समस्याओं को बड़ी सुक्ष्मता एवं गहरायी से समझा गया है एवं उसके निदान हेतु यथाआवश्यक दिशा –निर्देश दिये गये है। नये भू–अर्जन अधिनियम के पूर्णतः पालन करने से सभी समस्याओं का समाधान स्वतः ही हो जायेगा।

अंत में अपर समाहर्ता धनबाद एवं जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा अभिवादन के साथ सभा को समाप्त करते हुए यह आवश्वासन दिया गया कि उक्त परियोजना में भू–अर्जन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए जिला भू–अर्जन कार्यालय, धनबाद में आकर उनसे मिल सकते हैं। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए यथा संभव प्रयास किया जायेगा। भू–अर्जन की इस प्रक्रिया में ग्रामीण/रैयतों से सहयोग की अपेक्षा की गयी।

**सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई सम्पन्न की गयी।**

विश्वासभाजन,
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,धनबाद

PR 358126 Land Reforms(25-26).D

# हार की आशंका से राष्ट्रीय जनता दल में हाहाकार केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय

### चुनावी बहिष्कार की धमकी तो सिर्फ बहाना है असल वजह तो हार को छुपाना है : नित्यानंद राय

### गुंडाराज और जंगलराज के प्रतीक राजद को बिहार की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी : नित्यानंद राय




पटना, (ईएमएस)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने तेजस्वी यादव के चुनावी बहिष्कार वाले बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव चुनावी बहिष्कार की धमकी के जरिये बिहार विधानसभा चुनाव में संभावित हार के बहाने तलाश रहे हैं। तेजस्वी यादव को भली भांति मालूम है कि बिहार के जनता उन्हें चुनाव में बुरी तरह पराजित कर देगी, इसी डर से वह कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगा रहे हैं तो कभी चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। केंद्रीय गृह राज मंत्री नित्यानंद राय ने आगे कहा कि हार की आशंका से राष्ट्रीय जनता दल में हाहाकार है और हार के बहाने अभी से ही राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने ढूंढना शुरू कर दिया है। तेजस्वी यादव को भली भांति मालूम है कि आगामी विधानसभा चुनाव में फिर से राजद की लुटिया डूबने वाली है और जनता फिर से एनडीए सरकार बिहार में बनाने जा रही है.. इसी वजह से महागठबंधन के नेताओं में चिंता के बादल अभी से ही मंडराने शुरू हो गए हैं और हार के बहाने की तलाश भी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं तेजस्वी यादव को बताना चाहता हूं कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चुनाव में हिस्सा लेना या ना लेना किसी पार्टी का निर्णय होता है... लेकिन जिस तरह से एसआईआर के नाम पर बिहार की जनता को महागठबंधन लगातार गुमराह करने की कोशिश कर रहा था उसमें उनको नाकामी हाथ लग रही है और लोग गुमराह ना होकर मतदाता सूची में जारी सुधार में शामिल हो रहे हैं। तकरीबन 98 प्रतिशत लोगों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपनी जिम्मेदारी अब तक दिखाई है तो इससे तेजस्वी यादव घबराए हुए हैं। बिहार के पूर्व भाजपा अध्यक्ष उजियारपुर से लोकसभा सांसद नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी यादव आप बिहार के 13 करोड लोगों को यह क्यों नहीं बता रहे हैं कि हार की आशंका से चुनाव में भाग नहीं लेने की योजना बना रहे हैं? क्या तेजस्वी यादव जी बांग्लादेशी, रोहिंग्या और घुसपैठियों के वोटर के जरिए चुनाव जीतना चाहते हैं? तेजस्वी यादव जी आप लाख कोशिश कर लीजिए लेकिन बिहार में गुंडाराज और जंगल राज अब स्थापित नहीं होगा। क्योंकि बिहार 1990 से 2005 के बीच के दौर से बाहर निकल चुका है..अब बिहार में विकास की गंगा बह रही है.. विकसित बिहार का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है और विकसित भारत के साथ, विकसित बिहार के सपने को पूरा करने के लिए एनडीए सरकार लगातार काम कर रही है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मैं तेजस्वी यादव से कहना चाहूंगा कि आप हार की आशंका से भले ही घबराए हुए हैं लेकिन आपमें अगर हिम्मत है तो जनता के फैसले का सामना कीजिए... लोकतंत्र में जनता मालिक होता है परिवार नहीं... परिवारवादी लोगों को हर चीज पारिवारिक नजरिए से देखना बंद कर देना चाहिए।

# स्नातक थर्ड सेमेस्टर के एक हजार से अधिक छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग




पटना,(ईएमएस)। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 1,000 से ज़्यादा छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं में रोल नंबर ही नहीं लिखा है। इसकारण इन छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग हो गया है। विश्वविद्यालय द्वारा रिजल्ट जारी करने से पहले की समीक्षा में यह बात सामने आई है। परीक्षा विभाग अब अपने स्तर पर गलती को सुधार कर रिजल्ट जारी करने की कोशिश में जुटा है।बताया जाता हैं कि कई छात्रों ने अपना रोल नंबर और अन्य जानकारी गलत भरी है, जिससे उनका रिजल्ट भी पेंडिंग होना तय है। उत्तर पुस्तिका में गलत जानकारी होने से स्कैनिंग के दौरान कंप्यूटर उस पढ़ नहीं पाता है। करीब 1,000 से ज़्यादा छात्र-छात्राओं के सीआईए (इंटरनल) मार्क्स कॉलेज ने अभी तक उपलब्ध नहीं कराए हैं। कई बार रिमाइंडर देने के बावजूद कॉलेजों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में लगभग 2,000 से अधिक छात्र-छात्राएं विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे या उन्होंने अपनी परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा विभाग अब रिजल्ट जारी करने से पहले इन सभी त्रुटियों की समीक्षा कर रहा है ताकि पेंडिंग मामलों की संख्या कम कर सके।परीक्षा नियंत्रक, डॉ. राम कुमार के अनुसार, तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में करीब 1.02 लाख छात्र शामिल हुए थे, जिसमें से 96,000 का रिजल्ट बना चुका है और करीब 5,000 विद्यार्थियों का रिजल्ट विभिन्न कारणों से पेंडिंग बना हुआ है। विश्वविद्यालय इस पेंडेंसी को ख़त्म करने का प्रयास कर रहा है और एक सप्ताह के भीतर थर्ड सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया जाएगा.

### स्नातक और पीजी दोनों परीक्षाओं में रोल नंबर भरने में त्रुटि

यह समस्या सिर्फ स्नातक तक सीमित नहीं है, बल्कि पीजी (पोस्ट ग्रेजुएशन) की परीक्षाओं में भी छात्र उत्तर पुस्तिका पर अपना रोल नंबर सही ढंग से नहीं लिख पा रहे हैं। उन्हें उत्तर पुस्तिका पर दिए गए बॉक्स को गोला करके अंकों में रोल नंबर लिखना होता है। हाल ही में पीजी थर्ड सेमेस्टर की छात्रा ने भी परीक्षा विभाग में आवेदन देकर बताया कि उसने बॉक्स को गोला करने में गलती की थी, जिसका समाधान कर दिया गया है। यह स्थिति छात्रों द्वारा उत्तर पुस्तिका पर जानकारी भरने की सामान्य समझ पर सवाल उठाती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पटना में हुआ संविधान एवं सामाजिक न्याय राज्यस्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन

पटना, (ईएमएस)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ओर से गुरुवार को सदाकत आश्रम, पटना में संविधान एवं सामाजिक न्याय राज्यस्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ राजेन्द्र पाल गौतम ने भारत की मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक परिस्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत एक ऐसे दौर में पहुंच गया है, जहां फिर से एक नई आजादी की लड़ाई छेड़ने की जरूरत है। राजेन्द्र पाल गौतम ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए कहा कि मनुस्मृति में जिन वर्गों पर बंदिशें थीं, उन्हें बाबा साहेब ने वोट की ताकत देकर बराबरी का हक दिलाया। हिंदू कोड बिल विधवाओं और महिलाओं के लिए क्रांतिकारी कानून था, जिसे अंबेडकर ने 1949 में कानून मंत्री रहते हुए पेश किया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयोजक रबिंद्र कुमार पासवान ने कहा कि राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों पर चलने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा समर्थित सरकारों पर वंचितों के अधिकारों को छीनने का गंभीर आरोप भी लगाया। कहा संविधान हमारे लिए मरण जीवन का प्रश्न है। केन्द्र में मोदी एवं बिहार में नीतिश ,चिराग और जीतन राम मांझी वोटबंदी के पक्ष में बहुत सारे वंचितों के साथ हकमारी की है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजेन्द्र पाल गौतम को बाबा साहेब के स्मृति चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी ने विधान परिषद के नेता मदन मोहन झा को संविधान की प्रति और शॉल देकर स्वागत किया। यह सम्मेलन न केवल सामाजिक न्याय की दिशा में कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराता है, बल्कि आने वाले समय में वंचित वर्गों की आवाज़ को और बुलंद करने का संकेत भी देता है।

### 25 जुलाई से राजगीर से कोटा, वडोदरा एवं अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा

हाजीपुर, (ईएमएस)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और अहमदाबाद के मध्य सप्ताह में दो दिन परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 12948/12947 पटना-अहमदाबाद-पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार राजगीर तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे राजगीर, नालन्दा एवं बिहार शरीफ से कोटा, वडोदरा एवं अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही इससे राजगीर एवं नालन्दा जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यह परिचालन विस्तार राजगीर 25 जुलाई से तथा अहमदाबाद से 28 जुलाई से प्रभावी होगा।गाड़ी सं. 12948 राजगीर-पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस दिनांक 25 जुलाई से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक शुक्रवार एवं बुधवार को राजगीर से 21.00 बजे खुलकर 21.12 बजे नालन्दा, 21.30 बजे बिहार शरीफ, 22.21 बजे बख्तियारपुर, 23.00 बजे पटना साहिब रूकते हुए 23.35 बजे पटना पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे खुलकर अपने निर्धारित ठहराव एवं समयानुसार रूकते हुए तीसरे दिन 03.50 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।इसी तरह गाड़ी सं. 12947 अहमदाबाद-पटना-राजगीर अजीमाबाद एक्सप्रेस दिनांक 28 जुलाई से अहमदाबाद से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 21.50 बजे खुलकर अपने निर्धारित समय एवं ठहराव के अनुसार रूकते हुए तीसरे दिन अर्थात बुधवार एवं शुक्रवार को 04.20 बजे पटना पहुंचेगी तथा पटना से यह 04.30 बजे खुलकर 04.43 बजे पटना साहिब, 05.10 बजे बख्तियारपुर, 05.41 बजे बिहार शरीफ एवं 06.02 बजे नालन्दा रूकते हुए 07.25 बजे राजगीर पहुंचेगी।

### मोकामा और पटना के मध्य चलने वाली का 24 जुलाई से 10 अगस्त तक गुलजारबाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

हाजीपुर, (ईएमएस)। श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर मोकामा और पटना के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 63221/63222 मोकामा-पटना-मोकामा मेमू का दिनांक 24 जुलाई से 10 अगस्त तक गुलजारबाग स्टेशन पर 01 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस दौरान गाड़ी सं. 63221 मोकामा-पटना मेमू 07.05 बजे गुलजारबाग स्टेशन पहुंचेगी तथा 07.06 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 63222 पटना-मोकामा मेमू 18.26 बजे गुलजारबाग पहुंचेगी और 18.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### विपक्ष बन गया है राजनीतिक रूदाली : नीरज कुमार

पटना, (ईएमएस)। जद (यू) विधान पार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष आजकल राजनीतिक रुदाली बन गया है। जैसे राजस्थान में एक प्रथा है रुदाली का, जहां किसी की मृत्यु होने पर रोने के लिए सामूहिक तौर पर महिलाओं का बुलाया जाता है और जिसका दायित्व केवल रोने का होता है कुछ वैसी ही भूमिका विपक्ष की रह गई है। विपक्ष को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव की बातों को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नहीं मानते हैं। लालू प्रसाद यादव ने तेजस्वी यादव को हरी टोपी पहनने के लिए दिया लेकिन नेता प्रतिपक्ष ने उस टोपी को भी उतारने का काम किया। हां, नेता प्रतिपक्ष जनता को राजनीतिक टोपी पहनाने की कोशिश जरुर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरजेडी को अपना ड्रेस कोड काला कपड़ा घोषित कर देना चाहिए।

# बेरोजगारी, पेपर लिक, छात्रावासों की बदहाली के मुद्दों पर बिहार एनएसयूआई ने किया विधानसभा का घेराव

### छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बर कार्रवाई, कई छात्र-छात्राएं हुए घायल

### बिहार की डबल इंजन की सरकार राज्य को चलाने में पूर्णतः विफल : राजेश कुमार राम




पटना, (ईएमएस)। बेरोजगारी, पेपर लिक, छात्रावासों की बदहाली, शैक्षणिक संस्थाओं की बदहाली के खिलाफ बिहार एनएसयूआई द्वारा विधानसभा घेराव किया गया। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव के नेतृत्व में हजारों एनएसयुआई कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदाकत आश्रम से विधान सभा के तरफ कूच किया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को राजा पुल के समीप पुलिस द्वारा बैरिकेटिंग कर रोक दिया गया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर अपनी मांगो को रख रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा बर्बर कार्रवाई की गई। वॉटर केनन और लाठीचार्ज किया गया। जिसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हुई और दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने कहा कि बिहार की डबल इंजन की सरकार राज्य को चलाने में पूर्णतः विफल है। राज्य में अराजकता व्याप्त है। छात्र और युवाओं का भविष्य अंधकार में है। शिक्षा, रोजगार, पलायन और पेपर लिक जैसे गंभीर सवालों पर सरकार जवाब देने के बजाय छात्र और युवाओं की आवाज को कुचल रही है , उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लिक हो रहे है, सरकार के संवेदनहीनता से हताश और निराश छात्र आत्महत्या करने को मजबूर है। एनडीए सरकार अपनी ही खामियों से घबराई हुई है। उन्हें मालूम है नीतीश और मोदी के छात्र, युवा,किसान, मजदूर के साथ हकमारी समेत तमाम जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी चुनाव में बिहार की जनता उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने वाली है। इसी कारण सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर का षडयंत्र कर वोट चोरी का प्रयास कर रही है।कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि बिहार में उच्च शिक्षा का की हालत जर्जर है। सत्र अनियमित है, शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी है, प्रयोगशाला और छात्रावासों में बदहाली व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यही कारण है जब पिछले दिनों जननेता राहुल गांधी आंबेडकर छात्रावास के छात्रों से संवाद करने पहुंचे तो सरकार अपनी खामियों को छुपाने के लिए उन्हें रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी। सरकार की तानाशाही चरम पर है। विधान परिषद नेता मदन मोहन झा ने कहा कि कहा कि सरकार ने नई शिक्षा नीति लाकर सर्वप्रथम शिक्षा को महंगी कर गरीब, कमजोड़ और वंचित आबादी को शिक्षा से वंचित करने का षडयंत्र कर रही है। शिक्षा को महंगी कर बिहार के गरीब छात्रों को शिक्षा ऋण लेने के लिए विवश कर दिया। छात्र ने शिक्षा ऋण लेकर अपनी पढ़ाई पूरी की लेकिन सरकार ने नौकरी नहीं दी और अब शिक्षा ऋण वापसी को लेकर छात्रों को धमकाया जा रहा है। सर्टिफिकेट केस दर्ज कर छात्रों को अपराधी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों और कॉरपोरेट घरानों के लाखों करोड़ माफ करने वाली सरकार छात्रों का कर्ज माफ नहीं कर रही है।एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव ने कहा कि सरकार की तानाशाही और जुल्मों से हम घबराने वाले नहीं है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सरकार की बर्बरतापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई, वॉटर केनन, लाठियां और जेल हमारे संघर्ष को नहीं रोक सकते। प्रदर्शन से पूर्व छात्रों को कांग्रेस नेत्री अमिता भूषण, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार आशीष, एनएसयूआई प्रभारी सत्यम कुशवाहा, मृत्युंजय, राजेश राठौर, दौलत इमाम, विश्वनाथ राम, नागेंद्र विकल, अम्बुज झा, केशर सिंह, रशीद फाकरी, पंकज यादव, राजीव मेहता, आशुतोष शर्मा इत्यादि प्रमुख नेतागण ने संबोधित किया।

# सत्ता पाने की बेचैनी में आपा खोते जा रहे हैं तेजस्वी यादव : उमेश सिंह कुशवाहा



पटना, (ईएमएस)। बिहार जनता दल (यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में संभावित करारी पराजय के भय और सत्ता की व्याकुलता के कारण तेजस्वी यादव लगातार राजनीतिक आपा खोते जा रहे हैं। उनकी बढ़ती हुई हताशा अब उनके हाव-भाव और भाषा में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष नकारात्मक राजनीति के माध्यम से बिहार की जनता को भ्रमित करने का विफल प्रयास कर रहा है, लेकिन अब जनता पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है। तेजस्वी यादव का झूठ और भ्रमजाल पूरी तरह से उजागर हो चुका है और उनका मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। उमेश सिंह कुशवाहा ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव इस हद तक राजनीतिक कुंठा और हताशा से ग्रस्त हो चुके हैं कि अब न तो उन्हें तर्कों से कोई सरोकार रह गया है और न ही तथ्यों का कोई बोध है। सरकार को बदनाम करने की नीयत से वे लगातार तथ्यहीन और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं, जो अब उनके राजनीतिक व्यवहार का स्थायी हिस्सा बन चुका है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार की जागरूक जनता अब तेजस्वी यादव की बातों को गंभीरता से लेना छोड़ चुकी है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में उनके वक्तव्यों और आरोपों को जनता महज़ हास्यास्पद और मनोरंजन के रूप में ले रही है।

# नीतीश कुमार का काम ही उनका जवाब, हताशा में तेजस्वी दे रहे अनर्गल बयान : राजीव रंजन प्रसाद



पटना, (ईएमएस)। जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी बयान में उन्होंने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि राजनीतिक हताशा जब शिखर पर पहुंच जाती है, तो तर्क की जगह तंज और काम की जगह आरोप भर जाते हैं। यही हाल है नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का, जो अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठा रहे हैं। तेजस्वी यादव शायद भूल गए कि नीतीश कुमार वही नेता हैं जो हर मौसम में, हर जिले में, हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं दृ कभी शिलान्यास, कभी उद्घाटन और कभी योजनाओं का निरीक्षण करते हुए। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जब तेजस्वी यादव के पास सरकार की किसी योजना या कार्य पर कोई ठोस सवाल नहीं बचा, तो वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर टिप्पणी कर रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता और मानसिक बेचैनी को दर्शाता है। तेजस्वी यादव शायद भूल गए हैं कि नीतीश कुमार वही नेता हैं, जो गर्मी हो या सर्दी, बारिश हो या धूप दृ हर जिले में, हर वर्ग के लिए, हर मौसम में सक्रिय रहते हैं। वे शिलान्यास करते हैं, योजनाओं का उद्घाटन करते हैं, और समय-समय पर निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काम ही उनका सबसे बड़ा उत्तर है। उन्होंने हाल ही में राज्य के 1 करोड़ 67 लाख उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिना शुल्क के बिजली देने की जो ऐतिहासिक घोषणा की है, वह जनकल्याण की दिशा में मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना जैसी सामाजिक योजनाएं भी धरातल पर उतर चुकी हैं, जिससे समाज के गरीब, दलित, पिछड़े वर्गों की बेटियों को सशक्त समर्थन मिल रहा है। बिहार में इथेनॉल, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योगों की स्थापना से न केवल राज्य के आर्थिक विकास को गति मिली है, बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिले हैं। बिहार की जनता अब समझ चुकी है कि काम कौन करता है और केवल बातें कौन करता है। बिहार को दिशा देने वाले नेता का नाम है नीतीश कुमार, और पोस्टर-होर्डिंग में चमकने वाले नेता का नाम है तेजस्वी यादव।

# 48 घंटे शेष, 11472 मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा करना बाकी

### सदर एसडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कि बैठक

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी विधान सभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी सदर चंदन कुमार झा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के निमित्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को बैठक आयोजित किया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि 36-मधुबनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल 3,65,809 निर्वाचक में 3,27,880 (89.63 प्रतिशत) निर्वाचकों का भरा हुआ गणना प्रपत्र प्राप्त हुआ। जिसे बीएलओ द्वारा एप के माध्यम से डिजिटलाइज कर दिया गया है।शेष अप्राप्त गणना प्रपत्र में बीएलओ द्वारा 9599(2.62 प्रतिशत) निर्वाचकों को मृत, 11436 (3.13प्रतिशत) निर्वाचकों को अनट्रेसेबल, 11292 (3.09 प्रतिशत) निर्वाचकों को स्थायी रूप से स्थानंतरित तथा 3008 (0.82 प्रतिशत) निर्वाचकों को दोहरी प्रविष्टि मार्क किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शेष अन मार्कड निर्वाचकों कि सूची उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को हस्तगत कराई गयी। सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि कोई मतदाता गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने से छूट गये हों तो उनका गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएं. ताकि ससमय गणना प्रपत्र को अपलोड किया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र में कुल 88 प्रतिशत गणना प्रपत्र प्राप्त हुए जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 90.5 प्रतिशत गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। विदित हो कि गणना प्रपत्र भरने कि अंतिम तिथि 26 जुलाई है। 1 अगस्त को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा।

# महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर पिट रहे बिहारवासी, तेजस्वी के मुंह पर लगा ताला : डॉ.निहोरा प्रसाद यादव

पटना, (ईएमएस)। जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता डॉ. निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर इन दिनों जो कुछ हो रहा है, वह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि इंडिया गठबंधन की कथित एकता का असली चेहरा भी सामने लाता है। मराठी भाषा बोलने के नाम पर हिंदी भाषी लोगों, खासकर बिहार और उत्तर प्रदेश से गए मेहनतकशों को सरेआम पीटा जा रहा है। तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि आखिर बिहारियों की पिटाई को मूकदर्शक बनकर क्यों देख रहे हैं नेता प्रतिपक्ष? उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि तेजस्वी यादव, जो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर ट्वीट करते हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, वो महाराष्ट्र में अपने बिहार के लोगों की पिटाई पर चुप क्यों हैं? क्या सत्ता की लालसा इतनी बढ़ गई है कि अब बिहारियों की अस्मिता और सम्मान को कुर्सी के नीचे कुचल देना मंजूर है? बिहार के लोगों को पीटने वालों के साथ मंच साझा करने वालों से यह पूछा जाना चाहिए कि क्या गठबंधन की मजबूरी इतनी है कि आत्म-सम्मान और प्रदेश के लोगों की सुरक्षा भी बलि चढ़ा दी जाए?

## बब्बर खालसा का गुर्गा पकड़ा गया

अमृतसर(ईएमएस)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े एक सक्रिय सदस्य आकाशदीप सिंह उर्फ बाज को इंदौर से गिरफ्तार किया है। 22 वर्षीय आकाशदीप पंजाब के अमृतसर जिले के चनके गांव का रहने वाला है और अप्रैल 2025 में बटाला के किला लाल सिंह थाने पर हुए ग्रेनेड हमले में शामिल था। पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर उसे इंदौर की एक निर्माण साइट से पकड़ा गया, जहां वह क्रेन ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि वह गुजरात से भागकर इंदौर में छिपा हुआ था। उसके खिलाफ पहले से ही आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

## गुरुग्राम में 8 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

गुरुग्राम(ईएमएस)। गुरुग्राम में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की जांच के दौरान आठ बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इन लोगों ने जो भारतीय दस्तावेज दिखाए, वे जांच में फर्जी पाए गए। अब इन्हें उनके देश वापस भेजने (डिपोर्ट करने) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी करीब 200 और संदिग्ध लोगों की जांच चल रही है, जिनमें और भी बांग्लादेशी नागरिक मिलने की आशंका है। यह पूरा अभियान गृह मंत्रालय के आदेश पर चलाया जा रहा है, जिसमें पुलिस एक महीने से दस्तावेजों की जांच कर रही है। संदिग्धों को पकड़कर होल्डिंग सेंटर भेजा जा रहा है और उनके कागज संबंधित जिलों के डीएम और एसपी से वेरिफाई कराए जा रहे हैं। जिनके दस्तावेज सही मिलते हैं, उन्हें छोड़ दिया जाता है, लेकिन जिनके फर्जी मिलते हैं, उन्हें डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

### 2006 ट्रेन धमाके के आरोपियों को मिली थी राहत

नई दिल्ली(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था।
महाराष्ट्र सरकार ने इस फैसले के खिलाफ 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक से आरोपियों की जेल से रिहाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ट्रेन ब्लास्ट केस में 13 लोग आरोपी थे। 12 सभी रिहा हो गए हैं। एक आरोपी की मौत हो गई है।

### सीरियल ब्लास्ट में 189 लोग मारे गए थे

11 जुलाई 2006 को मुंबई के वेस्टर्न सब अर्बन ट्रेनों के सात कोचों में सिलसिलेवार धमाके हुए थे। इसमें 189 पैसेंजर की मौत हो गई थी और 824 लोग घायल हो गए थे। सभी धमाके फस्ट क्लास कोचों में हुए थे। घटना के 19 साल बाद यह फैसला आया है।

# मानसून सत्र के चौथे दिन बिहार चुनाव में विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में विपक्ष का जोरदार हंगामा

## सांसदों ने नारेबाजी की और पोस्टर लहराए, लोकसभा 12 मिनट, राज्यसभा 1.45 मिनट चली

नई दिल्ली(ईएमएस)। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को चौथा दिन है। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा करने लगे। कांग्रेस सहित कई विपक्षी सांसद वेल में आकर पोस्टर लहराने लगे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि तख्तियां लेकर आने पर सदन नहीं चलेगा। उन्होंने कांग्रेस सांसदों से कहा कि ये आपके संस्कार नहीं हैं। हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही आज सिर्फ 12 मिनट चल सकी। इसे शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही सिर्फ 1:45 मिनट चल पाई। उधर संसद के बाहर मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं। प्रियंका गांधी ने खतरे में लोकतंत्र लिखा पोस्टर लहराया। राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं ने बिहार में स्ट्रक्र मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। जिसके बाद सदन को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने फिर हंगामा कर दिया। जिसके बाद सदन को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।
भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, विपक्ष और खासकर कांग्रेस सदन को चलने नहीं दे रही है। वे बाहर आकर कहते हैं कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा है, लेकिन वे सदन में चर्चा में भाग नहीं लेते, इसका क्या मतलब है? हम चर्चा के लिए तैयार हैं, वे चर्चा से भाग रहे हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, स्ट्रक्र हमारे देश की नींव को नुकसान पहुंचा रहा है क्योंकि, जब आप पिछले 70 सालों की विरासत को देखते हैं, तो हर बार बुनियादी चुनावी सुधारों में संशोधन किया गया है, नए लोगों को केवल अपना पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता होती है। आज जेडी(यू) सांसद गिरधारी यादव ने भी दावा किया कि उन्होंने सभी दस्तावेज जुटाने में काफी समय लग रहा है, सोचिए आम लोगों की स्थिति क्या होगी।

### सरकार बता दे, एसआईआर पर चर्चा करेंगे या नहीं

बिहार में एसआईआर पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, हम पिछले 3 दिनों से मांग कर रहे हैं कि एसआईआर पर चर्चा हो, लेकिन अभी तक भाजपा के मंत्री की ओर से एक भी जवाब नहीं आया है। हम उनसे बस यह पूछना चाहते हैं कि एसआईआर पर चर्चा होगी या नहीं। हां या नहीं, एक बार उनका जवाब आ जाए, तो सदन की कार्यवाही शुरू हो सकती है।



### बिहार में तेजस्वी ने पहले ही हार मान ली

बिहार एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विरोध पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि अगर वे (तेजस्वी यादव) चुनाव बहिष्कार की बात कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वे हार मान रहे हैं। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना में बुधवार शाम कहा था कि विपक्ष विधानसभा चुनाव का बायकॉट कर सकता है। इसे लेकर महागठबंधन की सभी पार्टियों के बीच विचार करेंगे।

### राज्यसभा के 5 सांसदों का कार्यकाल खत्म

राज्यसभा के 5 सांसदों का कार्यकाल आज खत्म हो रहा है। इनमें एम मोहम्मद अब्दुल्ला, एन चंद्रशेखरन, एम षणमुगम, वाइको, पी विल्सन शामिल हैं। पांचों सांसदों ने सदन में विदाई भाषण दिया।

### तख्तियां-नारेबाजी कांग्रेस के संस्कार नहीं

विपक्ष बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर विरोध कर रहा है। संसद के मानसून सत्र में भी इस मुद्दे पर खूब हंगामा हो रहा है। गुरुवार को भी कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने संसद की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा किया तो इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार ऐसे नहीं हैं। उन्होंने सांसदों से स्वस्थ चर्चा करने की अपील की। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल का नाम लेकर कहा कि ये आपकी पार्टी के संस्कार नहीं हैं। आपको लोगों ने चुनकर भेजा है। अपनी आकांक्षाएं साझा करने की जिम्मेदारी दी है, लेकिन तख्तियां लेकर आने और नारेबाजी से सदन नहीं चलेगा। ओम बिरला ने कांग्रेस सांसदों को सलाह देते हुए कहा कि वह नई पीढ़ी आपको देख रही है, वो इससे क्या सीख लेगी। नियमों के तहत सदन में चर्चा होनी चाहिए। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### सत्ता पक्ष के लोग सदन नहीं चलाना चाहतेः प्रियंका गांधी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया है कि वे ही सदन नहीं चलाना चाहते। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष नेताओं को बोलने नहीं दिया जाता। प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी ने अन्य विपक्षी सांसदों के साथ संसद परिसर में बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब भी विपक्ष के नेता सदन में बोलना चाहते हैं तो उन्हें बोलने की इजाजत नहीं दी जाती। हम चर्चा की मांग कर रहे हैं और उन्हें ये मांग माननी चाहिए। बीते सत्र में मैं ये देखकर हैरान रह गई कि सत्ता पक्ष ने सदन में हंगामा शुरू किया। उन्होंने एक मुद्दे को पकड़ा ताकि विपक्ष उस पर प्रतिक्रिया दे। जिससे हंगामा हुआ और सदन की कार्रवाई स्थगित हो गई। अगर ये उन्हें सही लगता है तो फिर ठीक है।

## फर्जी दूतावास चलाने वाला हर्षवर्धन जैन तांत्रिक चंद्रास्वामी से प्रभावित

लखनऊ,(ईएमएस)। गाजियाबाद में फर्जी दूतावास चलाकर लोगों को ठगने वाले हर्षवर्धन जैन को यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गाजियाबाद के कविनगर इलाके में उसके किराए के मकान से हुई है। आरोपी जैन खुद को इन काल्पनिक देशों का कॉन्सुल या एम्बेसडर बताता था। वह लोगों को विदेशों में नौकरी और बिजनेस डील दिलाने का झांसा देकर पैसे ऐंठता था। उसका यह ठगी का नेटवर्क सात साल तक सक्रिय रहा। पुलिस के अनुसार, हर्षवर्धन जैन का विवादित धर्मगुरु और तांत्रिक चंद्रास्वामी और अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर अदनान खशोगी से भी पुराना संबंध रहा है। साल 2011 में भी जैन पर थाने में अवैध सैटेलाइट फोन रखने का मामला दर्ज हुआ था। चंद्रास्वामी, जो पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के करीबी माने जाते थे, उनका विवादों से गहरा नाता रहा है और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। पुलिस ने बताया कि हर्षवर्धन लोगों को प्रभावित करने और ठगी करने के लिए प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य नामी हस्तियों के साथ एडिट की गई तस्वीरों का इस्तेमाल करता था।उसके पास से फर्जी विदेश मंत्रालय की मुहर, प्रेस कार्ड और विभिन्न देशों की सील भी बरामद की गई है।

# तांत्रिक ने कहा मुझे इंसान का खून और कलेजा ला दो, फिर हुआ एक घिनौना खेल

अलवर। राजस्थान के अलवर जिले से चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को वापस लाने की सनक में अपने ही 6 साल के भतीजे की बलि दे दी। यह घटना 19 जुलाई की रात सराय कलां गाँव में हुई। दरअसल 6 साल का लोकेश 19 जुलाई की रात अचानक लापता हो गया था, इसके बाद उसके पिता बिंटू ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाया दी। उसी रात गाँव के एक सुनसान मकान में तूड़े के ढेर में उसका शव मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ परिवार से कड़ी पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने 21 जुलाई को बच्चे के चाचा मनोज कुमार को गिरफ्तार किया। मनोज ने पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी कुछ समय से अपने मायके में रह रही थी और ससुराल लौटने को तैयार नहीं थी। इस बात से परेशान मनोज ने अपनी पत्नी को वश में करने के लिए तांत्रिक सुनील से संपर्क किया। तांत्रिक ने वशीकरण क्रिया के लिए 12 हजार रुपए, इंसान का खून और कलेजे की मांग की। तांत्रिक की बातों में आकर मनोज ने लोकेश को बहला-फुसलाकर गाँव के एक सुनसान मकान में ले गया। वहाँ लोकेश का गला दबाकर उसकी हत्या कर शरीर पर जगह-जगह इंजेक्शन चुभोकर खून निकालने का प्रयास किया। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी मनोज ने शव से कलेजा निकालने की कोशिश भी की गई थी। हत्या के बाद मनोज ने शव को तूड़े के ढेर में छिपा दिया, ताकि मौका मिलते ही अंग निकालकर तांत्रिक को सौंप सके। सबसे हैरान करने वाली बात यह थी कि हत्या के बाद आरोपी चाचा खुद भी परिवार के साथ मासूम को ढूंढने का नाटक करता रहा, लेकिन पुलिस की सख्ती में उसका झूठ ज्यादा देर टिक नहीं सका। मनोज की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन भी बरामद किए हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तांत्रिक सुनील पुत्र यादराम (निवासी खानपुर अहिर) को भी गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता चल सके कि तांत्रिक की और कितनी घटनाओं में भूमिका रही है।

# राहुल बोले- चुनाव आयोग ने कर्नाटक में धोखाधड़ी की

नई दिल्ली(ईएमएस)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (स्ट्रक्र) के विरोध के बीच चुनाव आयोग पर कर्नाटक में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया। राहुल ने गुरुवार को संसद के बाहर कहा कि वोटर लिस्ट रिविजन के नाम पर कर्नाटक में हजारों बोगस वोटरों के नाम जोड़े गए।
राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी करवाई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों-हजार नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है।
कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमे अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।

## अभिनेता दर्शन के मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले से नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में अभिनेता दर्शन को कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा दी गई जमानत रद्द करने संबंधी कर्नाटक सरकार की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा है। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भड़क उठा। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना कर कहा कि यह प्रथम दृष्टया विवेकाधिकार के विकृत प्रयोग का सवाल है। हम यह जांचने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हाई कोर्ट ने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए अपने दिमाग का इस्तेमाल किया है? यह चिंता का विषय है। जज पारदीवाला ने पूछा, इस मामले में जिस तरह से हाई कोर्ट ने आदेश दिया, यह कहकर बहुत दुख हो रहा है। क्या हाई कोर्ट दूसरे मामलों में भी इसी तरह का आदेश देता है? परेशान करने वाली बात यह है कि जो तर्क दिया गया, खासकर यह कहना कि हत्या के मामले में गिरफ्तारी के आधार नहीं दिए गए। शीर्ष अदालत ने कुछ आरोपियों की ओर से पेश वकीलों से एक सप्ताह के भीतर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है। दर्शन पर अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा और कई अन्य लोगों के साथ रेणुकास्वामी (33) नामक प्रशंसक का अपहरण करने और प्रताड़ित करने का आरोप है। रेणुकास्वामी ने पवित्रा को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजे थे।

## ओडिशा में आग के हवाले की गई लड़की की हालत अब भी गंभीर

पुरी,(ईएमएस)। पुरी जिले में आग के हवाले की गई 16 वर्षीय लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उपचार चल रहा है। एम्स दिल्ली ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसे हुए हिस्से के इलाज के लिए लड़की की सर्जरी की गई है। बयान में कहा गया है, वह फिलहाल ऑक्सीजन सपोर्ट पर है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उसकी हालत पर कड़ी नजर रख रही है।

## 25 जुलाई से राजगीर से कोटा, वडोदरा एवं अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और अहमदाबाद के मध्य सप्ताह में दो दिन परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 12948/12947 पटना-अहमदाबाद-पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार राजगीर तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे राजगीर, नालन्दा एवं बिहार शरीफ से कोटा, वडोदरा एवं अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही इससे राजगीर एवं नालन्दा जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यह परिचालन विस्तार राजगीर से 25 जुलाई से तथा अहमदाबाद से 28 जुलाई से प्रभावी होगा।
गाड़ी सं. 12948 राजगीर-पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस दिनांक 25 जुलाई से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक शुक्रवार एवं बुधवार को राजगीर से 21.00 बजे खुलकर 21.12 बजे नालन्दा, 21.30 बजे बिहार शरीफ, 22.21 बजे बख्तियारपुर, 23.00 बजे पटना साहिब रुकते हुए 23.35 बजे पटना पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे खुलकर अपने निर्धारित ठहराव एवं समयानुसार रुकते हुए तीसरे दिन 03.50 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। अजीमाबाद एक्सप्रेस दिनांक 28 जुलाई से अहमदाबाद से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 21.50 बजे खुलकर अपने निर्धारित समय एवं ठहराव के अनुसार रुकते हुए तीसरे दिन अर्थात बुधवार एवं शुक्रवार को 04.20 बजे पटना पहुंचेगी।

## हुमा कुरैशी की फिल्म बयान टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 के लिए चयनित

मुंबई। अभिनेत्री हुमा कुरैशी की थ्रिलर फिल्म बयान को प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के लिए आधिकारिक तौर पर चुन लिया गया है। हुमा ने चयन पर अपनी खुशी व्यक्त की, खासकर इसलिए क्योंकि फिल्म ने उन्हें एक सशक्त महिला किरदार निभाने का मौका दिया है, जो न्याय व्यवस्था की बड़ी ताकतों के खिलाफ खड़ी होती है। उन्होंने एक ऐसी कहानी को पेश करने वाली समर्पित और निडर टीम के साथ काम करने पर भी संतोष जताया। हुमा ने बताया कि फिल्म का विश्व प्रीमियर टीआईएफएफ 2025 के डिस्कवरी सेक्शन में होगा। यह सेक्शन क्रिस्टोफर नोलन, अल्फोंसो क्वारोन और बैरी जेनकिंस जैसे कई प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं की दुनिया के सामने लाने के लिए जाना जाता है। फिल्म के निर्देशक विकास रंजन मिश्रा ने टीआईएफएफ के डिस्कवरी सेक्शन में अपनी दूसरी फीचर फिल्म बयान का प्रदर्शन होने पर सम्मान की बात बताया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सं0- 04-GSU-DHN-2025-26**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **1. कार्य का नाम,स्थान तथा समापन अवधिः-** मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के अंतर्गत ओबरा डिपो में माल ढुलाई रखरखाव सुविधाओं में सुधार – 12 (बारह) महीने **2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 88906067.70 **3. ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 12.08.2025 को 15.00 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 12.08.2025 को 16.00 बजे से। **5. वेबसाईट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। नोटः- (1) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in. अवलोकन करें।

**कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**

पीआर/0643/जीएस/डीएचएन/टी/25-26

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 4 दिन बाद एअर इंडिया के 112 पायलटों ने छुट्टी ली

### सिविल एविएशन मंत्री नायडू ने संसद को बताया

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 4 दिन बाद एअर इंडिया के 112 पायलटों ने बीमारी की छुट्टी ली। इसकी जानकारी सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने गुरुवार को संसद में दी। उन्होंने बताया कि 16 जून को 61 सीनियर पायलट और 51 फ्लाइट ऑफिसरों ने छुट्टी के लिए आवेदन किया। केंद्रीय मंत्री नायडू ने बताया कि इस तरह के हादसे के बाद पायलटों के मानसिक स्वास्थ्य को पहचानना और ठीक करने के लिए प्रबंधन करना बहुत जरूरी है। मंत्री ने बताया कि अब एयरलाइनों को सलाह दी गई है कि वे पायलटों के लिए सपोर्ट ग्रुप बनाएं।
इधर, डीजीसीए (डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन) ने एअर इंडिया को 4 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस केबिन क्रू के आराम और ड्यूटी नियमों, ट्रेनिंग रूल्स, और ऑपरेशनल प्रोसीजर के उल्लंघन को लेकर दिया गया हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, डीजीसीए ने एअर इंडिया को 23 जुलाई को नोटिस जारी किए। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हमें पिछले एक साल में दी गई स्वैच्छिक जानकारी के आधार पर ये नोटिस मिले हैं। हम निर्धारित समय में इनका जवाब देंगे। हमारी प्राथमिकता हमारे क्रू और यात्रियों की सुरक्षा है।

## शिरडी के साईं संस्थान को मिला धमकी भरा मेल

शिरडी, (ईएमएस)। शिरडी के साईं संस्थान को एक धमकी भरा मेल मिला है। मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी वाला यह मेल भगवंत मान ऐट द रेट यांडेक्स डॉट कॉम नाम के ईमेल आईडी से आया है। शिरडी के साईं संस्थान ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। पुलिस साइबर विशेषज्ञों की मदद से ईमेल भेजने वाले की तलाश कर रही है। आपको बता दें कि इससे पहले भी शिरडी के साईं संस्थान को फोन करके या ईमेल भेजकर धमकी देने के मामले सामने आ चुके हैं। हर बार धमकी मिलने पर पुलिस तुरंत जांच शुरू कर देती है। धमकी भेजने वाले की तलाश की जाती है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। शिरडी के साईं मंदिर में हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। साईं बाबा के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ उमड़ती है। इसी वजह से मंदिर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं। साथ ही, मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। मगर आए दिन धमकी भरे मेल आ रहे हैं जो चिंता का विषय बन गया है।

# खेल प्रशासन के तरीके को पूरी तरह बदल देगा, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, जो कि हाल ही में लोकसभा में प्रस्तुत किया गया है, भारत में खेल प्रशासन के तरीके को पूरी तरह से बदलने का वादा करता है। यह विधेयक देश में खेल निकायों की पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यप्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से कई बड़े बदलाव प्रस्तावित करता है।
राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के अनुसार अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कोई भी व्यक्ति लगातार केवल तीन कार्यकाल (कुल 12 वर्ष) तक ही रह सकता है। पदाधिकारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष निर्धारित की गई है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय नियमों की अनुमति होने पर नामांकन के समय इस सीमा को 75 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं किसी भी खेल संस्था की कार्यकारी समिति में अधिकतम 15 सदस्य हो सकते हैं, जिससे वित्तीय दबाव कम किया जा सके। कार्यकारी समिति में कम से कम दो उत्कृष्ट खिलाड़ी और चार महिलाओं का होना अनिवार्य होगा। यह कदम खेल प्रशासन में लैंगिक समानता और खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। यह विधेयक की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है, जो सभी राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ्स) को मान्यता देने या निलंबित करने का सर्वोच्च अधिकार रखेगा।
वहीं एनएसबी में एक अध्यक्ष और सदस्य होगा, जिनकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा योग्य, ईमानदार और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के द्वारा की जाएगी। ये नियुक्तियां एक खोज सह चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर होंगी, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट सचिव या खेल सचिव करेगा। इस समिति में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक, दो अनुभवी खेल प्रशासक और एक प्रसिद्ध खिलाड़ी (जिन्हें द्रोणाचार्य, खेल रत्न या अर्जुन पुरस्कार मिला हो) शामिल रहन वाले है।
एनएसबी किसी भी राष्ट्रीय खेल संगठन की मान्यता रद्द कर सकता है यदि वह समय पर चुनाव नहीं कराता, चुनाव प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियां मिलती हैं, सालाना ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित नहीं करता, या सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करता है। इसतरह के कदम उठाने से पहले बोर्ड को संबंधित वैश्विक संस्था से परामर्श करना होगा। केवल वही खेल संगठन जिन्हें एनएसबी से मान्यता मिली होगी, वे ही केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता या मदद प्राप्त कर सकते है।
वहीं केंद्र सरकार के द्वारा पेश किए गए बिल में देश की विभिन्न अदालतों में लंबित 350 से अधिक खेल-संबंधी मामलों को निपटाने के लिए इस न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा, जिसे सिविल कोर्ट जैसी सभी शक्तियां प्राप्त होंगी। इसमें एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य होंगे हैं, अध्यक्ष कोई वर्तमान या सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश या किसी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश होगा। न्यायाधिकरण में सदस्यों की नियुक्ति भी केंद्र सरकार द्वारा एक समिति की सिफारिशों के आधार पर की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उनके द्वारा नामित सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश द्वारा की जाएगी। केंद्र सरकार के पास न्यायाधिकरण के सदस्यों को हटाने का अधिकार होगा यदि वे नियमों का उल्लंघन करते हैं या सार्वजनिक हित के खिलाफ कार्य करते हैं। इस न्यायाधिकरण के आदेशों के खिलाफ केवल सुप्रीम कोर्ट में अपील की जा सकेगी, जिससे न्याय प्रक्रिया तेज और स्थिर बनेगी। अपील न्यायाधिकरण के निर्णय के 30 दिनों के भीतर दायर करनी होगी।





### सूचना का अधिकार

सभी मान्यता प्राप्त खेल संगठन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आ जाएंगे, खासकर अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के संबंध में। यह प्रावधान बीसीसीआई और सरकार के बीच विवाद का कारण बन सकता है, क्योंकि क्रिकेट के ओलंपिक खेल बनने के बाद बीसीसीआई को एनएसबी के साथ पंजीकरण कराना होगा। कोई भी खेल संगठन यदि 'भारत' या 'भारतीय' या 'राष्ट्रीय' शब्द या किसी भी राष्ट्रीय प्रतीक या चिह्न का उपयोग करना चाहता है, तब केंद्र सरकार से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) लेना होगा। केंद्र सरकार राष्ट्रीय खेल बोर्ड या किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को इस विधेयक के प्रावधानों के प्रभावी प्रशासन के लिए आवश्यक निर्देश भी दे सकती है। केंद्र सरकार को असाधारण परिस्थितियों और राष्ट्रीय हित में किसी संबंधित खेल की राष्ट्रीय टीम की भागीदारी पर उचित प्रतिबंध लगाने का अधिकार भी दिया जाएगा।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, धनबाद**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**(गुमशुदा का सूचना)**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा लड़की अदिति डे, उम्र-18 वर्ष, पिता पंकज डे, सा0-तीन नम्बर चढ़ाई नियर लाइंस क्लब, थाना चिरकुण्डा, जिला धनबाद, रंग गोरा, पहनावा लाल रंग का शर्ट एवं काला रंग का ट्राउजर, सफेद जुता पहने हुए, कद 05 फीट 01 इंच सफेद रंग का जुता पहने हुए है

इस संबंध में चिरकुण्डा थाना सन्हा संख्या-16/25, दिनांक 07.07.25 अंकित कर खोजबीन की जा रही है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया निम्नांकित नंबर पर सूचित करने की कृपा की जाय।

0326-2220802 (वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, धनबाद)
094317-06373 (अनु0पु0पदा0 निरसा, धनबाद)
94317-06403 (थाना प्रभारी, चिरकुण्डा, धनबाद)

वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद

PR 358113 (Police)25-26*D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### भारतीय संसद में चुनाव आयोग के एसआईआर पर चर्चा क्यों नहीं

भारतीय संविधान ने लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को स्वतंत्र रूप से अपनी भावना किसी भी विषय पर रखने के लिए अधिकार दे रखा है। संसद पर सांसद द्वारा जो पक्ष रखा जाता है, उस कथन को किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है। भारतीय संविधान की मूल भावना है, संसद सदस्य के रूप में संसद के अंदर कोई भी सदस्य अपनी बात किसी भी डर, भय के बिना रख सके। संसद में बहुमत के आधार पर फैसला होता है। संसद किसी भी विषय पर चर्चा कर सकती है। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा जिस तरह से मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य कर रहा है, उसके खिलाफ सभी विपक्षी दल एकजुट होकर संसद के अंदर चर्चा की मांग कर रहे हैं। सरकार और लोकसभा के अध्यक्ष चुनाव आयोग द्वारा की जा रही कार्रवाई पर चर्चा कराने के लिए तैयार नहीं है। सरकार और अध्यक्ष की ओर से स्पष्ट संदेश विपक्ष को दिया गया है। चुनाव आयोग के बारे में कोई चर्चा सदन के अंदर नहीं होगी, इसको लेकर विपक्ष के सभी राजनीतिक दल संसद के अंदर और संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के वेणुगोपाल और अन्य संसद सदस्यों द्वारा दावा किया जा रहा, सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं होती है। जो सवाल चुनाव आयोग से पूछा जाता है उसका जवाब भाजपा देती है। यह एक असामान्य स्थिति है। विपक्षी दलों का कहना है, कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा इत्यादि राज्यों में विधानसभा चुनाव के दौरान भारी गड़बड़ी चुनाव आयोग द्वारा की गई है। जानकारी मांगने पर भी चुनाव आयोग द्वारा जानकारी नहीं दी जाती है। मनमाने तरीके से नियम बनाए जा रहे हैं। बिहार में भी जिस नियम के तहत पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है उसमें जिस आधार से दस्तावेज तैयार किए जाते हैं, उसी आधार को नकारा जा रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग अब निष्पक्ष और स्वतंत्र होने का दिखावा भी नहीं कर रहा है। वह सरकार के इशारे पर कार्य कर रहा है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय है, जिस तरह से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जा रही है। चुनाव आयोग राजनीतिक दलों से चर्चा नहीं करना चाहता है। चुनाव आयोग को जो विशेष अधिकार मिले हुए हैं चुनाव आयोग द्वारा उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। जो प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों के खिलाफ है। चुनाव आयोग और सरकार द्वारा जिस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं, उससे बचने के लिए चुनाव आयोग स्वायत्ता के आधार पर लोकतंत्र को समाप्त करने जैसी कार्रवाई कर रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतदाता के नागरिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। केंद्रीय चुनाव आयोग को नागरिकता के मामले में जांच करने का कोई अधिकार ही नहीं है। सरकार का काम केंद्रीय चुनाव आयोग असंवैधानिक तरीके से कर रहा है। सरकार उसे संरक्षण दे रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग मतदान और मतदाता से संबंधित शिकायतों तथा मांगी गई जानकारी राजनीतिक दलों से क्यों छुपा रहा है? जो उसे पिछले सात दशक से मिलती रही है। विपक्षी दलों का आरोप है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से लेकर चुनाव कराने और परिणाम घोषित करने में केंद्रीय चुनाव आयोग सरकार के दबाव में काम कर रहा है। इस पर संसद सदस्य संसद के अंदर चर्चा करना चाहते हैं। सरकार चुनाव आयोग को बचाना चाहती है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से सदस्यों को जो संरक्षण मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। जिस संसद में सदस्यों को बोलने का सर्वाधिकार है बोलने पर बंदिश क्यों लगाई जा रही है? विपक्षी राजनीतिक दलों के सदस्यों को बोलने नहीं दिया जाता है। माइक बंद कर दिए जाते हैं। इस तरह के आरोप पिछले कुछ समय से लग रहे हैं। अब तो विपक्षी दल आरोप लगाते हैं, भारत में संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में है। विपक्षी दल चुनाव आयोग से जानकारी मांगते हैं जानकारी ना देना पड़े इसके लिए रातों-रात कानून बदल दिया जाता है। चुनाव आयोग अपनी मनमर्जी से नए-नए नियम और कानून बना लेता है। चुनाव प्रक्रिया को बदल देता है। हर बार नई प्रक्रिया को लागू कर देता है। इसके विरोध में पहली बार सारे विपक्षी राजनीतिक दल एकजुट हो गए हैं। संविधान ने नागरिकों को मतदान का मौलिक अधिकार दिया है। चुनाव आयोग जिसकी जिम्मेदारी है सभी नागरिक चुनाव में भाग ले सकें वहीं चुनाव आयोग कई बार चुनाव में मतदान कर चुके मतदाताओं को धार्मिक और राजनीतिक आधार पर काट रहा है। इसको लेकर एक जबरदस्त प्रतिक्रिया राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम जनता के बीच में देखने को मिलने लगी है। चुनाव आयोग जो कार्य कर रहा है वह एनआरसी की तरह है। असम में लोग इसका हश्र देख चुके हैं। मतदाता भी अपने अधिकार को बचाने के लिए जिस तरह से उद्वेलित होकर सड़कों पर आ रहा है. इससे मामले की गंभीरता को समझते हुए संसद के अंदर केंद्रीय चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाने की दिशा में संसद कार्य कर सकती है। भारतीय संविधान में चेक और बैलेंस के अंतर्गत अधिकारों का वर्गीकरण किया गया है। कोई भी संस्था भस्मासुर की तरह नहीं हो सकती है। संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकार सुरक्षित किए हैं। कोई भी संस्था मौलिक अधिकारों को खत्म नहीं कर सकती है। ना ही ऐसा कोई नियम और कानून बना सकती है जिसमें नागरिकों के मौलिक अधिकार कम या खत्म हों। संविधान ने संसद को कानून और नियम बनाने की शक्तियां दी हैं। कानून और नियम को लेकर यदि संसद के अंदर बात नहीं होगी तो कहां होगी? यह आश्चर्य का विषय है। जिस तरह से अब विपक्षी दल यह कहने लगे हैं बहुमत के बल पर विपक्ष को संसद के अंदर बोलने नहीं दिया जा रहा है। सांसदों के बोलने पर सेंसरशिप लगाई जा रही है। बोलने के पहले संसद के अंदर उनसे प्रमाण मांगे जा रहे हैं। ऐसे में संविधान और लोकतंत्र कैसे सुरक्षित है, इसको लेकर अब आम जनता के बीच में भी चर्चा होने लगी है। जब संसद के अंदर संसद सदस्य अपनी बात नहीं रख सकते हैं तब आम नागरिकों के अधिकार कैसे सुरक्षित रह सकते हैं। सरकार, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के सभापति और सभी राजनीतिक दलों के मुखिया इस मामले में गंभीरता से मंथन करें। आज जो सत्ता में है कल विपक्ष में हो सकता है। जो आज विपक्ष में है कल सत्ता में हो सकता है। भारतीय संविधान और भारतीय लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी दोनों ही पक्षों की है।

### करोड़ों का सवाल : कौन बनेगा उप-राष्ट्रपति.... नीतीश या कोई ओर...?

**ओमप्रकाश मेहता**

श्री जगदीप धनखड़ ने उप-राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा क्यों व किसके निर्देश पर दिया? यह सवाल तो अब पुराना हो गया है, बदलते राजनीतिक घटनाक्रम में अब अहम् सवाल यह है कि अगला उप- राष्ट्रपति कौन? क्या बिहार के विधानसभा चुनावों की राजनीतिक प्रतिष्ठा के दौर में वहां के मौजूदा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को यह पद सौंपा जा सकता है? इस प्रयोग से केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा को दोहरी राजनीतिक उपलब्धि हो सकती है, एक ओर जहां बिहार के सशक्त नेता का भाजपा प्रवेश दूसरा बिहार में भाजपा की बढ़ती संभावनाएं, वैसे भी पिछले कुछ समय से मोरी और नीतीश के बीच राजनीतिक सौहार्द में अभिवृद्धि जगजाहिर हो रही है, इसलिए दिल्ली से पटना तक चल रहे मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम को पूर्णतः प्रायोजित समझना कतई गलत नही होगा और जहां तक जगदीप धनखड़ का सवाल उन्हें तो चंद घण्टों में ही सड़क पर अकेले खड़ा कर दिया गया है, यह मोदी की राजनीतिक कूटनीति का ताजा ज्वलंत उदाहरण है। वैसे भी इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम को सूक्ष्म नजरों से देखा जाए तो यह परिलक्षित होता है कि भाजपा एक कमजोर पार्टी नही कहलाना चाहती थी, पिछले एक साल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी केन्द्र में स्थिरता का आभास कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है और उनके इस प्रयास में जो भी बाधा बनता है, उसे वे अलग-थलग कर देते है, दो न्यायाधीशों के महाभियोग के प्रकरण में चूंकि धनखड़ भी दिलचस्पी दिखा रहे थे, जो मोदी को बिल्कुल पसंद नही था, इसलिए यह घटनाक्रम घटित हुआ साथ ही धनखड़ ने राज्यसभा में विधायी कार्यों को नियंत्रित करने का प्रयास भी किया था, जो मोदी जी को पसंद नही था और इस कारण से यह पूरा राजनीतिक घटनाक्रम घटित हुआ और धनखड़ को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा, नेतृत्व की नाराजी रातों-रात किसी राजनेता का क्या हश्र कर देती है, यह इसका सबसे बड़ा और ताजा उदाहरण है। हाँ, तो आज का मुख्य बिन्दू कौन बनेगा उप-राष्ट्रपति था, संविधान के नियमानुसार उप- राष्ट्रपति पति के इस्तीफें के बाद साठ दिवस की अवधि में नए उप- राष्ट्रपति का चुनाव होना चाहिए, इसलिए सितम्बर अंत तक नया उप- राष्ट्रपति चुनना मौजूदा नरेन्द्र मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता होगी।

# 17 वर्षीय अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स की बलिदान गाथा

**डा. श्रीगोपालनारसन**

**(जन्म दिवस 25 जुलाई पर)**



जो उम्र युवाओ की अपनी पढ़ाई कर बेहतर भविष्य के सपने बुनने की होती है ,उस मात्र 17 वर्ष की उम्र में छात्र जगदीश प्रसाद वत्स ने भारत मां को आजाद कराने के लिए सीने पर गोलियां खाकर देशप्रेम व बहादुरी का एक इतिहास लिख दिया था। 7 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स,जिन्होंने सन 1942 में हरिद्वार के ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज में पढ़ते हुए आजादी का बिगुल बजाया था। कालेज के छात्रों का नेतृत्व करते हुए 17 वर्षीय जगदीश प्रसाद वत्स ने तिंरगे झण्डे हाथ में लेकर अंग्रेज पुलिस को चुनौती देने का साहस किया था। 13 अगस्त सन 1942 की रात्रि में छात्रावास में हुई छात्रो की एक बैठक में 14 अगस्त को तिरंगे फैहराने के लिए सडको पर निकलने और भारत माता की जय, इंकलाब जिन्दाबाद के नारे लगाने के लिए, लिए गए निर्णय को अमलीजामा पहनाते हुए छात्रों का दल 14 अगस्त की सवेरे ही हरिद्वार की सडको पर निकल पडा था। पुलिस की छावनी के बीच भी जब छात्र जगदीश प्रसाद वत्स ने सुभाष धाट पर पहला तिरंगा फैहराया तो अंग्रेज पुलिस की एक गोली उनके बाजू को चीरती हुई निकल गई । धायल जगदीश ने धोती को फाडकर धाव पर बांध लिया और फिर दुसरा तिरंगा फैहराने के लिए डाकधर की तरफ दौड लगा दी। पुलिस की गोली चलने से बाकी छात्र तो तितर बितर हो गए थे, लेकिन 17 वर्षीय जगदीश तिरंगे फैहराने की जिद पर अडिग रहा और उसने दौडते हुए जाकर दुसरा तिरंगा डाकधर पर फैहरा दिया। वहां भी पुलिस ने गोली चलाई जो जगदीश के पैर में लगी। जगदीश ने फिर पटटी स्टेशन पर पहुंचकर पाइप के रास्ते उपर चढकर तीसरा तिरंगा फैहरा दिया। जैसे ही जगदीश तिरंगा फैहराकर नीचे उतरा तो राजकीय रेलवे पुलिस के इन्सपैक्टर प्रेम शंकर श्रीवास्तव ने उन्हे धेर लिया। जगदीश ने तांव में आकर एक थप्पड इन्सपैक्टर श्रीवास्तव को रसीद कर दिया, जिससे वह नीचे गिर पडा। इन्सपैक्टर ने नीचे पडे पडे ही एक गोली जगदीश को मार दी जो उनके सीने में लगी। तीसरी गोली लगते ही जगदीश मुर्छित हो गया। जिन्हे इलाज के लिए देहरादून सेना अस्पताल ले जाया गया। बताते है कि वहां जगदीश को एक बार होश आया था और उनसे माफी मांगने को कहा गया था परन्तु माफी न मांगने पर उन्हे कथित रूप में जहर का इंजेक्शन देकर उनकी हत्या कर दी गई। सहारनपुर जिले के ग्राम खजूरी अकबरपुर निवासी जगदीश वत्स का शव भी पुलिस ने उनके पिता पंडित कदम सिंह शर्मा को नही दिया था।उल्टे दुस्साहसी अंग्रेजो ने जगदीश वत्स को गोली मारने वाले पुलिस इन्स्पैक्टर प्रेम शंकर श्रीवास्तव को पुलिस मैडल प्रदान किया था। लेकिन देश आजाद होने पर प्रथम प्रधान मन्त्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जगदीश वत्स की राष्ट्रभक्ति व वीरता की प्रंशसा करते हुए एक विजय ट्राफी वत्स परिवार को दी थी। जो धरोहर केरूप में आज भी सुरक्षित है। जगदीश वत्स की स्मृति में उनके गांव खजूरी अकबरपुर में एक जूनियर हाई स्कूल है जो स्थापना पचास वर्ष बाद भी हाई स्कूल और इंटर कॉलेज तक नही बन पाया, एक अस्पताल है ,जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आगे नही बढ़ पाया, एक सडक है,जो जीर्णशीर्ण हालत में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। वही हरिद्वार के भल्ला पार्क में सन्त ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सहयोग से शहीद जगदीश वत्स की प्रतिमा लगाई गई,जहां स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण अतिक्रमण व गन्दगी के पांव पसार लिए है ।अलबत्ता ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में उनकी प्रतिमा सम्माजनक रूप मे स्थापित है। इसी कॉलेज प्रतिवर्ष उनकी याद में एक वालीबाल टूर्नामेन्ट भी कराया जाता है।अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के परिवार में किसी भी आश्रित ने सरकार से स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पेंशन या अन्य कोई सम्मान या सरकारी सहायता आज तक स्वीकार नही की।जबकि जगदीश की शहादत के एक वर्ष के अन्दर उनके माता पिता की मृत्यु हो गई थी और घर में परिवार के नाम पर शहीद जगदीश की 15 वर्षीय छोटी बहन प्रकाशवती,13 वर्षीय छोटी बहन चन्द्रकला,10 वर्षीय छोटी बहन सुरेश वती और मात्र 5 वर्षीय छोटा भाई सुरेश दत्त वत्स रह गए थे।

जिनके पालन पोषण की जिम्मेदारी 15 वर्षीय बहन प्रकाश वती पर आन पडी थी तो भी सरकारी सहायता को ठुकरा देना आजादी के बाद की यह एक बडी मिशाल है।फिर भी सरकार चाहती तो शहीद जगदीश वत्स की स्मृति में उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर अंतर्गत ग्राम खजूरी अकबरपुर में पचास वर्षों से चल रहे जगदीश प्रसाद स्मारक विद्यालय को जूनियर हाईस्कूल को पहले हाई स्कूल और फिर इंटर किया जा सकता है।सही मायनों में जनपद सहारनपुर व हरिद्वार के एक मात्र शहीद जगदीश प्रसाद वत्स को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिए।क्या भारत सरकार या फिर उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सरकारें इस बाबत पहल कर इस शहीद को सम्मान दिलाएंगी या फिर देश के लिए यह शहादत यूं ही इतिहास के पन्नो में भूला दी जाएगी।

# भारत में सहकारिता का सशक्तिकरण और 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

**पूनम चतुर्वेदी शुक्ला**

भारत में सहकारिता आंदोलन सामाजिक और आर्थिक समावेशिता का एक महत्वपूर्ण साधन रहा है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (International Year of Cooperatives, IYC 2025) घोषित किया जाना इस क्षेत्र की वैश्विक और स्थानीय प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इस वर्ष का थीम, Cooperatives Build a Better World, सहकारी समितियों की सतत और समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को 2030 तक प्राप्त करने में सहायता करता है (United Nations, 2024)। भारत, जिसे इस वैश्विक उत्सव की शुरुआत के लिए चुना गया है, सहकारी आंदोलन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए एक अनूठा अवसर प्राप्त करता है। यह संपादकीय भारत में सहकारिता के सशक्तिकरण के उपायों और 2025 के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालता है, जो सामाजिक-आर्थिक विकास में सहकारी समितियों की भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक रोडमैप प्रस्तुत करता है।सहकारिता आंदोलनः भारत का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

भारत में सहकारिता का इतिहास 1904 के सहकारी ऋण समिति अधिनियम से शुरू होता है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण किसानों को साहूकारों के शोषण से बचाना और सस्ते ऋण प्रदान करना था (Drishti IAS, 2024)। स्वतंत्रता के बाद, सहकारी समितियों को सामुदायिक विकास का एक महत्वपूर्ण साधन माना गया, और प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) में इनका विशेष महत्व रहा। आज, भारत में लगभग 8 लाख सहकारी समितियाँ और 29 करोड़ से अधिक सदस्य हैं, जो कृषि, डेयरी, मत्स्य पालन, आवास, और वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में योगदान दे रही हैं (Drishti IAS, 2024)। अमूल, गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (GCMMF), इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो 3.6 मिलियन से अधिक दुग्ध उत्पादकों को जोड़ता है, जिनमें अधिकांश छोटे और सीमांत किसान हैं, विशेष रूप से महिलाएँ (Drishti IAS, 2024)। सहकारी समितियाँ देश के कृषि ऋण वितरण का 20%, उर्वरक वितरण का 35%, और चीनी उत्पादन का 31% हिस्सा संभालती हैं, जो उनकी आर्थिक प्रासंगिकता को दर्शाता है।

हालांकि, सहकारी समितियाँ प्रबंधकीय अक्षमता, वित्तीय संसंधनों की कमी, और तकनीकी पिछड़ेपन जैसी चुनौतियों से जूझ रही हैं। इन समस्याओं ने सहकारी आंदोलन की गति को धीमा किया है, जिसके समाधान के लिए नीतिगत, तकनीकी, और सामुदायिक स्तर पर समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। 2025 का अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष इन चुनौतियों का सामना करने और सहकारी समितियों को सतत विकास के लिए एक प्रभावी मॉडल के रूप में स्थापित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। 2025ः अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का महत्व

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 जून 2024 को 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया, जो 2012 के बाद दूसरी बार इस तरह का वैश्विक उत्सव है (United Nations, 2024)। इस वर्ष का थीम, Cooperatives Build a Better World, सहकारी समितियों की सामाजिक, आर्थिक, और पर्यावरणीय आयामों में सतत विकास में योगदान को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सहकारी समितियाँ गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता, और सतत आर्थिक विकास जैसे SDGs को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं (United Nations, 2024)। भारत में इस वर्ष का औपचारिक उद्घाटन नई दिल्ली में 25-30 नवंबर 2024 को आयोजित ICA ग्लोबल कोऑपरेटिव कॉन्फ्रेंस और जनरल असेंबली में हुआ, जिसमें 100 से अधिक देशों के 3000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया (Permanent Mission of India in Geneva, 2025)। इस आयोजन ने सहकारी समितियों के लिए चार प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित कियाः सहकारी पहचान की पुष्टि, सहायक नीतियों का विकास, मजबूत नेतृत्व का निर्माण, और सतत भविष्य की स्थापना।

भारत के लिए यह अवसर विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश की सहकारी नीति सहकार से समृद्धि (Prosperity through Cooperation) के साथ संरेखित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस वर्ष के उद्घाटन और एक स्मारक डाक टिकट का विमोचन भारत की सहकारी आंदोलन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है (Permanent Mission of India in Geneva, 2025)। यह वैश्विक मंच भारत को सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर इसकी प्रभावशीलता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

सहकारिता के सशक्तिकरण के लिए उपाय

नीतिगत सुधार और सहकारिता मंत्रालय की भूमिका

2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को पुनर्जनन देने का एक ऐतिहासिक कदम था। मंत्रालय ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) को बहुउद्देश्यीय बनाने के लिए मॉडल उप-नियम 5.1.202 लागू किए, जो PACS को डेयरी, मत्स्य पालन, और भंडारण जैसे क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं (Ministry of Cooperation, n.d.)। दिसंबर 2023 तक, 2000 PACS को जन औषधि केंद्रों के रूप में चिह्नित किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती दवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी (Ministry of Cooperation, n.d.)। इसके अतिरिक्त, 2022 का बहु-राज्य सहकारी समिति (संशोधन) अधिनियम सहकारी चुनाव प्राधिकरण की स्थापना के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देता है (Drishti IAS, 2024)।

संयुक्त राष्ट्र ने भी राष्ट्रीय समितियों के गठन को प्रोत्साहित किया है ताकि IYC 2025 की गतिविधियों का समन्वय किया जा सके (United Nations, 2024)। भारत में ऐसी समितियाँ स्थानीय सरकारों, सहकारी समितियों, और नागरिक समाज को एकजुट करके नीतिगत ढांचे को मजबूत कर सकती हैं।

# जल संकट : टिकाऊ प्रबंधन की अनिवार्यता

**डॉ. शैलेश शुक्ला**

विश्व बैंक (2025)ः विश्व बैंक की एक हालिया रिपोर्ट (अप्रैल 2025) में कहा गया है कि भारत, जो विश्व की 18% आबादी का घर है, के पास केवल 4% जल संसाधन उपलब्ध हैं, जिससे यह विश्व के सबसे अधिक जल-तनावग्रस्त देशों में से एक है। जलवायु परिवर्तन और अनियमित मानसून ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है। विश्व बैंक के अनुसार, वैश्विक स्तर पर लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित पेयजल की पहुंच से वंचित हैं और 4.2 अरब लोगों को स्वच्छता सुविधाओं का अभाव है। भारत में, नीति आयोग की 2018 की रिपोर्ट ने चेतावनी दी थी कि 2030 तक देश के 40% से अधिक हिस्से में गंभीर जल संकट हो सकता है। दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद जैसे प्रमुख शहर पहले ही डे ज़ीरो की स्थिति का सामना कर चुके हैं, जहां जल स्रोत पूरी तरह सूख गए। यह आंकड़ा और भी भयावह है : भारत में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1951 में 5,177 घन मीटर से घटकर 2025 में केवल 1,341 घन मीटर रह गई है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि तत्काल कार्रवाई की मांग करती है। जल संकट अब केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संकट का रूप ले चुका है। इस संपादकीय में, हम जल संकट के कारणों, प्रभावों और टिकाऊ जल प्रबंधन की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे, साथ ही भारत के संदर्भ में व्यावहारिक समाधानों का प्रस्ताव देंगे।

जल संकट के पीछे कई परस्पर जुड़े कारक हैं। सबसे पहले, जनसंख्या वृद्धि और शहरीकरण ने जल की मांग को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ा दिया है। भारत की जनसंख्या 1.4 अरब को पार कर चुकी है और 2030 तक 50% से अधिक लोग शहरों में रहने लगेंगे। शहरी क्षेत्रों में पानी की खपत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कहीं अधिक है, क्योंकि औद्योगीकरण, घरेलू उपयोग और जीवनशैली में बदलाव ने जल की मांग को बढ़ाया है। दूसरा, जलवायु परिवर्तन ने जल चक्र को बाधित किया है। अनियमित मानसून, सूखा और बाढ़ की बढ़ती घटनाएं जल संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित कर रही हैं। उदाहरण के लिए, 2023 में भारत के कई हिस्सों में मानसून की बारिश औसत से 10-15% कम रही, जिसने जलाशयों और भूजल स्तर को और कम कर दिया। तीसरा, जल संसाधनों का अति-दोहन एक प्रमुख समस्या है। भारत में 80% से अधिक पेयजल और सिंचाई भूजल पर निर्भर है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार, देश के 17 राज्यों में भूजल स्तर अति-दोहन की श्रेणी में है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्य, जो भारत के खाद्यान्न उत्पादन का केंद्र हैं, सबसे अधिक प्रभावित हैं। चौथा, जल प्रदूषण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। गंगा, यमुना और अन्य प्रमुख नदियां औद्योगिक कचरे, सीवेज और कृषि रसायनों से प्रदूषित हो चुकी हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 70% सतही जल प्रदूषित है, जिससे पेयजल की कमी और बढ़ रही है।

अंत में, नीतिगत और प्रशासनिक कमियां भी जिम्मेदार हैं। जल प्रबंधन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण का अभाव, विभिन्न विभागों में समन्वय की कमी और अवैध जल उपयोग को रोकने में नाकामी ने संकट को गहरा किया है। जल संकट के प्रभाव : जल संकट के प्रभाव बहुआयामी हैं। सबसे पहले, यह स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालता है। दूषित पानी के सेवन से डायरिया, हैजा और टाइफाइड जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष 4 लाख से अधिक लोग जलजनित बीमारियों के कारण मरते हैं। दूसरा, जल संकट कृषि और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करता है। भारत में 60% से अधिक कृषि सिंचाई पर निर्भर है और भूजल की कमी ने फसल उत्पादन को कम किया है। 2019 में, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में सूखे के कारण लाखों किसान प्रभावित हुए, जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाई।

तीसरा, जल संकट सामाजिक असमानता को बढ़ाता है। गरीब और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को स्वच्छ पानी की सबसे अधिक कमी झेलनी पड़ती है। महिलाएं और बच्चियां, जो अक्सर पानी लाने की जिम्मेदारी संभालती हैं, को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी शिक्षा और आजीविका पर असर पड़ता है।

चौथा, जल की कमी औद्योगिक उत्पादन और आर्थिक विकास को प्रभावित करती है। जल-गहन उद्योग जैसे कपड़ा, चमड़ा और बिजली उत्पादन पानी की कमी के कारण उत्पादन में कटौती कर रहे हैं। यह रोजगार और जीडीपी पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

टिकाऊ जल प्रबंधन की आवश्यकता : जल संकट से निपटने के लिए टिकाऊ जल प्रबंधन अपरिहार्य है। टिकाऊ जल प्रबंधन का अर्थ है जल संसाधनों का ऐसा उपयोग जो वर्तमान पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करे, साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित करे। इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं : -

1. जल संरक्षण और पुनर्जनन : जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना आवश्यक है। भारत में, जहां औसतन 1,170 मिमी वार्षिक वर्षा होती है, वर्षा जल संचयन से भूजल स्तर को पुनर्जनन किया जा सकता है। तमिलनाडु और राजस्थान जैसे राज्यों में वर्षा जल संचयन की सफल कहानियां प्रेरणादायक हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान के अलवर जिले में तारुण भारत संगठन ने पारंपरिक जोहड़ों के पुनरुद्धार से भूजल स्तर को 6-8 मीटर तक बढ़ाया है।

2. भूजल प्रबंधन : भूजल के अति-दोहन को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने होंगे। भूजल पुनर्भरण के लिए कृत्रिम रिचार्ज संरचनाएं, जैसे चेक डैम और तालाब, बनाए जाने चाहिए। साथ ही, किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी जल-कुशल तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। 3. नदियों और जलाशयों का संरक्षण : नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए औद्योगिक कचरे और सीवेज के उपचार को अनिवार्य करना होगा। नमामि गंगे जैसे कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। साथ ही, जलाशयों के अवसादन को रोकने के लिए वनीकरण और मृदा संरक्षण पर ध्यान देना होगा।

4. जल उपयोग में दक्षता : शहरी क्षेत्रों में जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने के लिए स्मार्ट मीटरिंग और लीकेज नियंत्रण आवश्यक है। बेंगलुरु जैसे शहरों में 40% से अधिक पानी पाइपलाइन लीकेज के कारण बर्बाद हो जाता है। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर जल-बचत उपकरणों, जैसे कम-प्रवाह वाले शावर और शौचालय, को बढ़ावा देना होगा।

5. नीतिगत सुधार : जल प्रबंधन के लिए एक राष्ट्रीय जल नीति की आवश्यकता है, जो केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करे। जल को एक सामुदायिक संसाधन के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए, न कि निजी संपत्ति के रूप में। साथ ही, जल उपयोग के लिए मूल्य निर्धारण नीति लागू की जानी चाहिए, जो अति-उपयोग को हतोत्साहित करे।

6. सामुदायिक भागीदारी : जल प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। पंचायतों और स्थानीय निकायों को जल संरक्षण और प्रबंधन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में, सामुदायिक प्रयासों से हजारों चेक डैम बनाए गए, जिसने भूजल स्तर को सुधारा। भारत में टिकाऊ जल प्रबंधन के उदाहरण

भारत में कई सफल उदाहरण हैं, जो टिकाऊ जल प्रबंधन की संभावनाओं को दर्शाते हैं। मेघालय के चेरापूंजी में, जहां विश्व की सबसे अधिक वर्षा होती है, सामुदायिक स्तर पर बांस-आधारित ड्रिप सिंचाई प्रणाली ने जल उपयोग को अनुकूलित किया है। आंध्र प्रदेश में, नीरू-चेट्टू कार्यक्रम ने जलाशयों और नहरों की मरम्मत के साथ-साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया है। सरकारी स्तर पर किए गए विभिन्न प्रयास : भारत सरकार ने जल संकट से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो नीति आयोग की 2018 की सिफारिशों से प्रेरित हैं : 1. जल शक्ति मंत्रालय (2019)ः जल प्रबंधन से संबंधित कार्यों को एकीकृत करने के लिए स्थापित किया गया। 2. अटल भूजल योजना (ABY)ः भूजल प्रबंधन में सुधार के लिए, विशेष रूप से जल-तनावग्रस्त क्षेत्रों में। 3. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)ः जल उपयोग की दक्षता और सिंचाई कवरेज बढ़ाने के लिए

निष्कर्षत : यह कहा जा सकता है कि जल संकट एक वैश्विक चुनौती है, लेकिन भारत जैसे देश के लिए, जहां जल संसाधन सीमित हैं और मांग बढ़ रही है, यह एक आपातकालीन स्थिति है। टिकाऊ जल प्रबंधन केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। सरकार, समुदाय और व्यक्तियों को मिलकर इस संकट से निपटना होगा। वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, प्रदूषण नियंत्रण और नीतिगत सुधार जैसे कदमों के माध्यम से हम न केवल जल संकट को कम कर सकते हैं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था बना सकते हैं जो भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करे। यह समय है कि हम जल को एक अनमोल संसाधन के रूप में महत्व दें और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएं।

# आगे बढ़ने तकनीकी रुप से अपडेट रहें



### दूनियाभर में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए अब कैरियर बनाने के दौरान सब क्षेत्रों में पारंगत (ऑलराउंडर)

होना होगा। इसके साथ ही तकनीकी रुप से भी अपडेट रहना होगा। आज के बदलते परिवेश में अच्छा कैरियर हांसिल करने के लिए कई क्षेत्रों में परंपरागत होना पड़ता है। आज मेहनत या पसीना बहाने वालों को ही बेहतर काम नहीं मिलता। कैरियर की दौड़ में कछुआ चाल कामयाबी की गारंटी हरगिज नहीं हो सकती है। आज कछुआ नहीं बल्कि तेज-तर्रार खरगोश ही सफलता का पर्याय माना जाता है। कैरियर बनाने के लिए करें ये बदलाव

### कौशल बढ़ाएं-

मौजूदा परिस्थिति में केवल डिग्रियों से ही सफलता की नहीं मिल सकती है। अपने अंदर झांककर अपनी प्रतिभा को टटोलें कि किन क्षेत्रों में आप अपनी दक्षता को विकसित कर बाजी मार सकते हैं। जो क्षेत्र आपको सर्वाधिक उपयुक्त लगे, उसमें विशेषज्ञों की सलाह लेकर अपना कौशल बढ़ाएं।

आत्मविश्वास बढ़ाए-

जीवन के कुरूक्षेत्र में आधी लड़ाई तो आत्मविश्वास द्वारा ही लड़ी जाती है। यदि योग्यता के साथ आत्मविश्वास विकसित किया जाए तो कैरियर के कुरूक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ-साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े। कार्यशालाओं और व्यक्तित्व विकास वाली संस्थाओं में यही सब तो किया जाता है।

### अधिक से अधिक लोगों से मिलें -

याद रखें यह जमाना ही सूचना प्रौद्योगिकी का है। यहां जितनी जानकारी, जितनी संचनाएं आपके पास होंगी, कैरियरनिर्माण की राह उतनी ही आसान होगी। कूपमंडूकता छोड़ ज्यादा लोगों से मिलें, उन्हें अपनी जानकारी दें उनकी जानकारी लें।

आपके जानने वालों का संजाल जितनी लंबा होगा सफलता उतनी ही आपके करीब होगी क्योंकी संपर्क सफलता में उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है।

### वास्तविक बने-

झूठ ज्यादा देर टिकता नहीं है। अपने बारे में सही आकलन कर वास्तविक तस्वीर पेश करें। निष्ठापूर्ण व्यवहार की सभी कद्र करते हैं। अपने काम के प्रति आपकी ईमानदारी आपको कैरियर निर्माण से सर्वोच्च स्थान दिला सकती है। भूलें नहीं कार्य ही पूजा है।

### अतिमहत्वाकांक्षी ठीक नहीं

प्रत्येक इंसान में महत्वाकांक्षा का होना जितना अच्छा है, उसकी अतिमहत्वाकांक्षा उतनी ही नुकनानदायक होती है क्योंकि अति सर्वत्र वर्जयेत। किसी करिश्में की उम्मीद न करें। सभी चीजें समय पर ही मिलती हैं। पहले अनुभव प्राप्त करें, फिर आकांक्षा करें।

### तकनीक के साथ साथ चलें -

पुराना भले ही सुहाना माना जाता हो, लेकिन आज की प्रतिस्पर्धा में नई तकनीक महत्व नकारा नहीं जा सकता है। किसी भी क्षेत्र में प्रवेश से पहले पूछा जाजा है, क्या कंप्यूटर चलाना आता है? कंम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान के बजाय थोड़ी प्रैटिक्ली दिलचस्पी दिखाएं क्योंकि यही वह अलादीन है, जो कैरियर निर्माण की हर मांग को पूरा कर सकता है।

### तनावमुक्त होकर कार्य करें-

अक्सर देखा गया है कि कैरियर निर्माण की चिंता में लोग घर परिवार को भूल जाते हैं। परेशानी और तकलीफ के वक्त परिवार ही काम आता है। इसलिए परिवार को पर्याप्त समय दें। पारिवारिक अमोद-प्रमोद से कैरियर का संघर्ष आसान हो जाता है। तथा आप तनावमुक्त होकर कैरियर निर्माण की राह पर अग्रसर हो सकते हैं।

### मिलकर काम करें

जो सभी के साथ मिलकर काम करना सीख लेता है वह पीछे मुड़कर नहीं देखता क्योंकि टीमवर्क के रूप में कार्य करना ही मैनेजमेंट का मूलमंत्र है।

### समय के अनुसार बदलें-

आज कैरियर निर्माण बाजार में उपलब्ध उपभोक्ता वस्तुओं की तरह हो गया है। प्रतिस्पर्धा के बाजार में वही वस्तु टिक सकती है जिसमें समयानुसार ढलने की प्रवृति हो। कैरियर के बाजार में अपना मूल्य समझे और स्वयं को बिकाऊ बनाने का प्रयास करें। ध्यान रहे परिवर्तन ही संसार का नियम है।

### नई तकनीक अपनायें

नई तकनीक की कैयिर निर्माण में हमेशा मांग रहती है। इससे पहले की कोई नई तकनीक पुरानी हो जाए आप उसके उस्ताद बन जाएं। जैसे-जैसे तकनीक आती जाए उससे तालमेल करना सीख लें। अपने ज्ञान को परिमार्जित करते रहें। भविष्य उसी का होता है, जो अपने श्रेष्ठतम तरीके से अनुकूल रूप से ढाल लेता है।




शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, प्रतिपदा, शुक्रवासरे, पुण्य नक्षत्रे, वल योगे, कितुघ्न करणे, कर्क की चंद्रमा, मूल प्रारंभ शाम 5/53 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा उत्तम होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, उद्यमी, शिक्षक, किराना-कपड़ा मर्चेंट तथा टाइल्स का व्यापारी, आयरन, स्टील का व्यापारी, सीमेन्ट का व्यवसायी एवं धनी होगा।

मेष राशि :- मन में अशांति, किसी परेशानी से अवश्य बचिये, कुटुम्ब की समस्या बनेगी।

वृष राशि :- मानसिक कार्य में सफलता से संतोष होगा, धन का लाभ होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे।

मिथुन राशि :- मानसिक कार्य में सफलता, धन का व्यय होगा, बिगड़े कार्य बना लें।

कर्क राशि :- उत्तम कार्य बनें, अधिकारियों के सहयोग से रुके कार्य अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें।

सिंह राशि :- व्यवसायिक क्षमता अनुकूल रहे, स्थिति पूर्ण नियंत्रण में बलबती रहेगी, समय का उपयोग करें।

कन्या राशि :- सामाजिक कार्य में प्रभुत्व वृद्धि होगी, धन लाभ तथा आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

तुला राशि :- अधिकारी वर्ग से विशेष समर्थन फलप्रद होगा तथा रुके कार्य बन जायेंगे।

वृश्चिक राशि :- धन लाभ तथा कार्य-कुशलता से संतोष, पराक्रम तथा समृद्धि के योग बनेंगे।

धनु राशि :- स्त्री-शरीर कष्ट, चिन्ता विवादग्रस्त होने से बचें, कार्य बनने के योग बन जायेंगे।

मकर राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक हो, दैनिक कार्यगति में सफलता अवश्य ही मिलेगी, समय पर कार्य करें।

कुंभ राशि :- कार्य-व्यवसाय में उत्तेजना, धन का व्यय एवं शक्ति शिथिल होगी, ध्यान रखें।

मीन राशि :- अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद होगा तथा कार्य-प्रतिष्ठा बढ़े।

## विदेशी भाषाएं सीख कर पायें अच्छी नौकरी

अगर आप तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं तो हिंदी और अंग्रेजी के साथ ही अलग-अलग भाषाएं सीखना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। अलग-अलग और नई तरह की भाषा आपको एक अच्छी नौकरी भी दिला सकती है। अगर इन भाषाओं का ज्ञान हिंदी के साथ हो तो आपको नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है। स्पेनिशः अगर किसी भाषा को वाकई वैश्विक भाषा का दर्जा मिल सकता है तो वो स्पेनिश है। दुनिया भर में इस भाषा से जुड़े रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। अमेरिका में बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते हैं, जो स्पेनिश बोलते हैं। इसके अलावा मुसाफिरों की तादाद भी काफी है। इसे सीखना तुलनात्मक रूप से आसान है। स्पेन के अलावा ये भाषा दक्षिण अमेरिका के कई देशों और मेक्सिकों में भी बोली जाती है।

जर्मनः जर्मनी के अलावा स्विटजरलैंड में भी ये भाषा काफी प्रचलित है और ये दोनों देश यूरोप में कारोबार का केंद्र माने जाते हैं। ऐसे में ये भाषा कारोबार के लिहाज से अहम है। फ्रेंचः दुनिया भर में 20 करोड़ से ज्यादा लोग यह भाषा बोलते हैं। दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में आप फ्रेंच बोल-सुन सकते हैं। ये 8 देशों की भाषा है और संयुक्त राष्ट्र में इसे आधिकारिक दर्जा हासिल है। अंग्रेजीः अंगेजी का महत्वा आपको पता ही है। लंदन, अमेरिका समेत यूरोप में प्रमुख तौर पर बोली जाने वाली भाषा है। इससे करियर की असीम संभावनाएं आपके लिए खुलती हैं। जापानीः अंग्रेजी में कई ऐसे शब्द हैं, जो इसी भाषा में पहुंचे हैं। अगर एशिया के रोबोटिक केंद्र में जगह बनानी है तो जापानी सीखना अनिवार्य समझ लीजिए। अरबीः 30 करोड़ लोग यही भाषा बोलते हैं। दुबई और आबु धाबी जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की भाषा है। ये भाषा कई क्षेत्रों में रोजगार दिला सकती है।

## अगर करने जा रहें है अपना कारोबार




अगर आप अपना कारोबार करने की योजना बना रहे हैं और चाहते हैं कि आपका काम सफल हो, तो हम आपके लिए ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जिन्हें अपना कर आप आगे बढ़ सकते हैं। इसमें आपको अच्छा फायदा भी होगा। बिजनेस की शुरुआत करने से पहले इन नियमों का पालन करें।

### पॉजिटिव सोचें

आपको ऐसे लोग मिल जाएंगेजो कहेंगे फलां बिजनेस में नुकसान है, कोई फायदा नहीं है। इसलिए बिजनेस में सफलता चाहते हैं तो उसे दिन-प्रतिदिन एक बड़े स्तर पर ले जाने की कोशिश करें और सकारात्मक सोचें।

### दृढ़ता के साथ काम करें

अपने लक्ष्य के लिए कितने गंभीर है, ये आपके दृढ़ लक्ष्य पर निर्भर करता हैं। एक बिजनेस में लाभ और हानि दोनों हो सकती है, लेकिन इन सब के बारे में ना सोचकर आप एक दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें। ऐसे में सफलता जरुर मिलेगी।

### मजबूत योजना के साथ उतरें मैदान में

कोई भी कारोबार एक योजना के बिना अधूरा है। कब क्या करना है, कैसे करना है, आप कितने पैसे कहां लगाना चाहते हैं। ये सब कुछ आप की योजना में शामिल होना आवश्यक है।



### एक स्किल सेट करें

आप एक बिजनेस शुरू करने जा रहे हैं तो जरूरी नहीं है कि आप सब कुछ स्वयं कर लेंगे। जिस चीज में आपका अच्छौ स्किल है, सिर्फ वही करें सभी कामों में हाथ ना डालें।

### सेहत का रखें ख्याल

जितना काम जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी आपकी सेहत है। अगर किसी वजह से आपके कारोबार में नुकसान हो जाता है, तो उसका असर सेहत पर ना पड़ने दें।

## साक्षात्कार के दौरान इन बातों का रखें ध्यान

किसी भी जॉब के लिए साक्षात्कार बहुत ही ज्या दा महत्व पूर्ण होता है। इंटरव्यू के दौरान ही नियोक्ता यह फैसला करता है कि कंपनी के लिए कौन सा कैंडिडेट बेहतर होगा। किसी भी जॉब के लिए नियोक्ता के दिमाग में पहले से तय होता है कि उसकी कंपनी के लिए कैसा कैंडिडेट चाहिए और उसमें क्या। योग्यता होनी चाहिए।

### बुद्धिमता :

कोई भी नियोक्ता सबसे पहले कैंडिडेट में बुद्धिमता की क्षमता को देखता है, क्यौंकि रिसर्च का मानना है कि किसी भी व्यरक्तिो के 76 प्रतिशत काम की क्षमता की पहचान उसकी बुद्धिमता से हो जाती है। इसलिए साक्षात्कार के दौरान हर सवाल का जवाब इस तरह दें कि नियोक्ता को लगे कि आपको जॉब से जुड़ी हर चीज की जानकारी है।

### टीम वर्क :

अगर आप हर काम को अकेले में करना पसंद करते हैं तो आप अपनी आदत बदल लें, क्यौंकि नियोक्ताक उन लोगों को जॉब देना चाहते हैं, जिनके अंदर टीम वर्क की क्वालिटी मौजूद हो। जब भी आप कोई कंपनी ज्वॉइन करते हैं, तो आपको आपको टीम के साथ मिलकर पूरा करना होता है। इसलिए साक्षात्कार में नियोक्ता यह देखता है कि आप टीम के साथ कैसे काम कर पाएंगे।



### मल्टीरटास्किं ग स्कि ल्स :

नियोक्ता एक निर्धारित जॉब के लिए इंटरव्यू लेता है, लेकिन हमेशा वो चाहता है कि आप अपने काम के अलावा दूसरी फील्डी के काम की जानकारी भी रखते हों। इसलिए अगर आपको जॉब चाहिए तो मल्टीटास्किंग होना बेहद जरूरी है। इसलिए इंटरव्यू से पहले अपने आप को इस तरह तैयार कर लेंगे तो जॉब मिलने के अवसर बढ़ जाएंगे।

### कम्युनिकेशन :

नियोक्तो को हमेशा वहीं व्य।क्तिस पसंद आता है, जो अपनी बातों को एक्सकप्रेस कर पाए।

कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी नहीं होने पर नियोक्ता को लगता है आप ठीक से काम नहीं कर पाएंगे। इसलिए इंटरव्यू देने जाने से पहले कम्युसनिकेशन स्कि ल्सह को सुधार लें और नियोक्ता के सामने अपनी बातों को अच्छी तरह से रखें।

### नेतृत्व क्षमता :

नए लोगों को रखने से पहले हर नियोक्ताक यह जानना चाहता है कि उसकी नेतृत्वम क्षमता कैसी है। नियोक्तान आपकी नेतृत्वे क्षमता से यह पता लगाने की कोशिश करता है कि आपके अंदर किसी काम की जिम्मेवदारी लेने की कितनी क्षमता है या नहीं। इसलिए इंटरव्यू के दौरान नियोक्ता के सामने ये पेश करें कि आप किसी प्रोजेक्टे को लीड कर सकते हैं।

## 12वीं करने के बाद ये है करियर विकल्प

ज्यादातर छात्र 12वीं करने के बाद भी समझ नहीं पाते हैं कि अब आगे क्या करें और कौन-सा करियर विकल्प अपनाएं। बारहवी क्लास के बाद छात्र रुचि के अनुसार ये कोर्स कर सकते हैं :

### बीटेक :

अगर आप नॉन मेडिकल के स्टूडेंट्स हैं, तो आप 12वीं के बाद आप इंजीनियरिंग कर सकते हैं। यदि आप जेईई के स्कोर अच्छे लाते हैं तो आपको देश की टॉप आईआईटी में प्रवेश ले सकते हैं।

### बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर

अगर आप साइंस स्टूडेंट्स और मैथ्स में कुछ ज्यादा ही दिलचस्पी है तो आप बीटेक की जगह आप बी आर्क कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स करने के बाद आप दुनियाभर की आर्किटेक्चरल डिजाइन और उनसे जुड़ी तकनीक सिखाई जाती है।

### बीबीए कर सकते हैं

12वीं पास करने के बाद आप बीबीए में भी करियर बना सकते हैं। बीबीए एक लोकप्रिय जॉब कोर्स है। बीबीए करने के बाद आप बिजनस एनालिस्ट, एचआर की जॉब कर सकते हैं। ये कोर्से 3 साल के होते हैं।

### बीसीए

अगर आप साइंस और मैथ्स के स्टूडेंट्स हैं, तो आप बीसीए में भी करियर बना सकते हैं। अगर आप डेवलपर और नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर के फील्ड में इंटरेस्ट है तो आप बीसीए कर सकते हैं।

### डिजिटल मार्केटिंग कोर्स

आप 12वीं पास करने के बाद डिजिटल मार्केटिंग में अपना करियर बना सकते हैं। क्योंकि डिजिटल मार्केटिंग में काफी ज्यादा स्कोप है। आने वाले समय में इसकी डिमांड और बढ़ेगी। डिजिटल मार्केटिंग में जॉब्स की भरमार है। आप 12वीं के बाद डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ा कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद सर्च इंजन मार्केटिंग, डिजिटल ऐड स्पेशलिस्ट, डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव जैसे कई फील्ड्स में नौकरी कर सकते हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### अफवाहों पर विराम....2000 से अधिक के यूपीआई लेन-देन पर टैक्स नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और दुनिया भर में यूपीआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। चाहे सब्जी वाले को भुगतान करना हो या ऑनलाइन शॉपिंग करनी हो, ज्यादातर लोग यूपीआई करते हैं। हाल ही में खबरें आई थीं कि यूपीआई के जरिए 2000 से अधिक के लेन-देन पर टैक्स लगेगा। लेकिन अब मोदी सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर इन दावों को पूरी तरह से खारिज किया है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा सांसद अनिल कुमार यादव ने संसद में पूछा था कि क्या सरकार 2000 रुपये से ऊपर के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने पूछा कि क्या जनता ने इस कदम का विरोध करते हुए कोई प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्रालय ने पुष्टि की है कि 2000 रुपये से ऊपर के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। हाल ही में फैली अफवाहों को संबोधित करते हुए, मंत्रालय ने उन रिपोर्टों को पूरी तरह से गलत और निराधार बताया, जो 2000 रुपये से ऊपर के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने का सुझाव दे रही थीं। मामले पर वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि जीएसटी से संबंधित फैसले केवल जीएसटी काउंसिल की सिफारिशों पर ही लिए जाते हैं और अब तक ऐसी कोई सिफारिश नहीं की गई है। राजस्व विभाग ने भी पुष्टि की कि जीएसटी काउंसिल एक संवैधानिक निकाय है और कोई भी नया टैक्स केवल इसकी सिफारिशों के आधार पर ही लागू किया जा सकता है।

### रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 86.43 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख के बीच रुपया सुबह शुरुआती कारोबार में 17 पैसे की बढ़त के साथ 86.24 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता विदेशी मुद्रा बाजार पर भारी पड़ रही है, जिससे रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी निकासी ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया और स्थानीय मुद्रा की तेजी को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.33 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 86.24 तक पहुच गया जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 86.41 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 97.15 पर आ गया।

### एनएसई ने रिटेल एल्गो ट्रेडिंग के लिए नए रजिस्ट्रेशन नियम जारी किए

मुंबई (ईएमएस)। एनएसई ने रिटेल एल्गो ट्रेडिंग स्ट्रेटेजी के रजिस्ट्रेशन के लिए नए नियम लागू करने की घोषणा की है। 1 अगस्त से सभी एल्गो ट्रेडिंग स्ट्रेटेजी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, और हर स्ट्रेटेजी को एक यूनिक आइडेंटिफिकेशन दिया जाएगा। इसके तहत, ट्रेडिंग मेंबर्स या एल्गो प्रोवाइडर्स को अपनी स्ट्रेटेजी एक्सचेंज के पास रजिस्टर करनी होगी। एनएसई ने 'क्लाइंट डायरेक्ट के जरिए रिटेल इनवेस्टर्स को एल्गो ट्रेडिंग की सुविधा देने का प्रावधान किया है। ट्रेडिंग मेंबर्स को ऑर्डर लिमिट जांचने और एल्गो आईडी टैग करने वाले सिस्टम का इस्तेमाल करना होगा। ब्रोकर्स जिम्मेदार होंगे कि केवल योग्य क्लाइंट्स को ही एल्गो ट्रेडिंग की अनुमति मिले। एनएसई अपनी वेबसाइट पर रजिस्टर्ड एल्गो प्रोवाइडर्स की सूची अपडेट रखेगा। ये नए नियम रिटेल इनवेस्टर्स के लिए पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं।

### तिलकनगर इंडस्ट्रीज ने खरीदी इंपीरियल ब्लू व्हिस्की

मुंबई (ईएमएस)। तिलकनगर इंडस्ट्रीज ने फ्रेंच कंपनी पर्नोड रिकार्ड की भारतीय इकाई से इंपीरियल ब्लू व्हिस्की डिविजन को 4,150 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए डिफिनिटिव एग्रीमेंट किया है। यह डील कॉम्पीटीशन कमीशन आफ इंडिया (सीसीआई) की मंजूरी के बाद पूरी होगी। तिलकनगर पहले से ही मेनसन हाउस ब्रांडी का निर्माण करती है, जो भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड है। इस अधिग्रहण से कंपनी आइएमएफएल के व्हिस्की सेगमेंट में भी प्रवेश कर जाएगी और देश की दो प्रमुख कैटेगरी में मजबूत खिलाड़ी बन जाएगी। तिलकनगर का कहना है कि इससे उसका प्रीमियम पोर्टफोलियो और वितरण नेटवर्क मजबूत होगा। पर्नोड रिकार्ड ने इस डील को अपने पोर्टफोलियो रीस्ट्रक्चरिंग का अहम हिस्सा बताया है, जिससे वे भारत में प्रीमियम ब्रांड्स पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे और ऑपरेटिंग मार्जिन बढ़ा सकेंगे।

### अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत और चीन में निवेश के दिन लद गए: ट्रंप

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को विदेशों में कारोबार फैलाने को लेकर सख्त चेतावनी दी है। एआई (कृत्रिम मेधा) शिखर सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में ऐसी कंपनियों के लिए भारत और चीन जैसे देशों में फैक्ट्री लगाना और नौकरियां भेजना अब स्वीकार्य नहीं होगा। ट्रंप ने खासतौर पर उन कंपनियों की आलोचना की जो चीन में कारखाने लगाते हैं, भारत में लोगों को नौकरी देती हैं और टैक्स बचाने के लिए आयरलैंड का सहारा लेती हैं। उन्होंने कहा कि यह नीतियां अमेरिकी श्रमिकों के साथ धोखा हैं और इससे देश को नुकसान हुआ है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिकी टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री लंबे समय से कट्टरपंथी वैश्वीकरण के रास्ते पर चल रही है, जिससे लाखों अमेरिकी ठगा हुआ महसूस करते हैं।

### आदित्य इन्फोटेक का 1,300 करोड़ रुपये का आईपीओ 29 जुलाई से खुलेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। वीडियो सुरक्षा उत्पादों के लिए प्रसिद्ध 'सीपी प्लस' ब्रांड की मूल कंपनी आदित्य इन्फोटेक अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला रही है। कंपनी का लक्ष्य इससे 1,300 करोड़ रुपये जुटाने का है। आईपीओ का प्राइस बैंड 640 से 675 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। यह निर्गम 29 जुलाई को खुलेगा और 31 जुलाई को बंद होगा। आईपीओ में 500 करोड़ के नए शेयर और 800 करोड़ की बिक्री पेशकश शामिल है। जुटाई गई राशि में से 375 करोड़ कर्ज चुकाने में और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों में खर्च किए जाएंगे। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईआईएफएल सिक्योरिटीज इस निर्गम के प्रमुख प्रबंधक हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरापट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी कंपनी टेक महिन्द्र के शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 542 अंकों की गिरावट के साथ ही 82,184.17 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 158.80 अंक की गिरावट के साथ ही 25,062.10 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर इटरनल (जोमेटो), डॉ रेड्डीज लैब्स, टाटा मोटर्स, टाटा कंज्यूमर, सिप्ला के शेयर सबसे अधिक लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। वहीं ट्रेंट, नेस्ले, श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। आज पीएसयू बैंक और फार्मा के अलावा अन्य सभी सूचकांक गिरे हैं। वहीं बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 0.4 फीसदी टूटा। बाजार में गिरावट का एक अन्य कारण कंपनी के पहली तिमाही के कमजोर परिणाम भी रहे। वहीं अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता जारी रहने से भी बाजार पर दबाव आया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में अब तक 26,395 करोड़ रुपये मूल्य के भारतीय शेयर बेचे हैं। उससे भी बाजार कमजोर हुआ। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सेंसेक्स गुरुवार को मामूली बढ़त के साथ 82,779 पर खुला। हालांकि, खुलते ही यह लाल निशान में फिसल गया।




इसी तरह निफ्टी-50 भी 25,243 अंक के सपाट लेवल पर खुला। वहीं एशिया-पैसिफिक मार्केट्स में तेजी देखी जा रही है। अमेरिका और जापान के बीच ट्रेड डील को लेकर बनी सहमति और यूरोपियन यूनियन के साथ बातचीत में सकारात्मक संकेतों से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। जापान का टॉपिक्स इंडेक्स 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया, जबकि निक्केई 1.09 फीसदी ऊपर रहा। कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.6 फीसदी चढ़ा है और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 फ्लैट ट्रेड कर रहा है। वहीं अमेरिकी बाजारों में भी जबरदस्त तेजी रही। एसएंडपी 500 लगातार तीसरे दिन रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ और 6,358.91 के स्तर पर पहुंच गया। डाओ जोंस 507.85 पॉइंट की छलांग लगाकर 45,010.29 पर बंद हुआ। नेस्डेक ने भी पहली बार 21,000 का स्तर पार किया और 21,020.02 पर बंद हुआ।

## वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा नर्मदापुरम में एफएलसी कैंप का सफल आयोजन

नर्मदापुरम (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 22 जुलाई 2025 को सावलखेड़ा और पवारखेड़ा गांवों में वित्तीय साक्षरता (एफएलसी) कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और लोगों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री रेखा चंदनावेली, क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई ने की।

कार्यक्रम में प्रमुख धीरज गोयल, जोनल हेड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं चेयरमैन, एसएलबीसी; प्रमोद मिश्रा, डीजीएम, एसएलबीसी; श्रीमती रोशनी हलेजा, एजीएम, आरबीआई, भोपाल; रजत मिश्रा, डीजीएम और क्षेत्रीय प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नर्मदापुरम; राजकुमार सेन, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नर्मदापुरम; संजीव गाडगिल, एजीएम, प्रधान कार्यालय, इंदौर; आरडी बघेला, एलडीएम, नर्मदापुरम और दीपक पाटिल, डीडीएम, नाबार्ड मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन और बैंक की कॉरपोरेट प्रेयर से हुई। इसके बाद अतिथियों ने री-केवाईसी, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सुश्री चंदनावेली ने अपने संबोधन में इन योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी दी और आरबीआई द्वारा वित्तीय साक्षरता को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।



इस अवसर पर, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से लाभान्वित चार ग्राहकों को चेक वितरण किया गया। कैंप में लगभग 100 ग्रामीण ग्राहक उपस्थित रहे और उन्हें विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन मालाखेड़ी शाखा प्रबंधक प्रकाश दीवान द्वारा किया गया।

यह पहल ग्रामीण इलाकों में वित्तीय समावेशन और साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को लाभकारी योजनाओं से जोड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और सशक्त वित्तीय भविष्य की ओर मार्गदर्शन भी प्राप्त होता है।

### एप्पल का भारत में पहली छमाही में आईफोन शिपमेंट 36 फीसदी बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। टेक दिग्गज एप्पल ने 2025 की पहली छमाही में भारत में अपने आईफोन शिपमेंट में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह जानकारी हाल ही में एक रिपोर्ट में सामने आई है। कंपनी ने अपने आईपैड सेगमेंट में भी 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो देश में एप्पल के लेटेस्ट-जनरेशन डिवाइस की बढ़ती मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, आईफोन 16 सीरीज इस अवधि में सबसे लोकप्रिय रही, जिसने आईफोन बाजार हिस्सेदारी का 62 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया। इसके बाद आईफोन 15 सीरीज 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा, आईफोन 16ई और आईफोन 14 सीरीज ने भी कंपनी की बिक्री में योगदान दिया, जिनकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत रही। वहीं, आईपैड प्रो 2024, आईपैड एयर 2024 और आईपैड 10 सीरीज जैसे पुराने मॉडल की हिस्सेदारी में कमी देखी गई।

## सार्वजनिक बैंकों का एनपीए घटा, भाजपा नेता ने मोदी सरकार की नीतियों को सराहा

**- देश को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रही है मोदीनॉमिक्स**

मुंबई (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले चार वर्षों में 9.11 प्रतिशत से घटकर 2.58 प्रतिशत तक कमी आई है। भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने इस उपलब्धि को मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की सफलता बताया और कहा कि मोदीनॉमिक्स देश को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रही है। उन्होंने एक अखबार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि यूपीए शासन के दौरान बैंकिंग प्रणाली में व्यापक भ्रष्टाचार था, जिससे एनपीए का स्तर उच्च था। मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंका है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में भारी कमी देखी जा रही है। गौरव वल्लभ ने कहा कि आज भारत उच्च विकास दर, निम्न मुद्रास्फीति और कम एनपीए के तीन स्तंभों पर मजबूत स्थिति में है। उन्होंने विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर में एनपीए की कमी को भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती बताया। राजनीतिक विषय पर गौरव वल्लभ ने राहुल गांधी के मतदाता सूची को लेकर उठाए गए सवालों की कड़ी आलोचना की। उनका कहना था कि राहुल गांधी को देश की जनता वोट नहीं देती, और वह अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग का सम्मान करना जरूरी है, क्योंकि यह संविधान की प्रक्रिया है। राहुल गांधी पर बिहार के युवाओं के अधिकारों को बांग्लादेशी घुसपैठियों को देने का आरोप भी लगाया गया। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर गौरव वल्लभ ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है और इसे सम्मान देना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले धनखड़ की आलोचना करते थे, आज वे सवाल उठा रहे हैं।




### बीकाजी फूड्स का पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 58.52 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली (ईएमएस)। एथनिक स्नैक्स और मिठाइयों के क्षेत्र में प्रमुख बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 58.52 करोड़ का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 57.77 करोड़ रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस अवधि के दौरान उसकी परिचालन आय 14.86 प्रतिशत बढ़कर 637.05 करोड़ हो गई, जो कि एक साल पहले 554.59 करोड़ थी। वहीं, कंपनी की कुल आय, जिसमें अन्य आय भी शामिल है, 14.52 प्रतिशत बढ़कर 662.66 करोड़ रही। हालांकि, बीकाजी के कुल खर्च में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 584.09 करोड़ पर पहुंच गया। इससे शुद्ध लाभ में तेज बढ़ोतरी नहीं हो पाई, लेकिन कंपनी ने लागत में बढ़ोतरी के बावजूद लाभ में स्थिरता बनाए रखी। उद्योग क्षेत्र की बात करें तो कंपनी की 'एथनिक स्नैक्स' श्रेणी से आय में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इसके कुल कारोबार में 75.3 प्रतिशत का योगदान करती है। वहीं, 'पैकेज्ड स्वीट्स' श्रेणी की आय 3.1 प्रतिशत बढ़ी। बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल भारत की तीसरी सबसे बड़ी एथनिक स्नैक्स निर्माता कंपनी है। यह भारतीय पारंपरिक नमकीन और मिठाइयों के उत्पादन और वितरण में विशेषज्ञता रखती है।

### भारत का स्मार्टफोन बाजार अप्रैल-जून 2025 में 7 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत का स्मार्टफोन बाजार अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में 7 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 3.9 करोड़ यूनिट्स तक पहुंच गया है। इस तेजी के पीछे मुख्य कारण इन्वेंट्री की चुनौतियों में कमी और विक्रेताओं की फिर से सक्रियता है। पहली तिमाही में इन्वेंट्री के उच्च स्तर के कारण नए स्मार्टफोन लॉन्च में देरी हुई थी, जबकि दूसरी तिमाही में कई नए मॉडल लॉन्च होने से बिक्री में वृद्धि हुई। कैनालिस की रिपोर्ट के अनुसार इस तिमाही में वीवो (आईक्यूओओ को छोड़कर) ने सबसे अधिक शिपमेंट की, जो 81 लाख यूनिट्स के साथ 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर काबिज रहा। इसके बाद सैमसंग 62 लाख यूनिट्स और 16 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। ओप्पो (वनप्लस को छोड़कर) और श्याओमी दोनों ने लगभग 50 लाख यूनिट्स की शिपिंग की जबकि रियलमी 36 लाख यूनिट्स के साथ शीर्ष पांच में शामिल हुआ। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के स्मार्टफोन बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। एक विश्लेषक के अनुसार प्रीमियम ब्रांड और डिजाइन-आधारित कंपनियां अपनी रणनीतियों में सुधार कर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं। एप्पल ने इस तिमाही में छठा स्थान हासिल किया है। आईफोन 16 सीरीज ने एप्पल के कुल शिपमेंट में 55 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया, वहीं आईफोन 15 और 13 सीरीज की मांग भी बरकरार रही।

## करवार अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कर्नाटक स्थित करवार अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है, इस निर्णय के साथ बैंक की सभी बैंकिंग सेवाएं समाप्त हो गई हैं और ग्राहकों की जमा राशि फिलहाल अटकी हुई है। आरबीआई ने बताया कि बैंक के पास पर्याप्त पूंजी नहीं है और इसकी आर्थिक स्थिति सुधारने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। साथ ही, बैंक बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 के नियमों का पालन नहीं कर रहा था। इन सभी कारणों से, आरबीआई ने बैंक को आगे संचालन की अनुमति न देने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्राहकों के लिए राहत की खबर यह है कि बैंक की जमा राशि पर डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआईसीजीसी) के तहत 5 लाख तक का बीमा उपलब्ध है। आरबीआई के अनुसार बैंक के लगभग 92.9 फीसदी खाताधारकों को उनकी पूरी जमा राशि मिल जाएगी। 30 जून 2025 तक डीआईसीजीसी ने 37.79 करोड़ का भुगतान भी कर दिया है।

## रिकॉर्ड उच्च स्तर के बाद लुढ़के सोना-चांदी के भाव



**सोने के भाव 99,000 रुपए, चांदी 1,14,700 रुपए के करीब**

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में गुरुवार को नरमी देखी जा रही है। चांदी के वायदा भाव भी बुधवार को सार्वजनिक स्तर पर पहुंचने के बाद फिसल गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 99,000 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,14,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने चांदी के शुरुआती कारोबार में नरमी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट 299 रुपये की गिरावट के साथ 99,417 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 99,118 रुपये था। इस समय यह 385 रुपये की गिरावट के साथ 99,032 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 959 रुपये की गिरावट के साथ 1,14,675 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,15,634 रुपये था। इस समय यह 905 रुपये की गिरावट के साथ 1,14,729 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में इनके भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 3,398.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,397.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 14.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,383.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 39.53 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 39.50 डॉलर था। इस समय यह 0.25 डॉलर की गिरावट के साथ 39.25 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## इन्फोसिस के मजबूत तिमाही नतीजे के बाद शेयर में तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश की प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस लिमिटेड के शेयर गुरुवार को बाजार खुलते ही लगभग 0.5 फीसदी चढ़कर कारोबार करते नजर आए। यह तेजी कंपनी के अप्रैल-जून तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद देखने को मिली है। कंपनी का मुनाफा 6,921 करोड़ रहा, जो साल-दर-साल आधार पर 8.7 फीसदी अधिक है। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में मुनाफे में 1.6 फीसदी की हल्की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी की कुल आय बढ़कर 42,279 करोड़ हो गई, जिसमें 7.5 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई है। ब्रोकरेज कंपनियों ने इन नतीजों के बाद इन्फोसिस के शेयर पर अपनी राय साझा की है। अधिकतर ब्रोकरेज फर्मों ने बाय की रेटिंग बरकरार रखते हुए शेयर में आगे तेजी की संभावना जताई है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने इन्फोसिस का टारगेट प्राइस 1,700 से बढ़ाकर 1,850 कर दिया है, जो वर्तमान भाव 1,570 के मुकाबले करीब 18 फीसदी का अपसाइड दर्शाता है। ब्रोकरेज का मानना है कि कंपनी ने मजबूत नतीजे दिए हैं और स्थिर मुद्रा में रेवेन्यू अनुमान से बेहतर रहा है। नुवामा ने यह भी कहा कि भले ही निकट भविष्य में मांग कमजोर रह सकती है, लेकिन मध्यम से दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक है। जैसे ही वैश्विक आर्थिक स्थिति सुधरेगी, आईटी पर खर्च बढ़ेगा, जिससे इन्फोसिस को फायदा होगा। इस सकारात्मक आउटलुक के चलते निवेशकों के लिए इन्फोसिस में निवेश का यह उपयुक्त समय माना जा रहा है।



# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर भड़का संघर्ष, हवाई हमलों और गोलीबारी में अब तक 12 की मौत




बैंकॉक/नोम पेन्ह(ईएमएस)। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद गुरुवार को हिंसक टकराव में बदल गया, जिसमें कम से कम 12 नागरिकों की मौत हो गई। थाई सेना के अनुसार, सबसे ज्यादा हताहत सिसा केट प्रांत में हुए, जहां एक पेट्रोल पंप पर गोलीबारी में छह लोगों की जान चली गई। तीन सीमा प्रांतों में कुल 14 लोग घायल बताए गए हैं। बीते मई में हुई एक झड़प में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता गया है। अब हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पहले फायरिंग शुरू करने का आरोप लगाया है।थाईलैंड की सेना ने पुष्टि की कि उसने कंबोडिया में स्थित कुछ लक्ष्यों पर हवाई हमले किए। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाईलैंड ने प्राचीन प्रेह विहेयर मंदिर के पास सड़क पर बम गिराए। थाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुरसांत कोंगसिरी ने बताया कि कंबोडिया से आई गोलीबारी में एक नागरिक की मौत हुई और एक पांच वर्षीय बच्चा समेत तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हालांकि अब मृतकों की संख्या बढ़कर कुल नौ हो गई है।

### प्राचीन मंदिरों के आसपास हुई झड़पें

गुरुवार सुबह पहली झड़प सुरिन प्रांत और ओडर मींचे प्रांत के बीच ता मुएन थोम मंदिर के पास हुई। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि थाई सेना ने उनके क्षेत्रों पर हमला किया, जिससे उन्हें जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग बंकरों में छिपते नजर आए।

### राजनयिक संबंधों में गिरावट

गुरुवार सुबह कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सबसे निचले स्तर पर लाने की घोषणा की। उसने थाई राजदूत को निष्कासित किया और अपने सभी स्टाफ को बैंकॉक स्थित दूतावास से वापस बुला लिया। यह कदम थाईलैंड द्वारा अपने पांच सैनिकों के घायल होने के बाद सीमा चौकियों को बंद करने और कंबोडियाई राजदूत को निष्कासित करने के जवाब में उठाया गया।

### बारूदी सुरंगों को लेकर विवाद

थाई अधिकारियों ने हाल में सीमा पर बारूदी सुरंगों से हुए धमाकों को लेकर कंबोडिया पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये सुरंगें हाल ही में बिछाई गई हैं और रूसी निर्माण की हैं। जबकि कंबोडिया ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि ये पुराने युद्धों की निशानियां हैं। एक धमाके में थाई सैनिक का पैर तक कट गया।

### इतिहास में उलझा विवाद

1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने प्रेह विहेयर मंदिर को कंबोडिया का हिस्सा माना था, लेकिन यह फैसला आज तक थाईलैंड को रास नहीं आया। 2011 में हुए झड़पों में करीब 20 लोग मारे गए थे और हजारों विस्थापित हुए थे। 2013 में अदालत ने एक बार फिर कंबोडिया के पक्ष में फैसला दिया, जिससे थाईलैंड में असंतोष बढ़ा। अब एक बार फिर वही पुराने जख्म हरे हो गए हैं।

# फिर भारत के खिलाफ ट्रंप का कदम गूगल और माइक्रोसॉफ्ट से कहा, मत करो इंडिया से हायरिंग



वाशिंगटन/नई दिल्ली(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों को एक सख्त मैसेज दिया है, जिसमें भारत समेत दूसरे देशों से हायरिंग करने को मना किया है। इसमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा जैसे नाम शामिल हैं। बुधवार को वॉशिंगटन में आयोजित एआई समिट के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी टेक कंपनियों को ये संदेश दिया है। साथ ही अमेरिकी टैलेंट को हायरिंग करने की भी सलाह दी है।यहां आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों में बहुत से कर्मचारी यहां तक कि सीईओ तक के पोस्ट पर कई भारतीय मूल के लोग पहुंच चुके हैं। इसमें गूगल सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट सीईओ सत्य नडेला जैसे नाम शामिल हैं। हाल ही में मेटा ने भी एक बड़ी एआई टीम की हायरिंग की है, जिसमें कई भारतीय नाम शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने एआई समिट के दौरान के दौरान टेक इंडस्ट्री में ग्लोबल माइंडसेट की आलोचना की। उन्होंने आगे कहा कि इस वजह से कई अमेरिकी नागरिक और अमेरिकी टैलेंट को इग्नोर किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि कई टॉप कंपनियां प्रोफिट के लिए अमेरिका की आजादी का फायदा उठा रहे हैं और बाहरी लोगों पर बड़ा इन्वेस्ट कर रहे हैं।

### चीन में फैक्ट्री, भारत से कर रहे भर्ती

ट्रंप ने आगे कहा कि बहुत सी टेक कंपनियां अमेरिकी आजादी की वजह से अपनी फैक्टरी को चीन में लगा रहे हैं और भारत से कर्मचारियों को भर्ती कर रहे हैं, ये सब बातें आप जानते हैं। इन सब के बावजूद वे अपने ही देश के लोगों को नकार रहे हैं और आलोचना तक कर रहे हैं।

### अमेरिकी फर्स्ट पॉलिसी को फिर से दोहराया

ट्रंप ने एक बार फिर से अमेरिकी फर्स्ट पॉलिसी को याद दिलाया। उन्होंने आगे कहा कि एआई की रेस में न्यू स्प्रिट की मांग है, साथ ही राष्ट्र के प्रति लगाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें अमेरिकी कंपनियों की जरूरत है, जो अमेरिका में ही रहें। साथ ही वह अमेरिकी फर्स्ट पॉलिसी को फॉलो करें। ये सब आपको करना ही पड़ेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रूसी प्लेन चीन सीमा के पास क्रैश

#### सभी 49 लोगों की मौत

मास्को(ईएमएस)। रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है।लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।इंटरफैक्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी वह रडार से गायब हो गया। यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किलोमीटर पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है। विमान 63 साल पुराना थासोवियत संघ ने 1967 में एएन-24 विमान को छोटे इलाकों में उडऩे के लिए बनाया था। तब इसमें 32 सीटें होती थीं, जो 450 किमी प्रति घंटे की गति से 400 किलोमीटर तक उड़ान भरती थी। इसके अलावा यह 4 टन तक का वजन (पेलोड) ले जा सकती थी। इसे ऐसे रनवे से उड़ान भरने लायक भी बनाया गया था जो केवल 1200 मीटर लंबे और पक्के नहीं हों। इतना ही नहीं, अगर विमान का एक इंजन भी खराब हो जाए, तो भी यह टेकऑफ कर सके। अप्रैल 1962 में इसकी टेस्टिंग कामयाब हुई जिसके बाद अक्टूबर 1962 से इस विमान ने यात्रियों को ले जाना शुरू कर दिया। एएन-24 के कुल 1367 विमान बनाए गए। सोवियत संघ में इस विमान का निर्माण 1979 तक जारी रहा, लेकिन इसके बाद भी ये विमान सेवा में बने रहे। आज भी एएन-24 का इस्तेमाल कुछ जगहों पर हो रहा है।

### सीरिया में इदलिब शहर के बारूद डिपो में विस्फोट

दमिश्क(ईएमएस)। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी शहर इदलिब में गुरुवार को एक गोला-बारूद डिपो में विस्फोट की वजह से 2 लोग मारे गए हैं, जबकि 71 घायल हुए हैं। पीड़ितों की गिनती अभी भी जारी है। लोकल लोगों ने मीडिया को बताया कि इदलिब के उत्तर में मरात मिसरिन कस्बे में यह धमाका हुआ। इमरजेंसी टीम ने भी इसकी पुष्टि की है।इदलिब सीरिया के उत्तर-पश्चिम में है। यह हमा, अलेप्पो और लताकिया राज्य से घिरा है। इदलिब, अलेप्पो और दमिश्क को जोडऩे वाली सडक़ पर स्थित है, जिस वजह से यह मिलिट्री और व्यापारिक नजरिए से खास है। इदलिब में लगभग 45 लाख लोग रहते हैं, जिनमें से 19 लाख रिफ्यूजी कैंप्स में रहते हैं। गृहयुद्ध और 2023 के भूकंप की वजह से इस इलाके में गरीबी और बुनियादी सुविधाओं की कमी है। इदलिब लंबे वक्त से आतंरिक अशांति से जूझ रहा है। पिछले साल विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम और उसके सहयोगी ने सीरिया की तत्कालीन बशर अल असद की सरकार को हटाकर इस शहर पर कब्जा कर लिया था।

### रूस में बेलारूसी नागरिकों को मतदान का अधिकारः पुतिन की यूनियन स्टेट मिशन की नई कड़ी

मॉस्को,(ईएमएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाकर रूस में स्थायी रूप से रह रहे बेलारूसी नागरिकों को रूसी चुनावों में मतदान करने और चुनाव लड़ने का अधिकार दिया है। यह अधिकार बेलारूस में रह रहे रूसी नागरिकों को भी मिलेगा। इस फैसले को रूस और बेलारूस के बीच यूनियन स्टेट परियोजना को आगे बढ़ाने की एक गहरी राजनीतिक रणनीति माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों का राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य एकीकरण बढ़ाना है। जानकारों का मानना है कि पुतिन बेलारूस को रूस के प्रभाव क्षेत्र में पूरी तरह शामिल करना चाहते हैं। बेलारूस की रणनीतिक स्थिति और रूस के प्रति उसकी निष्ठा ने एकीकरण को आसान बनाया है, खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान बेलारूस ने रूस को सैन्य सहायता देकर अपनी भूमिका स्पष्ट की है।बात दें कि रूस और बेलारूस दोनों पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा रहे हैं और उनमें भाषा, संस्कृति और धार्मिक समानताएं हैं। पुतिन कई बार सोवियत यूनियन के विघटन को रूस की सबसे बड़ी त्रासदी बता चुके हैं, और उनका सपना पुराने रूसी साम्राज्य को फिर से खड़ा करने का है।रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने 2030 तक बेलारूस को पूरी तरह से अपने में मिलाने की योजना बनाई है। बेलारूसी नागरिकों को मतदान का अधिकार देना इसी रणनीति का हिस्सा है। पश्चिमी देश इस कदम को लोकतंत्र पर खतरे और बेलारूस की संप्रभुता खत्म करने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। यह फैसला पुतिन की एक व्यापक साम्राज्यवादी सोच की ओर इशारा करता है, जिसका उद्देश्य रूस को फिर से वैश्विक महाशक्ति बनाना है, भले ही इसके लिए पड़ोसी देशों की स्वतंत्रता की कीमत चुकानी पड़े।

### रडार से गायब विमान हुआ क्रैश, सभी 50 लोगों के मारे जाने की आशंका

मॉस्को,(ईएमएस)। रूस के सुदूर पूर्वी अमूर क्षेत्र में गुरुवार को एक भीषण विमान हादसा हो गया। एंटोनोव एएन-24 मॉडल का एक यात्री विमान, जिसमें लगभग 50 लोग सवार थे, घने जंगलों में क्रैश हो गया। प्रारंभिक जानकारी अनुसार, विमान में मौजूद सभी यात्रियों और क्रू मेम्बर्स के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।रूसी आपातकालीन सेवाओं से प्राप्त हो रही जानकारी अनुसार विमान का मलबा जंगल में जलता हुआ मिला है। हेलीकॉप्टर से ली गई तस्वीरों में विमान का अगला हिस्सा आग की लपटों में घिरा हुआ देखा गया। रेस्क्यू टीमें घटनास्थल की ओर रवाना हो चुकी हैं, लेकिन घना जंगल होने के साथ ही विमान में लगी आग राहत कार्यों में बाधा बन रहे हैं। उक्त विमान साइबेरिया की एयरलाइन अंगारा का था, जो ब्लागोवेशचेंस्क से टायंडा जा रहा था। यह सोवियत काल में बना विमान था, जिसे 1976 में निर्मित किया गया था। टायंडा के पास पहुंचते ही विमान रडार से लापता हो गया था, जिसकी तलाश जारी थी। ऐसे में प्लेन क्रेश होने की खबर ने सभी को दुखी कर दिया है।

# भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

# 99 प्रतिशत भारतीय सामानों को टैरिफ में राहत

### इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाईयां सस्ती, कार-बाइक होंगे महंगे

### मोदी बोले- कई साल की मेहनत के बाद समझौता हुआ

लंदन(ईएमएस)। कई सालों की मेहनत के बाद भारत और यूके बीच मुक्त व्यापार समझौता हो चुकी है। गुरूवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम किएर स्टेर्मर के लंदन में मुलाकात के दौरान फ्री ट्रेड डील पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस डील से दोनों देशों में निवेश बढ़ेगा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही ग्लोबल स्तर पर दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। भारत-यूके बीच इस डील से दोनों देशों के आम लोगों के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा। दवाई से लेकर इलेक्ट्रॉनिक और फैशन तक के सामान सस्ते हो जाएंगे। हालांकि कुछ चीजें महंगे भी होंगे, जो आम लोगों की जेब पर सीधा असर डालेगा।भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों के बीच 3 साल से बातचीत चल रही थी। अब समझौता हो जाने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, मरीन प्रोडक्ट्स, स्टील और मेटल, व्हिस्की और ज्वेलरी समेत कई चीजें सस्ती हो सकती हैं। वहीं एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स, कार और बाइक जैसे ऑटो प्रोडक्ट्स और स्टील जैसे प्रोडक्ट्स महंगे हो सकते हैं। इस डील को लेकर चर्चा की शुरुआत जनवरी 2022 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन के कार्यकाल में हुई थी। इसे पहले 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य था। पीएम मोदी ने इस डील को लेकर कहा कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्था में उछाल आएगी। साथ ही नौकरियों के अवसर खुलेंगे। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से भारत-ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 120 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रखा गया है। इस समझौते से भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्क में राहत मिलेगी। इसका मतलब है कि भारत से जो सामान ब्रिटेन भेजा जाएगा, उस पर लगने वाला टैक्स या तो बहुत कम हो जाएगा या पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। वहीं, ब्रिटेन की कंपनियों के लिए भी यह समझौता फायदेमंद होगा। अब उन्हें भारत में व्हिस्की, कार और दूसरे उत्पाद बेचने में पहले से ज्यादा आसानी होगी। भारत इन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत से 3 प्रतिशत करेगा। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ सकता है।

### कृषि उत्पादों के लिए नया मार्केट

समझौते के बाद नेताओं ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पीएम मोदी ने समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जताई। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, आज हमारे दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर कहा कि भारत के कृषि उत्पादों और फूड इंडस्ट्रीज के लिए ब्रिटिश बाजार में नए अवसर पैदा होंगे। भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण, समुद्री भोजन और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन में बेहतर मार्केट पहुंच मिलेगी। पीएम ने कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। हम इस डील से शक्तिशाली संदेश दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब भारत और यूके मिले और वह भी टेस्ट सीरीज के दौरान तो क्रिकेट का जिक्र तो करना ही होगा। दोनों देशों के लिए क्रिकेट एक खेल नहीं है। एक पैशन है। हम दोनों देशों के बीच हाई स्कोरिंग पार्टनरशिप बनाने में जुटे हैं। दूसरी तरफ ब्रिटिश ने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों को लाभ होगा, वेतन में वृद्धि होगी, जीवन स्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। यह नौकरियों और व्यापार के लिए अच्छा है। टैरिफ में कमी लाएगा और व्यापार को सस्ता, तेज और आसान बनाएगा। इससे पहले स्टार्मर ने यह भी बताया कि 70 हजार करोड़ रुपए के नए निवेश और व्यापारिक सौदों को मंजूरी मिल गई है। स्टार्मर के प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली ब्रिटेन यात्रा है। कुछ देर बाद मोदी किंग्स चार्ल्स से मुलाकात करेंगे।

### आम आदमी के लिए इसके मायने

फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत सिर्फ दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को ही मजबूती नहीं मिलेगी, बल्कि आम लोगों के लिए दवाइंया, इलेक्ट्रॉनिक्स और फैशन के सामान सस्ते हो जाएंगे। वहीं भारत की कंपनियों को ब्रिटेन में एक बड़ा बाजार मिलेगा और इनपर टैरिफ या तो बहुत कम लगेगा या फिर शून्य हो जाएगा। वहीं इस डील से भारत और ब्रिटेन के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। नौकरियों की संख्या बढ़ जाएगी और बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, मरीन प्रोडक्ट्स, स्टील और मेटल, व्हिस्की और ज्वेलरी समेत कई चीजें सस्ती हो सकती हैं। वहीं एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स, कार और बाइक जैसे ऑटो प्रोडक्ट्स और स्टील जैसे प्रोडक्ट्स महंगे हो सकते हैं।

### ईरान में भीषण गर्मी और जल संकट, कई शहरों में जनजीवन थम सा गया

तेहरान,(ईएमएस)। वर्तमान में ईरान भीषण गर्मी की लहर की चपेट में है, जहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजधानी तेहरान सहित कई शहरों में जनजीवन थम सा गया है। ईरान की नेशनल मेट्रोलॉजिकल सर्विस के अनुसार, यह साल का सबसे गर्म सप्ताह है। देश भीषण जल संकट से भी जूझ रहा है, पिछले पांच साल से सूखे की मार झेल रहा है। इस साल स्थिति और भी खराब है, क्योंकि बारिश न के बराबर हुई है। ऊर्जा मंत्री अब्बास अलीअबादी ने बताया कि तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान से पानी आयात करने की बातचीत चल रही है। 1950 के दशक से देश में सैकड़ों बांध बनाए गए हैं, लेकिन सूखे और अत्यधिक तापमान के कारण उनकी क्षमता बेहद कम हो गई है। बिजली की कटौती आम हो गई है, कई इलाकों में रोजाना 9 से 12 घंटे तक पानी और बिजली नहीं मिल रही है। तेहरान में 40-41 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है, लेकिन निवासियों का कहना है कि यह 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक महसूस होता है, जिससे चमड़ी जलने जैसा अनुभव होता है। मशहद जैसे शहरों में भी जल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है।

# जिस शानदार हवेली में मिले पीएम मोदी और कीर स्टार्मर, वह है 400 सालों से ज्यादा पुरानी

### लंदन से करीब 40 किलोमीटर दूर ग्रामीण इलाके में मौजूद

लंदन (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। ये मुलाकात जहां हुई है, उस जगह को चेकर्स कहा जाता है। ये बहुत खास जगह है। यह ब्रिटिश प्रधानमंत्री के लिए ग्रामीण इलाके में बना दूसरा आधिकारिक आवास कहा जाता है। आमतौर पर जब भी कोई बड़ा राष्ट्रप्रमुख आता है, तब ब्रिटिश प्रधानमंत्री इस स्थान पर मिलते है। ये 400 सालों से ज्यादा पुरानी शानदार हवेली है, जो लंदन से करीब 40 किलोमीटर दूर है।चेकर्स को चेकर्स कोर्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह बकिंघमशायर में मौजूद 16वीं सदी का ऐतिहासिक हवेली है। ये शांत ग्रामीण इलाके में है। लिहाजा विदेशी नेताओं और मेहमानों के साथ अनौपचारिक बैठकों, शिखर सम्मेलनों और विश्राम के लिए सही स्थान माना जाता है।

### 100 सालों से ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास

चेकर्स को 1917 में सर आर्थर ली ने खरीदा और फिर उनकी पत्नी ने चेकर्स को राष्ट्र को दान किया। 1921 में ये औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री का दूसरा आधिकारिक आवास बना। चेकर्स का उपयोग मुख्य रूप से सप्ताहांत में आराम, अनौपचारिक बैठकों के लिए होने लगा। यह प्रधानमंत्री के परिवार के लिए भी निजी अवकाश स्थल के रूप में काम करता है।इसमें लंबा चौड़ा भव्य उद्यान, ऐतिहासिक सजावट और पुस्तकालय हैं। भोजन कक्ष, बैठक कक्ष और अन्य सुविधाएं हैं। इसका माहौल 10, डाउनिंग स्ट्रीट से एकदम अलग है। 10 डाउनिंग स्ट्रीट लंदन में प्रधानमंत्री का प्राथमिक कार्यालय और निवास है, जहां वे अधिकांश आधिकारिक काम करते हैं। औपचारिक बैठकों की मेजबानी करते हैं।इसमें कई कमरे हैं, लेकिन सटीक संख्या सार्वजनिक नहीं की गई है। अनुमान के आधार पर इसमें 20-30 कमरे हो सकते हैं, जिसमें शयनकक्ष, औपचारिक बैठक कक्ष, भोजन कक्ष, पुस्तकालय, कार्यालय और अन्य सुविधाएं शामिल हैं। इसमें अतिथि कक्ष, स्टाफ के लिए कमरे और प्रशासनिक कामों के लिए जगह भी शामिल हैं। चेकर्स कोर्ट एक दो मंजिला इमारत है, जिसमें कुछ हिस्सों में मेजेनाइन स्तर या अतिरिक्त छोटी मंजिलें हो सकती हैं।

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर युद्ध जैसे हालात, एफ-16 से हमले में 9 की मौत

बैंकॉक,(ईएमएस)। दक्षिण-पूर्व एशिया के दो पड़ोसी देश थाईलैंड और कंबोडिया एक बार फिर सीमा विवाद को लेकर दो-दो हाथ करने आमने-सामने आ गए हैं। गुरुवार को हालात तब और बिगड़ गए जबकि थाईलैंड ने अपने एफ-16 लड़ाकू विमानों से कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हमला कर दिया, जिसमें कई कंबोडियाई नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। जवाब में कंबोडिया ने भी मिसाइलों से पलटवार किया, जिससे थाईलैंड में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई।जानकारी अनुसार थाईलैंड ने छह एफ-16 विमानों को अपनी सीमा पर तैनात किया था। थाई सेना के उप-प्रवक्ता रिचा सुकसुवनन ने कहा कि यह कार्रवाई तयशुदा सैन्य ठिकानों पर केंद्रित थी। वहीं, थाईलैंड का आरोप है कि कंबोडिया ने पहले तोपों और ड्रोन से उनकी सैन्य चौकी, नागरिक क्षेत्रों और एक अस्पताल को निशाना बनाया था। उधर, कंबोडिया ने थाई हमले को बेरहम करार देते हुए कहा है कि उन्होंने यह कदम आत्मरक्षा में उठाया। कंबोडियाई अधिकारियों ने थाई सैनिकों पर अकारण घुसपैठ का आरोप लगाया है। सुरिन प्रांत सहित सीमा से सटे कई इलाकों में लोग बंकरों और अस्थायी शरण स्थलों में शरण लिए हुए हैं। गोलियों और धमाकों की आवाजें लगातार सुनाई दे रही हैं। थाई मीडिया ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया है, कि गोलियों और धमाकों की गिनती नहीं हो रही है, हर कोई डर के साये में जी रहा है। थाई विदेश मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि अगर कंबोडिया हमले जारी रखता है तो वे आत्मरक्षा में और कड़े कदम उठाएंगे। दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं और आशंका है कि हालात और गंभीर हो सकते हैं, अगर शीघ्र ही राजनयिक समाधान नहीं निकाला गया।

### क्यों बिगड़े हालात?

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 817 किलोमीटर लंबी सीमा पर कई ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक विवाद लंबे समय से चले आ रहे हैं। 2011 में भी दोनों देशों के बीच एक हफ्ते तक गोलीबारी हुई थी। ताजा तनाव मई में एक कंबोडियाई सैनिक की हत्या से शुरू हुआ था। इसके बाद कूटनीतिक संबंधों में खटास आई और दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को निष्कासित कर दिया।गुरुवार को संघर्ष की शुरुआत ता मोआन थोम मंदिर के पास हुई, जो एक विवादित स्थल माना जाता है। यहां दो थाई सैनिक घायल हुए हैं।

### यूक्रेन में मिराज 2000 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

कीव,(ईएमएस)। कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने पुष्टि की कि यूक्रेन ने फ्रांस द्वारा आपूर्ति किया गया एक मिराज 2000 लड़ाकू विमान खो दिया है। जेलेंस्की ने बेहद प्रभावी विमान बताया। दुर्घटना एक उड़ान मिशन के दौरान हुई और इसका कारण रूसी हमला नहीं था। पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकलने में सफल रहा, और जमीन पर कोई हताहत नहीं हुआ। यह पहली बार है कि यूक्रेन को फ्रांस से मिले मिराज विमान से जुड़ा कोई हादसा हुआ है। फरवरी में यूक्रेन को फ्रांस से मिराज 2000 लड़ाकू विमानों का पहला जत्था मिला था। इन विमानों को यूक्रेनी पायलट उड़ा रहे थे, जिन्हें फ्रांस में कई महीनों तक प्रशिक्षण दिया गया था। 6 जून, 2024 को, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की थी कि फ्रांस यूक्रेन को मिराज 2000-5 लड़ाकू विमान प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि फ्रांस 4,500 सैनिकों की एक पूरी यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करेगा।

# इजरायल का ऐलान, खुफिया सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा और इस्लाम का अध्ययन अनिवार्य

तेलअवीव,(ईएमएस)। इज़रायली रक्षा बल (आईडीएफ) के खुफिया निदेशालय ने अपनी खुफिया विफलताओं के बाद एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सभी खुफिया सैनिकों और अधिकारियों के लिए अरबी भाषा और इस्लाम का अध्ययन अनिवार्य किया है। अक्टूबर 2023 के आसपास हुई खुफिया विफलताओं के बाद आईडीएफ को यह महसूस हुआ कि अरबी भाषा और इस्लामी संस्कृति की समझ की कमी एक बड़ी समस्या है। दीर्घकालिक लक्ष्य यह है कि भविष्य के कमांडर अरबी में धाराप्रवाह हों और इस्लामी संस्कृति से अच्छी तरह वाकिफ हों, जिससे उनकी विश्लेषणात्मक क्षमताएं मजबूत हो सकें। हाल ही में हूती विद्रोहियों के संचार को समझने में आने वाली कठिनाइयों ने इस आवश्यकता को और बढ़ा दिया है। हूतियों द्वारा





क़त (एक हल्का नशीला पौधा) के सेवन से उनकी बोली में आने वाली अस्पष्टता भी एक चुनौती है। अमन (इजरायल के सैन्य खुफिया निदेशालय को हिब्रू में अमन कहा जाता है) के नए निर्देश के तहत, सभी खुफिया कर्मियों को, जिनमें तकनीकी भूमिकाओं में कार्यरत लोग भी शामिल हैं, अरबी या इस्लामी अध्ययन दोनों का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा।दीर्घकालिक लक्ष्यः अगले साल के अंत तक अमन के 100 प्रतिशत कर्मियों को इस्लामी अध्ययन का प्रशिक्षण मिलेगा। 50 प्रतिशत कर्मियों को अरबी भाषा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर ब्रिगेड और डिवीजन स्तर का खुफिया अधिकारी अरबी में पारंगत होगा और इस्लाम का गहन ज्ञान प्राप्त करेगा। अरबी और इस्लाम की शिक्षा के लिए एक नया विभाग स्थापित करने की योजना है, जिसमें हूती और इराकी बोलियों में विशेष प्रशिक्षण शामिल होगा। इतना ही नहीं आईडीएफ टेलीम को भी फिर से खोलेगा, जो पहले इजरायली मिडिल और हाई स्कूलों में अरबी और मध्य पूर्वी अध्ययन को बढ़ावा देता था। बजट कटौती के कारण छह साल पहले बंद कर दिया गया था। हूती और इराकी अरबी बोलियों पर केंद्रित नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं और प्रामाणिक प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित समुदायों से प्रशिक्षकों की भर्ती की गई है। यह कदम इजरायली खुफिया शिक्षा में एक मौलिक सांस्कृतिक बदलाव को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य अपने खुफिया कर्मियों की क्षेत्रीय समझ और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को बढ़ाना है।

# चोटिल पंत का जुझारू प्रदर्शन, डकेट और क्राउली बने मुसीबत, इंग्लैंड का स्कोर 220 रन के पार



मैनचेस्टर। इंग्लैंड ने गुरुवार का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय ओली पोप 20 और जो रूट 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। फिलहाल इंग्लैंड की टीम भारत से 133 रन पीछे है। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले का आज दूसरा दिन था। इंग्लैंड ने गुरुवार का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय ओली पोप 20 और जो रूट 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। फिलहाल इंग्लैंड की टीम भारत से 133 रन पीछे है। इससे पहले भारत की पारी 358 रन पर सिमटी थी।

जैक क्राउली और बेन डकेट ने इंग्लैंड को पहली पारी में शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी हुई, जिसे रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। उन्होंने क्राउली को अपना शिकार बनाया। वह 113 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अपने टेस्ट करियर का पहला मुकाबला खेल रहे बेन डकेट ने अंशुल कंबोज को पवेलियन की राह दिखाई। डकेट 13 चौके की मदद से 94 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, वह छह रन से अपना शतक पूरा करने से चूक गए। दिन का खेल समाप्त होने तक ओली पोप 42 गेंदों में 20 और जो रूट 27 गेंदों में 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। भारत के लिए अंशुल कंबोज और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट चटकाए हैं।

दिन का खेल 264/4 के स्कोर से शुरू हुआ था। उस वक्त रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर 19-19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। पहले सत्र में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर ने घातक गेंदबाजी करते हुए जडेजा को आउट कर दिया। वह 20 रन बना पाए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने शार्दुल के साथ मोर्चा संभाला। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी हुई। शार्दुल को बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। वह 88 गेंदों में 41 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

शार्दुल के बाद बल्लेबाजी के लिए चोटिल ऋषभ पंत आए। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले के शुरुआती दिन पंत चोटिल हो गए थे। उस वक्त वह 37 के स्कोर पर थे और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर जाना पड़ा। हालांकि, दूसरे दिन पंत की एक बार फिर मैदान पर वापसी हुई और उन्होंने 71 गेंदो में अपने टेस्ट करियर का 18वां पचासा पूरा किया।

दर्द से कराहने के बावजूद पंत 75 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 54 रनों की शानदार पारी खेलने में कामयाब हुए। इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में अंशुल कंबोज खाता भी नहीं खोल पाए जबकि बुमराह चार रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज पांच रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले यशस्वी जायसवाल ने 58, केएल राहुल ने 46, साई सुदर्शन ने 61 और शुभमन गिल ने 12 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने पांच, जोफ्रा आर्चर ने तीन और क्रिस वोक्स व लियाम डॉसन को एक-एक विकेट मिला।



जर्मनी में केट ओकोनूर महिलाओं की हेप्टाएथलॉन में भाग लेती हुई।

## डब्ल्यूसीएल 2025 अंकतालिका
# दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस शीर्ष, इंडिया चैम्पियंस अंतिम स्थान पर



लंदन (ईएमएस)। इस बार दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस टीम यहां जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 2025 अंकतालिका में नंबर एक स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक के अपने दोनो ही मैच जीते हैं। वहीं गत विजेता इंडिया चैम्पियंस टीम इस बार अंतिम स्थान पर है। इसके अलावा क्रिस लिन की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया चैम्पियंस ने अपने पहले ही मैच में वेस्टइंडीज चैम्पियंस से मिले 143 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर शीर्ष-2 में स्थान बनाया है। दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस टीम ने अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज चैम्पियंस को जबकि दूसरे मैच में इंडिया चैम्पियंस को हराया। ऑस्ट्रेलियाई चैम्पियंस टीम का बारिश के कारण इंग्लैंड चैम्पियंस के खिलाफ पहला मैच रद्द हो गया था। पाकिस्तान चैम्पियंस तीसरे स्थान पर हैं। इसका कारण है कि उसे इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में जीत मिली पर भारत के खिलाफ उनका दूसरा मैच रद्द होने की वजह से दोनों टीमों को 1-1 अंक मिला। इंडिया चैम्पियंस ने पहलगात आतंकी हमले के विरोध में पाक टीम से खेलने से इंकार कर दिया था। इंडिया चैम्पियंस अब 26 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया चैम्पियंस से खेलेगी।

### डब्ल्यूसीएल अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | नो रिजल्ट | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +2.813 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | +7.949 |
| पाकिस्तान | 2 | 1 | 0 | 1 | 3 | +0.250 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -1.760 |
| इंग्लैंड | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -0.561 |
| इंडिया | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -4.345 |

# ऋषभ के सीरीज से बाहर होने से ईशान को मिल सकता है अवसर

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अंगूठे में चोट के कारण अगले छह सप्ताह के लिए खेल से बाहर हो गये हैं। ऐसे में अब उनकी जगह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ध्रुव जुरेल विकेट कीपर के तौर पर रहेंगे पर भारतीय टीम को एक और विकेटकीपर की जरुरत भी पड़ेगी। ऐसे में पिछले दो साल से टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को टीम मेंअवसर मिल सकता सकता है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार पांचवें टेस्ट के लिए ईशान को अवसर मिल सकता है क्योंकि पंत इस सीरीज से बाहर हो गये हैं। ईशान ने आखिरी टेस्ट जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह लगातार टीम से बाहर चल रहे हैं। ईशान को 2023 में घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण बीसीसीआई ने राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया था। इस साल हालांकि उन्हें ग्रेड सी अनुबंध दिया गया है जिससे माना जा रहा है कि उनकी टीम में वापसी हो सकती है।

# एसीसी बैठक में वर्चुअल तौर पर शामिल होगा बीसीसीआई

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपने पहले वाले फैसले से पलटते हुए एशियाई क्रिकेट परिषद (एससी) की बैठक में भाग लेने के लिए तैयार हो गया है। बीसीसीआई ढाका में होने वाली बैठक में वर्चुअल तौर पर शामिल होगा। इससे पहले बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खराब हालातों को देखते हुए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का बहिष्कार करने की बात कही थ पर अब वह इसमें वर्चुअल रूप से भाग लेने तैयार हो गया है। इससे एशिया कप के आयोजन को लेकर संशय कम होने की उम्मीद है। एशिया कप के आयोजन स्थल को लेकर गतिरोध का मामला भी इस बैठक में उठेगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई, अबुधाबी और शारजाह में मैदान होने के कारण यह एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है। मेजबानी की दौड़ में श्रीलंका है भी शामिल हैं क्योंकि भारत ने बांग्लादेश के दौरे के लिए पहले ही मना कर दिया था।

एसीसी के एक अधिकारी ने कहा, ''बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला वर्चुअल रूप से करेंगे जो एसीसी बोर्ड के नामित सदस्य हैं। एशिया कप के आयोजन स्थल पर अंतिम निर्णय लिया जाना है, इसलिए भी बोर्ड ने वर्चुअल रूप से बैठक में भाग लेने का फैसला किया है।'' बीसीसीआई ने इससे पहले खराब राजनीतिक हालातों को देखते हुए अगस्त में अपने बांग्लादेश दौरे को स्थगित कर दिया था।



# वैभव इंग्लैंड दौरे के अंतिम टेस्ट में विफल रहे

लंदन (ईएमएस)। भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से खेल रहे 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के लिए इंग्लैंड दौरे का दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच अच्छा नहीं रहा। इसमें वैभव पहली ही गेंद पर आउट हो गये। एकदिवसीय सीरीज में जमकर छक्के लगाने वाले वैभव टेस्ट मैच में विफल रहे। वह 4 पारियों में केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये। वैभव के लिए अंतिम पारी अच्छी नहीं रही और वह उसमें खाता भी नहीं खोल पाये। वहीं इससे पहले वैभव ने एकदिवसीय सीरीज में 29 छक्के लगाये थे।

सीरीज के इस दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड अंडर-19 ने भारतीय टीम को जीत के लिए 355 रन का लक्ष्य दिया। इसका पीछा करते हुए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे से दूसरी पारी में अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी पर वैभव विफल रहे और पारी की पहली गेंद पर ही पवेलियन लौट गए। वैभव ने तेज गेंदबाज एलेक्स ग्रीन की पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया पर गेंद बल्ले का किनारा लेकर विकेटों में लग गयी। वैभव पहली बार अपने करियर में पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। पहली पारी में भी वह 14 गेंदों पर 20 रन बना पाये थे। वैभव ने एक अर्धशतक सहित दो मैचों की टेस्ट सीरीज की 4 पारियों में 90 रन बनाए हैं। उनका औसत 22.50 का रहा है। वहीं वैभव एकदिवसीय सीरीज में काफी सफल रहे थे और उन्होंने 355 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने शतक भी बनाया था। पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज में वैभव का बल्लेबाजी औसत रहा है।

# फातिमा सना की कप्तानी में आयरलैंड दौरे पर जाएगी पाकिस्तान टीम

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले माह छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के लिए अपनी अपनी 15 सदस्यीय महिला क्रिकेट टीम घोषित कर दी है। इस दौरे में तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। इसमें फातिमा सना पाक टीम की कप्तानी करेंगी। टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को भी शामिल किया गया है। इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन में क्रिकेट खेले जाएंगे। फातिमा को राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आठ मैचों में 155.14 के स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए हैं। टीम सीरीज के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले एक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

पाक टी20 टीम : फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एमान फातिमा, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, तुबा हसन और वहीदा अख्तर।

# विश्वकप के लिए नये सिरे से तैयारी करनी होगी : हरमनप्रीत



लंदन (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने कहा है कि अब उनकी टीम स्वदेश लौटने के बाद एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियां करेगी। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत से उत्साहित हरमनप्रीत ने कहा कि इससे टीम का मनोबल बढ़ा है पर हमें यहीं नहीं रुकना है क्योंकि हर बार के हालात अलग होते हैं। इसलिए विश्वकप की शुरुआत नये सिरे से करनी होगी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में एकदिवसीय के अलावा टी20 प्रारुप भी जीता है। वहीं अब भारतीय टीम 14 सितंबर से घरेलू मैदान पर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करेगी। इसके बाद 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में महिला एकदिवसीय विश्व कप खेला जाएगा। जिसमें उसका लक्ष्य जीत हासिल करना रहेगा।

हरमनप्रीत ने कहा, ''हर मैच और हर परिस्थिति अलग होती है। यहां परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं, पिच भी अलग थी, माहौल भी अलग था। वहीं विश्वकप के दौरान घरेलू मैदान पर हालात अलग होंगे।'' उन्होंने कहा, ''जब भी आपको जीत मिलती है तो आपकी मानसिकता सकारात्मक हो जाती है। इस तरह की चीज आपको अच्छी स्थिति में रखती हैं।''

हरमनप्रीत ने कहा, ''पर जब भी आप अगला मैच खेल रहे हों, तो आपको हमेशा पहली गेंद से ही शुरुआत करनी होती है और मुझे लगता है कि इस सीरीरज से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ेगा लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हम आत्ममुग्ध हो जायें। जब हम स्वदेश लौटेंगे तो हमें फिर से नई शुरुआत करनी होगी।' भारतीय कप्तान ने इंग्लैंड दौरे में सफलता का श्रेय टीम वर्क को दिया। उन्होंने कहा कि हमारी टीम पिछले कई वर्षों से कड़ी मेहनत कर रही थी जिसका परिणाम अब मिल रहा है।



स्विटजरलैंड में जर्मनी की सोफिया कलीनहर्न सहित अन्य खिलाड़ी स्पेन के खिलाफ महिला यूरो कप फुटबॉल में खेलती हुई।

# आयुष ने नया रिकार्ड बनाया, मैकुलम को स्ट्राइक रेट मामले में पीछे



चेम्सफोर्ड (ईएमएस)। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने इंग्लैंड-अंडर 19 टीम के खिलाफ अंतिम यूथ टेस्ट मैच में सबसे अधिक स्ट्राइक रेट का एक नया रिकार्ड बनाया है। आयुष ने सीरीज के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 64 गेंदों पर ही अपने सौ रन पूरे कर लिए। ये इस सीरीज में आयुष का इस यह दूसरा शतक है। इससे पहले आयुष ने पिछले सप्ताह बेकेनहैम के केंट काउंटी क्रिकेट मैदान में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 102 रन बनाए थे। आयुष ने दूसरी पारी में 80 गेंदों पर ही 13 चौकों और छह छक्कों की मदद से 126 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 157.50 रहा। वहीं पहली पारी में उन्होंने 90 गेंदों पर 88.89 के स्ट्राइक रेट से 80 रन बनाये थे। इस बल्लेबाज ने इस प्रकार दोनो ही पारियों को मिला दिया जाये तो 170 गेंदों पर 206 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 121.17 रहा। इस प्रकार आयुष ने न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम के 24 साल पुराने बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया.

गौरतब है कि मैकुलम ने साल 2001 में लिंकन में खेले गए न्यूजीलैंड-दक्षिण अफ्रीका युवा टेस्ट मैच के दौरान 108.41 के स्ट्राइक रेट से 200 से अधिक रन बनाए थे। वहीं आयुष स्ट्राइक रेट के मामले में मैकुलम के रिकॉर्ड से कहीं आगे हैं।वहीं 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी दूसरे युवा टेस्ट की दूसरी पारी में शून्य पर ही आउट हो गये।

# एशिया कप सात सितंबर से दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा !

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में शामिल होने के लिए तैयार होने से अब एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की राह साफ हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये टूर्नामेंट 7 सितंबर से शुरु होने की संभावना है। टी20 प्रारुप में होने वाला ये टूर्नामेंट दो शहरों में खेला जा सकता है। इसका आयोजन दुबई और अबू धाबी में किये जाने की संभावना है। टूर्नामेंट की रूप रेखा तय की जा रही है पर ये साफ हो गया है कि है इस बार 8 टीमों के साथ ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें सदस्य देशों के साथ ही एसीसी प्रीमियर कप के 3 विजेता भी रहेंगे।

पूर्ण सदस्य देशों की बात करें तो इसमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी शामिल है जबकि एसीसी प्रीमियर कप के 3 विजेता यूएई, ओमान और हॉन्ग कॉन्ग थे। इस तरह कुल 8 टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार 7 सितंबर से 21 सितंबर तक एशिया कप 2025 खेला जा सकता है। टी20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में होगा। पिछली बार एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन बड़े प्रारुप में हुआ था। हाइब्रिड मॉडल के तहत तब पाकिस्तान और श्रीलंका में मैच आयोजित किए गए थे।

# शुभमन के बयान की हंसी उड़ाने वाले हुसैन को कार्तिक ने करारा जवाब दिया



मैनचेस्टर (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल के उस बयान का माजक उड़ाया है जिसमें शुभमन ने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजों जैक क्रॉली और बेन डकेट के जानबूझकर समय बर्बाद करने की आलोचना की थी। इस मामले को लेकर शुभमन की इन मेजबान खिलाड़ियों से बहस भी हुई थी। हुसैन ने कहा कि इस मामले पर गिल के बयान को हास्यास्पद बताया है। जिसपर भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने हुसैन को करार जवाब दिया। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन हुसैन और कार्तिक लॉर्ड्स की घटना पर बात कर रहे थे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'मुझे लगता है कि अंतिम ओवर में अंपायर रोशनी को लेकर चिंता में थे। शुभमन की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर मुझे हंसी आ रही है। ये सही है कि इंग्लैंड ने देरी करके खेल भावना नहीं दिखायी वह भी एक ओवर के लिए पर हर टीम ये करती है और भारतीय टीम भी यही करेगी। इस पर कार्तिक ने हुसैन को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'अंतर है, मुझे नहीं लगता कि भारतीय टीम 90 सेकंड की देरी करेगी और बल्लेबाजी नहीं करना चाहेगी। मुझे लगता कि शुभमन गिल को इसीलिए समस्या दिखी और उन्होंने अपनी बात कही। यह तथ्य है कि वे स्ट्राइक लेने के लिए देरी से आए और गिल को इससे समस्या है।'



जर्मनी में एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी गेम्स में केन्या के धावक ब्रायन मुआनगे फिनिश लाइन पार करते हुए।

# सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के स्थापना दिवस पर आशालता स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन








बोकारो । स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (SAIL) के प्रमुख तकनीकी सलाहकार संस्थान सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CET) के बोकारो यूनिट के द्वारा अपने स्थापना दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित आशालता के स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CET) के रांची स्थित मुख्यालय के अधिशासी निदेशक श्री एस के वर्मा के दिशानिर्देश तथा बोकारो कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक श्री श्यामा प्रसाद दास की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित आशालता के स्कूल में बच्चों के बीच उपहार वितरण किया गया. कार्यक्रम में आशालता स्कूल के बच्चों के द्वारा .मुख्य महाप्रबंधक श्री श्यामा प्रसाद दास को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी. मुख्य महाप्रबंधक श्री श्यामा प्रसाद दास ने अपना उदगार व्यक्त करते हुए कहाकि हमें यह अवसर प्रदान करने के लिए हम आशालता के पूरी टीम के साथ निदेशक श्री भवानी शंकर जायसवाल का आभार प्रकट करते हैं.

## झामुमो नेत्री, डॉ. नीलम मिश्रा के बयान पर भाजपा ने किया पलट वार

धनबाद, झामुमो नेत्री, डॉ. नीलम मिश्रा के द्वारा धनबाद के लोकप्रिय जनप्रिय विधायक राज सिन्हा के खिलाफ अनर्गल ब्यानबाजी से धनबाद भाजपा एवं जिला प्रशासन के द्वारा सताये गये फुटपाथ दुकानदार भाईयों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है । भाजपा धनबाद जिला ने इसे गंभीरता से लिया है । जिला मंत्री रीता यादव, नरेन्द्र त्रिवेदी, अभिमन्यु कुमार एवं जिला मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने इसकी कड़ी निंदा की हैं।जिला मंत्री रीता यादव ने कहा कि लाख खड्यंत्र रचने के बाद भी जब नीलम मिश्रा को कोई पूछ नहीं रहा तब ,हताश और निराश होकर नीलम मिश्रा के द्वारा सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए धनबाद के लोकप्रिय, जनप्रिय धनबाद के आम जनमानस के हर सुख दुख में शामिल रहने वाले विधायक राज सिन्हा के खिलाफ उल- जुलूल बयान बाजी कर रही है।उन्होंने कहा की नीलम मिश्रा अपनी उपलब्धि बताएं? और निश्चित रूप से वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ लें। उन्हें अपनी औकात पता चल जाएगी।परंतु हर मोर्चे पर विफल राज्य की झामुमो- कांग्रेस की सरकार राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं करा कर खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है। नीलम मिश्रा जैसे हवा हवाई नेत्री को जनता का मर्म क्या समझ में आएगा। अभिमन्यु कुमार ने कहा कि नीलम मिश्रा द्वारा विधायक राज सिन्हा के ऊपर की गई टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण ,भ्रामक और राजनीतिक स्टंट के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास मात्र है । हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि देश की राष्ट्रपति हमारा गौरव है।उनके सम्मान और स्वागत को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी और स्वयं विधायक राज सिन्हा पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ तत्पर हैं।मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल एवं निर्मल प्रधान ने कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि झामुमो जैसे दल जो वर्षों से झारखंड में सत्ता में रहे ,आदिवासी समाज के नाम पर केवल और केवल भावनात्मक राजनीति करते रहे .और वास्तविक विकास की दिशा में कुछ नहीं किया।आज जब राष्ट्रपति का दौरा हो रहा है तब झामुमो राजनीतिक रंग देने का कुत्सित प्रयास कर रही है।पंकज सिन्हा ने कहा कि धनबाद से एम्स या एयरपोर्ट से संबंधित विषय केंद्र सरकार की ओर से नहीं,बल्कि राज्य की हेमंत सरकार की असंवेदनशीलता और भूमि उपलब्ध न कराए जाने की वजह से रुकी हैं। इस पर झामुमो मौन क्यों है ? उन्होंने कहा की भाजपा विकास की राजनीति करती है,दिखावे की नहीं।राज्य में आदिवासी क्षेत्र की बदहाली पर भी हेमंत सरकार कुछ तो कार्य कर दिखाएं।

## उपायुक्त ने उर्दू मध्य विद्यालय मिर्ज़ागालिब और प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया दिए जरूरी दिशा-निर्देश

### बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएं। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाये रखें



गिरिडीह जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज उर्दू मध्य विद्यालय मिर्ज़ागालिब और प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा, नामांकन, पोषाहार, साफ-सफाई और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाये रखें। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में छात्राओं की संख्या, पानी, बिजली, सीसीटीवी कैमरे, छात्रावास, शिक्षकों की संख्या आदि की जानकारी ली। उपायुक्त ने विद्यालय के भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा का भी निरीक्षण किया। उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने समेत अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से बात की और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उनके पढ़ने की गुणवत्ता की जांच की। विद्यालय के कार्यालय मे उपस्थिति पंजी सामग्री पंजी, शिक्षक डीटीपी इत्यादि की जांच की। साथ ही उन्होंने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षा, स्मार्ट क्लास, साइंस लैब, पुस्तकालय और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करे। छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पठन-पाठन की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न, दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश

**बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया**



गिरिडीह, आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के उचित अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्देश, जिससे कि औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेशिय वायु का नियमित आकलन किया जा सकें और आमजनों को भी वायु प्रदूषण की स्थिति की जानकारी प्राप्त हो। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी औद्योगिक संस्थानों को ESP मशीन इंस्टॉल करने का सख्त निर्देश दिया तथा जिन औद्योगिक संस्थानों में ESP मशीन इंस्टॉल है, उसकी तकनीकी कमियों को दूर करें। ESP मशीन इंस्टॉल होने से विभिन्न कंपनियों से निकलने वाले लाल और कला धुंआ पर रोक लगेगा। इसके अलावा बैठक में उसरी नदी के संरक्षण तथा पर्यावरण समिति के उद्देश्य व कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने उसरी नदी के सफाई और संरक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उपलब्ध कराए गए सीएसआर फंड के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उसरी नदी के सफाई एवं संरक्षण/सौंदर्यीकरण को आवश्यक निर्देश दिया गया तथा पौधारोपण के तहत दिए गए लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से सीसीएल परियोजना के आस-पास के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। साथ ही औधोगिक परिसर में मानक क्षेत्र में पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया। जिले में हो रही अवैध बालू खनन, डंपिंग एवम स्टोन माइंस एवम क्रशर के संचालन की गहनता से जांच कर उचित कारवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को जिला अंतर्गत सभी कारखानों में ESP (इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर) मशीन इंस्टॉल करने के संबंध में उचित निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शहर के गंदे नालों की उचित साफ सफाई, तथा गंदे नालों की पानी को फिल्टर करने के उपरांत ही नदी में प्रवाहित करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-समय पर जिला अंतर्गत संचालित कारखानों से निकलने वाले धुवां, अपशिष्ठों का निष्पादन, दूषित जल का बहाव, प्रदूषण नियंत्रण के मानक आदि सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अस्पतालों, रेस्तरां/होटल में प्रदूषण नियंत्रण के तय मानकों संबंधी अनुमति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही इंडस्ट्रीज को वाटर हार्वेस्टिंग और ट्रीटमेंट प्लांट को सुचारू रूप से सक्रिय करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा औद्योगिक प्रतिष्ठानों के द्वारा उत्सर्जित कचड़ों के निस्तारण के संबंध में उपायुक्त ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान यह सुनिश्चित करें कि कचड़ा जहां-तहां डंप न हो। औद्योगिक प्रतिष्ठान इंडस्ट्रीज से निकलने वाले कचड़ों को सही स्थान पर डंप करें, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को समस्या न हो। साथ ही औद्योगिक प्रतिष्ठानो से उत्सर्जित वेस्टेज का निस्तारण करें। साथ ही एयर क्वॉलिटी इंडेक्स संबधी डिस्प्ले स्क्रीन लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शहर में संचालित नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचड़ों के निस्तारण के संबंध में कहा गया कि सभी सरकारी अस्पतालों को C.T.O लेना जरूरी है। साथ ही नर्सिंग होम से उत्सर्जित कचड़ों का निस्तारण तय समय पर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, नगर निगम, जिला खनन पदाधिकारी, फैक्टरी इंस्पेक्टर, महाप्रबंधक, सीसीएल, क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण, कारखाना निरीक्षक, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग आदि समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सिकंदराबाद-दरभंगा-सिकंदराबाद एवं हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस ट्रेनों में

## एक शयनयान श्रेणी के स्थान पर एक तृतीय वातानुकूलित शयनयान श्रेणी का कोच के साथ चलाया जायेगा

धनबाद, यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु दिनांक 27.09.25 से सिकंदराबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 17007 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस एवं दिनांक 30.09.25 से दरभंगा से खुलने वाली गाड़ी सं. 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन तथा दिनांक 02.10.25 से हैदराबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस एवं दिनांक 05.10.25 से रक्सौल से खुलने वाली गाड़ी सं. 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन को 06 तृतीय वातानुकूलित शयनयान श्रेणी कोचों के स्थान पर 07 तृतीय वातानुकूलित शयनयान श्रेणी कोचों के साथ चलाया जाएगा जिसके परिणामस्वरूप द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 कोच, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 07 कोच, शयनयान श्रेणी के 07 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे1 उक्त जानकारी कोयलांचल संवाद के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को मोहम्मद इकबाल, वरीय मंडल वाणिज्यप्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी 1

उप विकास आयुक्त ने देवरी प्रखंड सभागार में मनरेगा

# अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा, दिए गए सख्त निर्देश

**सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिससे कि स्थानीय ग्रामीणों को उसका उचित लाभ मिल सके**



गिरिडीह, उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने देवरी प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के साथ मनरेगा, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में कार्यों में कोताही बरतने वाले कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें और लोगों को इसका लाभ दें।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने बारी-बारी से सभी महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की तथा मनरेगा के सभी आयामों में प्रगति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें, ताकि सुनियोजित ढंग से योजनाओं को पूरा किया जाए और लोगों को उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, देवरी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम हेतु समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न



गिरिडीह । आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव मादक पदार्थों की तस्करी एवं खेती की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने नशा मुक्ति अभियान को लेकर किए गए जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि नशा मुक्ति को लेकर कार्यशाला और नुक्कड़ नाटक संबंधी अन्य जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके अलावा मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नशीली दवाओं की लत, मादक पदार्थों वाले क्षेत्रों, नशीली दवाओं के उपयोग के प्रमुख क्षेत्रों तथा नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के लिए संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग व मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि नशा वाली दवाइयों का प्रॉपर तरीके से रिपोर्ट रखें। दवा देते समय चिकित्सक की पर्ची का अनिवार्य रूप से जांच करें। इसके साथ ही झोला छाप चिकित्सकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। मौके पर पुलिस अधीक्षक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, ड्रग इंस्पेक्टर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## भाजपा का सिंबल छोड़ दे तो राज सिन्हा नहीं जीत सकते अपने वार्ड का चुनाव : डॉ. नीलम मिश्रा

धनबाद , झामुमो केंद्रीय सदस्य सह केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट डॉ० नीलम मिश्रा ने धनबाद विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि, राष्ट्रपति का धनबाद में आगमन होने जा रहा है,इसे राज्य सरकार ऐतिहासिक और भव्य बनाना चाहती है और यह सरकारी प्रोटोकॉल भी है कि जिले का उच्च स्तरीय निरीक्षण, साज सजावट एवं अतिक्रमण मुक्त यातायात किया जाए, तो इसमें धनबाद विधायक इतने बिलबिला क्यों रहे हैं 1 क्या उन्हें राष्ट्रपति का आगमन बर्दाश्त नहीं है क्या? या फिर राष्ट्रपति एक आदिवासी महिला है, इसलिए उनका भव्य स्वागत उन्हें बर्दाश्त नहीं है क्या? यदि धनबाद की जनता के प्रति उतनी संवेदना थी तो उनके विधायक रहते धनबाद से एम्स जैसी संस्था, एयरपोर्ट जैसा मूलभूत सुविधा धनबाद से कैसे छीन गया 1 इसका जवाब क्यों नहीं देते धनबाद विधायक। आगे उन्होंने कहा की विधायक जी सस्ती लोकप्रियता लेना बंद करें 1 यह धनबाद की जनता है, सब जानती है, अब लोग भाजपाइयों के झांसे में नहीं आने वाली। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से डॉ० नीलम मिश्रा, झामुमो केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पैनलिस्ट ने दी 1

# रिफ्रैक्टरी विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन





बोकारो । भारी बारिश के मौसम में होने वाले सड़क दुर्घटनाओ के संभावना के मद्धेनजर रिफ्रैक्टरी विभाग के तत्वावधान में एक संगठित एवं सुव्यवस्थित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. इस अभियान का नेतृत्व श्री नागराजन श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) द्वारा किया गया.

कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देशों जैसे कि सुरक्षित वाहन चालन, नियंत्रित गति बनाए रखना, दो पहिया वाहनों पर क्रैश हेलमेट का अनिवार्य उपयोग तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट धारण करना जैसे निर्देश को प्लेकार्ड्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया. इसके अतिरिक्त, साइकिल चालकों को अपने साइकिल पर लगाने के लिए परावर्तक टेप वितरित किए गए तथा उन्हें यह निर्देश भी प्रदान किए गए कि साइकिल चलाते समय मोबाइल फ़ोन का प्रयोग न करें तथा दोनों हाथों से हैंडल को पकड़ना आवश्यक है, जिससे साइकिल नियंत्रण में रहे और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो.

इस अवसर पर श्री मुकेश मिश्रा, महाप्रबंधक (आरईडी), संदीप लाल, महाप्रबंधक (आरईडी), राहुल गुप्ता, महाप्रबंधक (आरईडी), सुशील कोहडे, महाप्रबंधक (आरपीसी), श्री आनंद, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी), श्री इंद्रनील, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी), श्री फ़ज़ल, सहायक महाप्रबंधक (आरपीसी) एवं सुरक्षा विभाग से श्री अमित बडोले उपस्थित थे. इस प्रकार के प्रयास न केवल कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता उत्पन्न करते हैं, अपितु संयंत्र के बाहर भी एक उत्तरदायी नागरिक चेतना को प्रोत्साहित करते हैं. रिफ्रैक्टरी विभाग का यह प्रशंसनीय प्रयास निःसंदेह अनुकरणीय है.

# जोड़ा फाटक रोड स्थित, पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में दोनों घुटनों का हुआ सफल प्रत्यारोपण





### सम्पूर्ण कोयलांचल के लिए सबसे बड़ी चिकित्सीय उपलब्धि

धनबाद, जोड़ा फाटक रोड स्थित, पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में वरिष्ठ हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ० निखिल ड्रोलिया एवं उनकी टीम द्वारा 61 वर्षीय ज्योति सिन्हा, जो धनबाद के विधायक राज सिन्हा की भाभी हैं, के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया। मरीज पिछले 4 वर्षों से घुटनों के असहनीय दर्द से पीड़ित थीं । अब ऑपरेशन के बाद वें आराम से चल रही है। इसी संदर्भ में गुरुवार को अस्पताल परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर डॉ०. निखिल ड्रोलिया ने बताया यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हॉस्पिटल की पूरी टीम के सामूहिक प्रयास से ऑपरेशन पूर्णतः सफल रहा।उन्होंने कहा की आज हमें काफी गर्व है कि हमने अब तक एक सौ से ज्यादा घुटनो का सफल प्रत्यारोपण धनबाद में किए हैं। आगे उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बातचीत के क्रम में हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को बताया की अब छोटे शहरों में भी अब विश्वस्तरीय ऑर्थोपेडिक के अलावे अन्य सेवाएं भी यहाँ उपलब्ध हैं। पाटलीपुत्र हॉस्पिटल के सीएमओ, डॉ० निर्मल ड्रोलिया ने कहा यह हमारे हॉस्पिटल और धनबाद जैसे शहर के लिए गर्व की बात है कि घुटना प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी अब यहीं संभव है। अब मरीजों को इलाज के लिए रांची, कोलकाता, दिल्ली, मुंबई चेन्नई, आदि जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। हमारे पास आज अनुभवी डॉक्टर, अनुभवी विशेषज्ञ, आधुनिक टेक्नोलॉजी और समर्पित मेडिकल टीम चौबीस घंटे मरीजों की देखभाल के लिए लगे रहते है। इस दौरान अस्पताल के सेवा भावना से प्रेरित हो कर रोटरी क्लब ऑफ धनबाद साउथ की ओर से दो व्हील चेयर भी प्रदान किए गए । इस अवसर पर डॉ० निर्मल ड्रोलिया, डॉ० सतीश चंद्र, डॉ०. मुक्ति किशोर, डॉ०. अमित गुप्ता, डॉ०. विनोद प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार झा, जय प्रकाश अग्रवाल, भूपेंद्र शाह, संजय सरावगी, रवि चौरसिया आदि मौजूद थे।

## धनबाद मंडल में चलाया गया सघन टिकट चेकिंग अभियान





धनबाद, धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में धनबाद मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 958 यात्रियों को पकड़ा गया । जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे । इस दौरान उनसे 6,37,855 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई । धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा । टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई । धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है, उसी श्रेणी में यात्रा करे । उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार को मोहम्मद इकबाल, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी ।

## निरसा में ट्रॉमा सेंटर शुरू करने के लिए उपायुक्त ने की विस्तृत चर्चा

### स्वास्थ्य केंद्रों को इंटीग्रेटेड हेल्थ वेलनेस सेंटर में किया जाएगा विकसित



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने आज निरसा में ट्रॉमा सेंटर शुरू करने तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इंटीग्रेटेड हेल्थ वेलनेस सेंटर में विकसित करने के लिए बैठक की। निरसा में ट्रॉमा सेंटर शुरू करने के लिए उपायुक्त ने भवन, स्थान सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से सभी जानकारियां प्राप्त की। साथ ही जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को इंटीग्रेटेड हेल्थ वेलनेस सेंटर में विकसित करने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का आकलन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सदर अस्पताल के सोलर सिस्टम को अपग्रेड करने, शेड एवं पार्किंग स्थल का निर्माण, एक्स-रे मशीन का इंस्टॉलेशन, फेको तकनीक से मोतियाबिंद ऑपरेशन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की मासिक कार्यक्षमता का विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही महिला एवं पुरुष के लिए आयुष्मान किट, सहिया को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें पुरस्कृत करने, एएनएम एवं सहिया

### रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल और धनबाद राउंड टेबल 342 ने

# पुलिस केंद्र में ट्रैफिक पुलिस जवानों को वितरित किया 200 रेनकोट





धनबाद, रॉटरी क्लब धनबाद सेंट्रल व धनबाद राउंड टेबल 342 के सौजन्य से आज पुलिस केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी प्रभात कुमार उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान रॉटरी क्लब धनबाद सेंट्रल व धनबाद राउंड टेबल 342 के सौजन्य से ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच 200 रेनकोट का वितरण भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसएसपी महोदय ने कहा कि विषम परिस्थितियों के बीच भी ट्रैफिक के जवान अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं ऐसे में उनकी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने हेतु निरंतर प्रयास जारी है।

उन्होंने धनबाद में हो रहे सडक हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस हादसों को रोकने के लिए निरंतर हर संभव प्रयास कर रही है। जरूरी है कि इस अभियान में धनबाद की जनता भी अपना योगदान देते हुए अपनी जिम्मेवारी को समझे व ट्रैफिक नियमों का पालन करे ताकि किसी भी हादसे की आशंका को टाला जा सके। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार के साथ ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह, परिचारी प्रवर अवधेश कुमार, रॉटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के अध्यक्ष विनीत तुलसियान, धनबाद राउंड टेबल 342 के चेयरमैन सूरज सरिया समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## आवारा पशुओं के सड़कों पर विचरण की समस्या निवारण हेतु उपायुक्त ने गौशाला समिति के साथ की बैठक

### सड़कों पर जानबूझकर पशुओं को छोड़ने वालों को दिया जाएगा आर्थिक दण्ड



धनबाद, आवारा पशुओं के सड़कों पर विचरण की समस्या के निवारण के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता गौशाला समिति के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त ने शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आवारा पशुओं के विचरण से संबंधित जानकारी उपायुक्त को दी। इसके अलावा विभिन्न गौशाला से आए संचालकों ने भी अपने मंतव्य एवं समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी।

उपायुक्त ने कहा कि पशुओं के सड़कों में विचरण के कारण सड़क जाम के साथ-साथ प्रतिवर्ष कई सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिसमें हम कई बहुमूल्य जिन्दगियां खो देते हैं। मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन की भी हानि होती है। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में भेजने की कार्यवाही की जाएगी। साथ हीं ऐसे लोग का जो जानबूझकर पशुओं को छोड़ते हैं उन्हे आर्थिक दण्ड भी दिया जाएगा। इसके अलावा आवारा पशुओं को गौशाला में रखने हेतु शेड निर्माण से संबंधित दिशा निर्देश नगर आयुक्त को दिए।मौके पर नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त, प्रकाश कुमार के अलावा विभिन्न गौशाला के प्रतिनिधि मौजूद थे ।

# कनकनी कोलियरी के समर्सिबल स्विच का केबल चोरी







### जल संकट से जूझ रहे पांच हजार लोग

लोयाबाद। कनकनी कोलियरी अंतर्गत सेन्द्रा दो नंबर पीट स्थित समर्सिबल स्विच का केबल चोरों द्वारा काट लिए जाने के कारण इलाके में जल संकट गहराता जा रहा है। बुधवार रात हुई इस घटना के चलते सेन्द्रा, हनुमान बाजार, मुखर्जी धौड़ा, मदनाडीह सहित आसपास के इलाकों की लगभग पांच हजार की आबादी को पीट वाटर सप्लाई बाधित हो गई है।जानकारी के अनुसार, स्वीच रूम से समर्सिबल पंप तक करीब 12 फीट लंबा कॉपर केबल बिछा हुआ था। चोरों ने पांच फीट केबल काटकर ले लिया। इसकी कीमत अधिक नहीं है, लेकिन इस हरकत से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।घटना के समय मौके पर मौजूद कर्मी नंदलाल महतो और नंदा की ड्यूटी थी। बताया कि अपराधियों ने स्वीच रूम के नीचे बने नाले से घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।कोलियरी अभियंता गौरव कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि दो दिन पूर्व भी चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन उस वक्त चोर कुछ भी ले जाने में सफल नहीं हो पाए थे। अभियंता ने भरोसा दिलाया है कि आवश्यक मरम्मत कार्य के बाद जलापूर्ति कार्य गुरुवार तक सामान्य कर दी जाएगी। मामले की जानकारी संबंधित थाना को भी दी जा रही है।

# मिशन वात्सल योजना के अंतर्गत प्रायोजन और पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक सम्पन्न

### 76 आवेदनो को इस योजना के तहत लाभ प्रदान करने हेतु दिया गया अनुमोदन



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मिशन वात्सल योजना के अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक समाहरणालय में की गई। उपायुक्त ने कहा कि प्रयोजन, स्पोंसरशिप योजना का लक्ष्य प्रयोजन सहायता से बच्चों को उनके जैविक परिवार से अलग होने से रोकना है, इसका उद्देश्य ऐसे बच्चों को प्रायोजन के माध्यम से उनके जैविक परिवार में भेज कर पुनर्वासित करने में सहायता करना है । इस योजना के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जिनके परिवार की कुल वार्षिक आय 72000 से ज्यादा नहीं हो को लाभ दिया जाता है।इस योजना के तहत प्रत्येक माह 4000 की राशि अधिकतम 3 वर्ष तक देने का प्रावधान है। जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को समिति द्वारा जांच किया गया और सर्वसम्मति से 76 आवेदनो को इस योजना के तहत लाभ प्रदान करने हेतु अनुमोदन दिया गया।इस बैठक में सहायक निदेशक-सामाजिक सुरक्षा, सदस्य, बाल कल्याण समिति, संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखभाल ,परियोजना प्रबंधक, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्था, प्रभारी मिशनरीज ऑफ चैरिटी धनबाद आदि उपस्थित थे ।इस योजना के लिए निम्नलिखित मानदंड है।.एकल माता-पिता खासकर माता या विधवा के बच्चे, ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा रिश्तेदार की देखरेख में रहते हैं,ऐसा बच्चा जो संपूर्ण परिवार की देखरेख कर रहा है, माता-पिता द्वारा परित्यक्त ऐसे बच्चे, दादी-दादी या रिश्तेदार की देखरेख में रह रहे हैं।ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता कारागृह में है।ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता असहाय है या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है ।ऐसे बच्चे जिनका गैरकानूनी उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया है या किया जा रहा हैं । एचआईवी, एड्स प्रभावित बच्चें, भी शामिल हैं ।

## एकड़ा हारिज बस्ती में दो गुटों के बीच मारपीट, दो युवक गंभीर रूप से घायल



लोयाबाद। एकड़ा हारिज बस्ती में गुरुवार देर शाम दो गुटों के युवकों के बीच हुए जमकर मारपीट में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मारपीट में दोनों के सिर पर गहरी चोट आई है। घटना की वजह पुराना आपसी विवाद बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार घटना उस वक्त घटी जब एक पक्ष का युवक ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकला था। तभी पहले से घात लगाए बैठे करीब दर्जन भर युवकों ने उस पर अचानक हमला कर दिया।हमलावरों ने लात-घूंसे और पत्थरों का इस्तेमाल करते हुए ताबड़तोड़ मारपीट की, जिससे बिनोद दास के पुत्र विक्रम दास के सिर में गंभीर चोट आई। बीच-बचाव में आए कन्हाई दास को जबड़े में भी चोटें पहुंचीं। घटना के बाद घायल पक्ष ने लोयाबाद थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर कमेटी के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई





धनबाद, भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर कमेटी के जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की अतिआवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में हीरापुर होटल प्रियांशी के सभागार में आयोजित की गई । बैठक का संचालन जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने किया । आज के बैठक में मुख्य रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के "मन की बात " महानगर के अंतर्गत सभी सतरहों मंडलों के सभी बूथों एवं शक्ति केन्द्रों पर व्यापक रूप से श्रवण करने हेतु आपसी चर्चा कर विशेष रणनीति बनाई गई । साथ ही महानगर अंतर्गत सभी मंडलों में सक्रिय सदस्यता बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जो देश के आम जनों से मन की बात के माध्यम से सीधे जुड़ते हैं एवं आम लोगों से सुझाव आमंत्रित करते हैं । साथ ही उनके सुझावों पर सकारात्मक कार्य भी करते हैं । इस वजह से "मन की बात" का आगामी संस्करण और भी प्रभावी और जनहितकारी बन गया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हैं और नागरिकों से जुड़े विचारों को शामिल करते हैं ।महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने सभी जिला पदाधिकारीयों ,मोर्चे के अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को सभी बूथों एवं शक्ति केन्द्रो पर आगामी "मन की बात" के संस्करण को व्यापक रूप से श्रवण करने की तैयारी करने का निर्देश दिया । साथ ही पुरे झारखंड मे सदस्यता में धनबाद महानगर के अव्वल आने पे हर्ष व्यक्त किया एवं सभी मंडलों में सक्रिय सदस्यों की संख्या और बढ़ाने का आह्वान किया ।आज के बैठक में सभी जिला पदाधिकारियों को महानगर अंतर्गत तीनों विधानसभा क्षेत्रों में इन संगठनात्मक कार्यों को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह मन की बात के प्रभारी बीरेंद्र हाँसदा ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को मन की बात सामूहिक रूप सुनने के बाद उसे नमो ऐप एवं सरल एप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष, विष्णु त्रिपाठी, महेश पासवान, अजय निषाद, जिला मंत्री पंकज सिन्हा, अभिमन्यु कुमार, रीता यादव, नरेंद्र त्रिवेदी, सोशल मीडिया प्रभारी शिवान्स श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, मनोज सिंह, सुरजदेव मिश्रा, अजय कुमार दास, सूरज कुमार पासवान, तरुण राय, आनंद पांडेय, कार्तिक महतो, दीपक कुमार झा, राजू मालाकार सहित सभी पार्टी पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।